सूर्योदय 5:40 सूर्यास्त 7:15

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 30.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,599.91 |
| निफ्टी | 24,565.35 |
| सोना | 97,971 |
| चांदी | 1,09,819 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 3 अगस्त 2025 | 19 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 216, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



सहकारिता विभाग के डिजिटलीकरण से सुनिश्चित होगी पारदर्शिता: डिप्टी सीएम

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### बीबीएमबी का पौंग डैम से पानी छोड़ने का अलर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पौंग डैम से कभी भी पानी छोड़ा जा सकता है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड ने पानी छोड़ने का अलर्ट जारी किया है। बीबीएमबी ने डीसी कांगड़ा, डीसी होशियारपुर (पंजाब), एसडीएम मुकेरिया (पंजाब), एसडीएमदसयू पंजाब को सतर्क रहने और लोगों को नदी किनारे नहीं जाने की एडवाइजरी जारी की है। पौंग डैम के निचले इलाकों में इससे जल भराव की समस्या हो सकती है। वहीं ऊना जिले में बीते 24 घंटे में 222.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे ऊना शहर और इसके ग्रामीण क्षेत्रों में 100 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया। लोगों के पालतू जानवर और गाड़ियां आधे-आधे पानी में डूब गए।

### गुरुग्राम लैंड डील: रॉबर्ट वाड्रा को कोर्ट का नोटिस

**एजेंसी, गुरुग्राम।** हरियाणा में गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में जमीन सौदे और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा समेत अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस अगली सुनवाई से पहले आरोपियों को अपनी बात कोर्ट में रखने के लिए भेजा गया है। अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी। शनिवार की सुनवाई में विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्रा ने प्रवर्तन निदेशालय की दलीलें सुनने के बाद आरोपियों को नोटिस भेजा। बता दें कि ईडी ने हाल ही में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपपत्र दायर किया था। उन पर साढ़े 7 करोड़ में खरीदी जमीन 58 करोड़ में बेचने का आरोप है। (अनंत ज्ञान)

### अमरनाथ यात्रा बारिश के कारण एक हफ्ता पहले बंद

**एजेंसी, श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 2 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी। इस साल अब तक 4.10 लाख श्रद्धालु अमरनाथ गुफा में दर्शन कर चुके हैं, जबकि पिछले साल 5.10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हमीरपुर के पांच पुलिस कर्मचारियों को मिले उत्कृष्ट सेवा पदक -पेज 2
- जयराम ने आपदा प्रभावितों को बांटे 50 लाख के चेक -पेज 3
- बढ़ती जनसंख्या ही हिमाचल की आपदाओं की जड़ : शांता -पेज 4
- मट्ट नाला 15 फुट गहरा हुआ, पुल को भी खतरा -पेज 9
- खतरे के निशान से ऊपर ऊना के सभी नदी-नाले -पेज 10


# स्वदेशी का संकल्प लें देशवासी : मोदी

## पीएम ने कहा- हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में भारतीयों का पसीना बहा

**एजेंसी, वाराणसी**

देश के लोग स्वदेशी का संकल्प लें। हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में भारत का पसीना बहा है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आएगा, वह स्वदेशी ही होगा। यह जिम्मेदारी देश के लोगों को लेनी होगी। ये बातें शनिवार को यूपी के वाराणसी के बनौली गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहीं।



**कहा- दुनिया के सभी देश अपने हितों पर कर रहे फोकस**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है। अस्थिरता का माहौल है। दुनिया के सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अब भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना होगा। किसान, हमारे लघु उद्योग और रोजगार हमारे लिए सर्वोपरि हैं। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। देश के नागरिक के रूप में हमारे कई दायित्व हैं। इनमें से एक यह है कि हम स्वदेशी का संकल्प लें। अब हम कौन सी चीजों को खरीदेंगे, कौन से तराजू से तौलेंगे। अब हमें एक ही तराजू का होना होगा। हम भारतवासियों से ही पूरे सामान खरीदेंगे। पीएम ने कहा कि हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आएगा, वह स्वदेशी ही होगा। दुकानदार संकल्प लें कि हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। संकल्प लें कि त्योहारों में हम स्वदेशी ही बेचेंगे और स्वदेशी ही खरीदेंगे। (अनंत ज्ञान)

### बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का वचन पूरा किया

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने काशी में कहा- मैंने बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो पूरा हो गया। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो हमारी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगीं। उन्होंने कहा-भारत पर वार करने वाला दुश्मन पाताल में भी नहीं बचेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वेदशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखीं। ड्रोन, मिसाइलें, एयर डिफेंस ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया है। पाकिस्तान में तो इतना खौफ है कि ब्रह्मोस की आवाज भी आ जाए तो पाकिस्तान को नींद नहीं आती है।

### कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहने की निर्लज्जता की

**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है। क्या सिंदूर को कोई तमाशा कह सकता है? हमारी सेना का पराक्रम और बहनों के सिंदूर का बदला... तमाशा कहने की यह हिम्मत...यह निर्लज्जता कांग्रेस ने की। वोटबैंक और तुष्टीकरण की इस राजनीति में सपा भी पीछे नहीं है। सपा के नेता संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को अभी क्यों मारा? अब बताइए, मैं फोन करके इनसे पूछूं।

### किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त की जारी

**पीएम** मोदी ने शनिवार को वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी कर दी है। उन्होंने 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के बैंक खाते में सीधे करीब 21 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। इस मौके पर पीएम मोदी ने दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण भी बांटे। उन्होंने दृष्टिबाधित छात्रा को लो विजन चश्मा भेंट कर उससे बातचीत की। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने संतोष कुमार पांडे को व्हीलचेयर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज हम काशी से देश भर के लाखों किसानों से जुड़े हुए हैं, सावन का महीना हो, काशी जैसा पवित्र स्थान हो और देश के किसानों से जुड़ने का अवसर हो इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है।'

### भारत का इलेक्शन सिस्टम डेड: राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है। हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि लोकसभा चुनाव में कैसे धांधली हो सकती है और हुई भी। भारत के पीएम के पास बहुत कम बहुमत है। अगर 10-15 सीटों पर भी धांधली न होती तो वह भारत के प्रधानमंत्री भी नहीं होते। राहुल ने ये बातें दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एनुअल लीगल कॉन्क्लेव- 2025 में कहीं। इससे पहले राहुल ने 1 अगस्त को कहा था कि, चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं। राहुल के इस बयान का रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जवाब दिया। राजनाथ बोले- अगर आपके पास परमाणु बम है तो उसे फोड़ दें। (अनंत ज्ञान)



### सीएम सुक्खू ने दिल्ली में एआईसीसी के राष्ट्रीय सम्मेलन में रखे अपने विचार, बोले-

# राज्य का होना चाहिए धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विधि, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने 'संवैधानिक चुनौतियां: परिप्रेक्ष्य एवं मार्ग' के दूसरे सत्र की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने 'धर्म और संविधान' विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि धर्म एक व्यक्तिगत आस्था का विषय है और राज्य को धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जिसमें सभी धर्मों का सम्मान हो। मुख्यमंत्री ने 'सर्व धर्म समभाव' की विचारधारा पर जोर देते हुए कहा कि यह देश में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देती है, जो धर्मनिरपेक्षता और धार्मिक स्वतंत्रता का आधार है। सीएम ने कहा कि भारत की विविधता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, 'हम अपनी धार्मिक सहिष्णुता के लिए जाने जाते हैं। जब इन मूल्यों की कमी होती है, तो समाज में हिंसा और संघर्ष बढ़ जाता है।'



एआईसीसी के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

# कश्मीर के कुलगाम में दो आतंकी ढेर

## एक आतंकी पुलवामा का, खुफिया एजेंसियों की हिट लिस्ट में था नाम

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में सुरक्षाबलों ने शनिवार को दो आतंकवादियों को मार गिराया है। दोनों के शव भी बरामद हुए हैं। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है। हारिस शनिवार सुबह मारा गया था, जबकि दूसरा आतंकी दोपहर में मारा गया। हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था।



वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ है। कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शुक्रवार रात से मुठभेड़ शुरू हुई थी। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं। जंगल में अभी और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद

## बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने रेप मामले में सुनाई सजा

**एजेंसी, बेंगलुरु**

बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को मेड से रेप मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया और पीड़ित को 7 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की एक महिला ने पिछले साल अप्रैल में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उसने रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है। (अनंत ज्ञान)

**10 लाख का जुर्माना, पीड़िता को 7 लाख मुआवजा देने के आदेश**



### कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप

**रेवन्ना** पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने के आरोप लग हैं। गत वर्ष सोशल मीडिया पर 2,000 से ज्यादा अश्लील वीडियो क्लिप सामने आए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में रेवन्ना ने कर्नाटक की हासन संसदीय सीट पर दूसरी बार चुनाव लड़ा था, लेकिन वह अपनी सांसदी नहीं बचा सका। उसके खिलाफ दर्ज मामलों के बाद जेडीसी ने उसे पार्टी से निलंबित भी कर दिया था।

### अभिनव भारत फाउंडेशन प्रतिबंधित संगठन नहीं : कोर्ट

**एजेंसी, मुंबई।** मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने वाली विशेष अदालत ने अभियोजन पक्ष के अभिनव भारत को विस्फोट को अंजाम देने के दावे को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अभिनव भारत फाउंडेशन कोई प्रतिबंधित संगठन नहीं है, क्योंकि इसे सरकार ने आतंकी संगठन के रूप में प्रतिबंधित नहीं किया है। विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने अपने फैसले में कहा कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अपनी जांच में दावा किया था कि मालेगांव विस्फोट के सभी आरोपी अभिनव भारत के सदस्य थे। जज ने कहा कि इस संगठन को आज तक केंद्र सरकार ने आतंकी संगठन घोषित नहीं किया है। यहां तक कि अभिनव भारत ट्रस्ट, संस्था, संगठन या फाउंडेशन भी प्रतिबंधित संगठन नहीं है। कोर्ट ने कहा कि जब 2007 में अभिनव भारत ट्रस्ट का गठन किया गया था तो इसे पुणे चैरिटी कार्यालय में पंजीकृत किया गया था और ट्रस्ट डीड से पता चला कि इसके उद्देश्यों में कुछ भी गलत या अवैध नहीं था। ट्रस्ट डीड के अनुसार अभिनव भारत ट्रस्ट का उद्देश्य देशभक्ति और धार्मिक गतिविधियों का सृजन करना था। (अनंत ज्ञान)



# हिमाचल कांग्रेस में हलचल, सीएम सहित कई मंत्री दिल्ली किए तलब

## कल होगी बड़ी बैठक, संगठन के पुनर्गठन पर होगा मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में 4 अगस्त को दिल्ली में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, राज्य के कई मंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को बुलाया गया है।



पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन का पुनर्गठन होगा। नवंबर 2024 से भंग पड़ी राज्य, जिला और ब्लॉक कमेटियों का गठन किया जाना है। इसके अलावा, बैठक में 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने और रणनीतियों पर भी चर्चा की जाएगी। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भी इस बैठक में शामिल होंगे, जहां वह सरकार और संगठन को एकजुट होकर काम करने का पाठ पढ़ाएंगे। इसके साथ, सभी मंत्रियों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा, निगमों और बोर्डों में खाली पड़े अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पदों पर नियुक्तियों को लेकर भी अहम फैसला लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू 3 अगस्त को चंबा में मिंजर मेले के समापन के बाद 4 अगस्त को दिल्ली पहुंचेंगे।

**मिंजर मेले के समापन के बाद फिर दिल्ली जाएंगे सीएम**

### सुक्खू सरकार के अढ़ाई साल के कामकाज की होगी समीक्षा

**दिल्ली** में होने वाली इस बैठक में हिमाचल की सुक्खू सरकार के पिछले अढ़ाई साल के कामकाज की भी समीक्षा की जाएगी। इस अहम बैठक में सरकार द्वारा जनता के लिए चलाई गई नई योजनाओं और उनकी कमियों पर भी बात होगी।

**फटकार** सुप्रीम कोर्ट की प्रदेश सरकार को दो टूक, पर्यावरण की बलि चढ़ाकर राजस्व न कमाएं

# विकास नहीं, विनाश की राह पर चला हिमाचल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की पहचान सदियों से उसकी शांत वादियों, बर्फीली चोटियों और कल-कल बहती नदियों से रही है। हालांकि, प्रदेश आज एक गंभीर संकट के मुहाने पर खड़ा है। यह संकट न केवल प्राकृतिक है, बल्कि मानव निर्मित भी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में जिस तीखे लहजे में प्रदेश में पारिस्थितिक असंतुलन और अनियंत्रित विकास पर चिंता जताई है, वह सिर्फ एक कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था के लिए दो टूक चेतावनी है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा, 'पर्यावरण और पारिस्थितिकी की कीमत पर राजस्व अर्जित नहीं किया जा सकता।' यह टिप्पणी आज की खबर नहीं, बल्कि आने वाले कल की कड़वी हकीकत का आईना है। पिछले कुछ सालों में हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक आपदाओं ने जो तांडव मचाया है, वह किसी से छिपा नहीं है। बेमौसमी बारिश, बाढ़, और भूस्खलन की बढ़ती घटनाएं सिर्फ मौसम का मिजाज नहीं, बल्कि प्रकृति का वह आक्रोश है जो सालों से हो रहे खिलवाड़ का नतीजा है। सड़कें, बांध, होटल और अन्य बुनियादी ढांचे के नाम पर जिस तरह से अंधाधुंध कटाई हुई है, उसने पहाड़ों की नींव को कमजोर कर दिया है। नदियों के सीने पर अवैध खनन ने उनके प्रवाह को बाधित किया है, जिससे जलस्तर और पारिस्थितिक तंत्र दोनों पर गहरा असर पड़ा है। पर्यटन के नाम पर बेतरतीब विकास ने प्राकृतिक सौंदर्य को तो नष्ट किया ही है, साथ ही कचरे और प्रदूषण की एक नई समस्या खड़ी कर दी है।

यह सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, एक नागरिक के रूप में हमारी भी जिम्मेदारी बनती है। प्लास्टिक का अंधाधुंध उपयोग, कचरे का सही प्रबंधन न करना, और प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग, ये सब हमारे ही गलत फैसलों का नतीजा है। हमें यह समझना होगा कि यह प्राकृतिक संपदा हमारी पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक विरासत है, जिसे हम नष्ट नहीं कर सकते।



### परियोजनाओं को पर्यावरण के अनुकूल बनाने की जरूरत

**सुप्रीम** कोर्ट की चेतावनी एक अवसर है कि हम सब मिलकर इस दिशा में काम करें। सरकार को सख्त नियम लागू करने चाहिए, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना चाहिए और विकास की परियोजनाओं को पर्यावरण के अनुकूल बनाना चाहिए। नागरिकों को जागरूक होना चाहिए और पर्यावरण को बचाने के लिए अपनी भूमिका निभानी चाहिए। आज का समय जगाओ और बचाओ का है। अगर हम आज नहीं जागते, तो कल बहुत देर हो जाएगी।

### सरकार की नीतियों से पर्यावरण संरक्षण गायब

**जानकारों** का मानना है कि इस समस्या की जड़ में कई गहरे कारण हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है 'विकास' की एक ऐसी अवधारणा, जो सिर्फ आर्थिक लाभ पर केंद्रित है। सरकार की नीतियों में पर्यावरण संरक्षण को अक्सर प्राथमिकता नहीं मिलती। परियोजनाओं को मंजूरी देते समय पर्यावरण के प्रभाव का मूल्यांकन अक्सर एक औपचारिकता बन कर रह जाता है। स्थानीय प्रशासन और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी भी इस समस्या को बढ़ाती है। कई बार अवैध गतिविधियों पर जानबूझकर आंखें मूंद ली जाती हैं, जिससे यह समस्या एक विकराल रूप ले लेती है।



## न्यूज ब्रीफ

### बिजली बोर्ड के परिसर से सामान की चोरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत अंकिता ठाकुर पत्नी अनिल कुमार गांव डिडनू, डाकखाना बरोटी तहसील धर्मपुर जिला मंडी ने बिजली बोर्ड के परिसर से सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार प्रदेश बिजली बोर्ड लिमिटेड हमीरपुर के इलेक्ट्रिकल डिवीजन के तहत सेंट्रल स्टोर झनियारा परिसर में किसी अनजान व्यक्ति द्वारा अनधिकृत प्रवेश किया गया था, जिसने अर्थ स्विच के बिना आइसोलेटर 11 केवी, 630 एएमपी जिसकी कीमत 43896 रुपए है, चुरा लिए हैं। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### जेओए आईटी व अन्य पदों के टाइपिंग टेस्ट 4 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के पूर्व सैनिकों, विकलांग पूर्व सैनिकों और युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं और उनके आश्रितों को पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष हमीरपुर द्वारा जेओए आईटी के पदों के लिए 18 जुलाई और कल्याण संयोजक व स्नातक आशुलिपिक के 30 जुलाई को साक्षात्कार हुए थे। इन सभी उम्मीदवारों की टंकण परीक्षा 4 सितंबर को ली जाएगी। पूर्व सैनिक रोजगार कक्ष के उपक्षेत्रीय रोजगार अधिकारी रविंद्र ठाकुर ने बताया कि यह टंकण परीक्षा बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर की कंप्यूटर लैबोरेट्री में ली जाएगी। सभी उम्मीदवारों को उपस्थित होने का समय 9 बजे निर्धारित किया गया है। इसके अलावा जो उम्मीदवार साक्षात्कार में उपस्थित हुए थे, केवल वही उम्मीदवार इस परीक्षा में भाग लें।

### प्रभावितों के लिए सर्वजन कल्याण सभा ने भेजी सहायता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्वजन कल्याण सभा के अध्यक्ष एवं कौशल विकास निगम हिमाचल प्रदेश के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा ने बताया कि सर्वजन कल्याण सभा द्वारा सराज विधानसभा में आई आपदा से निपटने के लिए तीन लाख की राहत राशि,150 कुकर, बर्तन सामग्री, दैनिक उपयोग की जरूरी वस्तुएं एवं खाद्य सामग्री की गाड़ी शनिवार को हमीरपुर से सराज के लिए रवाना की। नवीन शर्मा ने कहा कि आपदा की इस भयंकर घड़ी में पूरा प्रदेश एवं देश सराज के साथ खड़ा है। नवीन शर्मा ने कहा कि यह सारा सामान एवं राहत राशि सर्वजनकल्याण सभा द्वारा सराज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आपदा से पीड़ित लोगों में बांटा जाएगा।

### लोगों को किसान सम्मान योजना की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम के दौरान करोट और बेरी पंचायत में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोनों पंचायत के प्रधान, उपप्रधान, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्मान निधि योजना के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा हर वर्ष 6000 रुपए किसान सम्मान निधि के तौर पर दिया जाता है। करोट पंचायत प्रधान समस्या देवी ने बताया कि यह सम्मान निधि किसानों को कृषि संबंधी खर्चों के लिए दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 19 किस्तों के माध्यम से 3.69 लाख करोड़ रुपए की धनराशि किसानों को वितरित की जा चुकी है। इस अवसर पर लोगों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वितरण समारोह को भी देखा।

### तकनीकी विवि में बी फार्मेसी की 65 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में शनिवार से बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की काउंसिलिंग शुरू हुई। दूसरे चरण की काउंसलिंग के पहले दिन हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) की मेरिट के आधार पर एससी, एसटी व ओबीसी मुख्य श्रेणी और उपश्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई, जिसमें 65 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई। अब चार अगस्त को सामान्य श्रेणी, ऑल इंडिया कोटा, ईडब्ल्यूएस, बेटी है अनमोल आदि श्रेणी के अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया है। वहीं, एम फार्मेसी के पहले चरण की काउंसलिंग में 10 सीटें आवंटित की गईं।

### भाजपा कल करेगी जिला कार्यसमिति की घोषणा : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि हमीरपुर जिला भारतीय जनता पार्टी 4 अगस्त को अपनी नवगठित जिला कार्यसमिति की घोषणा करेगी। राकेश ठाकुर ने बताया कि अंतिम अनुमोदन के लिए 66 नाम प्रदेश भाजपा नेतृत्व को भेजे गए हैं और 4 अगस्त की सुबह हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। प्रदेश नेतृत्व की आधिकारिक स्वीकृति के बाद जिला कार्यसमिति की औपचारिक घोषणा पार्टी की संगठनात्मक स्तर की बैठक में की जाएगी, जो सुबह 11 बजे बसंत रिसोर्ट, हमीरपुर में आयोजित होगी। यह घोषणा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर द्वारा की जाएगी, जिसके साथ हमीरपुर जिले के पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, सह-पर्यवेक्षक अमित ठाकुर और संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित शर्मा भी मौजूद रहेंगे। घोषणा से पहले विपिन सिंह परमार और जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और उन्हें भविष्य में भाजपा संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराएंगे। इस सभा में सभी मंडलों की कार्यसमितियों के सदस्य, नवगठित जिला कार्यसमिति के सदस्य, भाजपा के वर्तमान और पूर्व विधायक, पूर्व जिला अध्यक्ष, मंडल और जिला स्तर पर पूर्व मोर्चो और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और सदस्य, वरिष्ठ प्रतिनिधि और भाजपा हमीरपुर के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख भाजपा नेताओं और सांसदों की भी भाग लेने की उम्मीद है।

### कॉलेज संचालक में अनियमितताओं पर चिंता व्यक्त

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** युवक मंडल चकमोह, ग्राम सुधार सभा चकमोह तथा बनारसी दास वंशज आनुवंशिक संघ चकमोह ने संयुक्त रूप से बाबा बालक नाथ डिग्री कॉलेज चकमोह से संबंधित कई गंभीर मुद्दों को लेकर कॉलेज प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट तथा संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है। गौरतलब है कि यह कॉलेज गांव चकमोह द्वारा अपनी भूमि दान देकर और सामूहिक सहयोग से स्थापित किया गया था, जिसमें यह वादा किया गया था कि स्थानीय जनता को विश्वास में लेकर ही कॉलेज का संचालन और विस्तार किया जाएगा। हाल ही में गांववासियों ने कॉलेज के विकास के लिए और भूमि दान की, जिसके साथ एक लिखित समझौता भी किया गया कि भविष्य में पदों की नियुक्ति व अन्य निर्णयों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता व विश्वास में लिया जाएगा, परंतु हालात इसके बिल्कुल विपरीत हैं। कॉलेज में पद भरने की प्रक्रिया जारी है, लेकिन नियुक्तियों को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पहले Sociology विषय में एडमिशन न होने का हवाला देकर एक योग्य स्थानीय शिक्षिका को हटाया गया, लेकिन अब उसी विषय में नई भर्ती निकाली जा रही है, जबकि छात्र नामांकन बेहद सीमित हैं। इसके अलावा अन्य अनियमितताओं को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगर इन शीघ्र कोई ठोस, पारदर्शी और सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती, तो गांव चकमोह के नागरिक, युवक मंडल, ग्राम सुधार सभा तथा वंशज संघ इस विषय को सार्वजनिक स्तर पर आंदोलनात्मक रूप में उठाने को बाध्य होंगे।

### मलेरिया और दूषित पानी के बारे में करें जागरूक : डॉ. गौरव

**अनंत ज्ञान, जाहू।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाहू में पांच उप स्वास्थ्य केंद्रों में सेवारत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की मासिक बैठक डॉ. गौरव ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। इसमें विशेष कर बरसात के मौसम में बढ़ती दूषित पानी की संभावना और गंदे पानी के खड़ा होने से मलेरिया जैसी बीमारी के बचने के लिए गांवों में लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। डॉ. गौरव ठाकुर ने कहा कि बरसात के मौसम में गांवों में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेवारी ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कीचड़ युक्त पानी कुओं में एकत्रित होने व नलों में आने से लोगों का बीमार होना चिंता का विषय बन जाता है। ऐसे में लोगों को साफ और शुद्ध पानी पीने के लिए जागरूक करें तथा यह भी चेक करें कि नलों में आने वाला पानी में ब्लीचिंग पाउडर है की नहीं। इसके अलावा लोगों को पानी की टंकियों के समय-समय पर साफ करने के लिए भी प्रेरित करें।

### एमएससी के पाठ्यक्रमों में एआई का विषय पढ़ाया जाएगा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर ने अपने विभिन्न एमएससी पाठ्यक्रम- फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बॉटनी, जूलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी- में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में शामिल करने की पहल की है। यह कदम न छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाएगा, बल्कि उन्हें बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में रोजगार के बेहतर अवसर भी प्रदान करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज्ञान से छात्र डेटा एनालिसिस, रिसर्च मॉडलिंग, मशीन लर्निंग, बायोइंफॉर्मेटिक्स और साइंटिफिक कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल कर सकेंगे। विश्वविद्यालय का मानना है कि आने वाले समय में आधारित तकनीकों से नई नौकरियां सृजित होंगी, जिससे विज्ञान के छात्रों के लिए रोजगार की संभावनाएं और भी प्रबल होंगी।

---

### प्रबंधन और सरकार के खिलाफ बैठक में जमकर बरसे कर्मचारी नेता, कहा–

# लोकतांत्रिक अधिकारों का न हो हनन

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन, यूनिट हमीरपुर की महत्वपूर्ण बैठक आज यूनिट प्रधान कृष्ण पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में यूनिट हमीरपुर द्वारा ज्वाइंट एक्शन कमेटी के संयोजक इंजीनियर लोकेश ठाकुर एवं सह-संयोजक हीरा लाल वर्मा के विरुद्ध प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पर मेजर पेनल्टी हेतु चार्जशीट फ्रेम करने की कार्रवाई का कड़ा विरोध किया गया। यूनियन ने इस कदम को प्रबंधन द्वारा ट्रेड यूनियन अधिकारों पर सीधा और गंभीर हमला करार दिया है।

यूनियन प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व भी बोर्ड प्रशासन द्वारा अपने कार्यालय परिसरों के बाहर कर्मचारी संगठनों के धरना-प्रदर्शनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया, जो स्पष्ट रूप से कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। यूनियन मांग करती है। जेएसी के पदाधिकारिओं पर की गई कार्रवाई और धरना-प्रदर्शनों पर पूर्ण प्रतिबंध आदेशों को अतिशीघ्र वापस लिया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि जेएसी द्वारा कर्मचारियों पेंशनर, आउटसोर्स कर्मचारिओं की मांगों से संबंधित मांग पत्र प्रबंधन वर्ग के पास लंबित है, जिसमे बिजली बोर्ड में युक्तिकरण प्रक्रिया के कारण भिन्न-भिन्न श्रेणियों के पदोन्नतियों में आए ठहराव के कारण बहुत से कर्मचारी बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन, यूनिट हमीरपुर की बैठक में उठे कई मामले।

**बोले- वरना अंजाम खराब, चार्जशीट फ्रेम करने के मामले पर नेताओं के तेवर कड़े**

इनमें लाइनमैन से फोरमैन, फोरमैन से स्पेशल फोरमैन व उत्पादन विंग में भिन्न-2 श्रेणियों की पदोन्नति, विद्युत् प्रणाली विंग में फोरमैन से स्पेशल फोरमैन के पदोन्नति आदेशों के फाइलें प्रबंधन वर्ग के पास लंबित हैं, उनके आदेश अतिशीघ्र जारी किया जाएं व जिन श्रेणियों की डीपीसी लंबित हैं, उनकी डीपीसी अतिशीघ्र की जाए।

इसके अतिरिक्त यूनियन ने निम्नलिखित मांगें रखीं जिनमें हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों पर शीघ्र नई भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जाए। कर्मचारियों व पेंशनरों के लंबित वित्तीय लाभों का शीघ्र भुगतान किया जाए। आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थायी नीति बनाई जाए। युक्तिकरण प्रक्रिया के तहत भिन्न-2 श्रेणियों के समाप्त किए पदों को बहाल किया जाए। बिजली बोर्ड में प्रदेश सरकार और बिजली बोर्ड और अभियंता के ज्वाइंट फ्रंट के मध्य बोर्ड के पुनर्गठन के दौरान हुए समझौते का पालन किया जाए।

इसके अतिरिक्त यूनियन ने सरकार एवं प्रबंधन वर्ग से मांग की है कि ज्वाइंट एक्शन कमेटी को वार्ता के लिए समय रहते बुलाया जाए व वित्तीय भुगतान में हुई अनियमितताओं व अन्य आरोप जो जेएसी द्वारा लगाए गए हैं, उनकी निष्पक्ष जांच करवाई जाए तथा उपरोक्त समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा अन्यथा, ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर 7 अगस्त को शिमला में आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन में भाग लिया जाएगा, जिसमें हमीरपुर यूनिट से भी सैकड़ों कर्मचारी भाग लेंगे।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** बैठक में राज्य उपमहामंत्री मनेश कुमार, जोनल सचिव राजकुमार, सुनाजपुर यूनिट प्रधान अमर सिंह, सुनील कुमार, टौणीदेवी यूनिट से सतीश कुमार, सुभाष चंद, हमीरपुर यूनिट से डिंपल, गिरधारी लाल, विशाल कुमार, अजय कुमार, सुरेश वर्मा, सुमित गौतम, सुशील कुमार, कार्तिक शर्मा, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बड़ा पंचायत के जोल में बारिश से पशुशाला गिरकर हुई क्षतिग्रस्त



बारिश के कारण पंचायत बड़ा के जोल में क्षतिग्रस्त हुई पशुशाला का दृश्य।

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन की बड़ा पंचायत के जोल गांव में भारी बारिश से एक पशुशाला के गिरकर क्षतिग्रस्त होने का मामला प्रकाश में आया हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार दो दिन से हो रही भारी बारिश के चलते ग्राम पंचायत बड़ा के गांव जोल के निवासी देवराज की पशुशाला गिर कर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। इससे देव राज का लगभग 2 लाख से ऊपर. नुक्सान हुआ हैं।

गनीमत यह रही कि जिस समय पशुशाला गिर कर क्षतिग्रस्त हुई, उस दौरान देवराज ने अपने पालतू पशुओं को पशुशाला से बाहर बांधा था। इसके चलते किसी भी प्रकार का जानमाल का नुकसान होने से बच गया। देवराज ने बताया कि उन्होंने इस बारे में पंचायत के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय पटवारी को सूचित कर दिया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आर्थिक सहायता की जोरदार मांग की हैं। बारिश के कारण जोल निवासी देवराज की पशुशाला के गिरकर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने की पंचायत बड़ा के उप्रधान अशोक कुमार ने पुष्टि की है।

इस बारे में राजस्व विभाग के हलका पटवारी अनीता कुमारी का कहना है कि उन्होंने मौके पर जाकर पीड़ित की क्षतिग्रस्त हुई पशुशाला की रिपोर्ट तैयार कर दी है।

# बिझड़ी में जनऔषधि केंद्र का कल होगा उद्घाटन, लोगों को मिलेंगी सस्ती दवाइयां

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** कृषि एवं सहकारी सभा सीमित बिझड़ी के सौजन्य से बिझड़ी में जनऔषधि केंद्र खुलने जा रहा है। 4 अगस्त को जनऔषधि केंद्र का विधिवत उद्घाटन होगा। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. विजय कुमार उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्यातिथि होंगे। सहकारी सभा के प्रधान सुरजीत सिंह राणा ने सोसायटी सदस्यों और क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया है।

सभा प्रधान सुरजीत सिंह ने बताया कि सहकारी सभा की मार्च 2025 को हुई आमसभा में क्षेत्रवासियों को सस्ते दामों पर जैनरिक दवाइयां उपलब्ध करवाने के लिए जनऔषधि केंद्र खोलने का फैसला लिया गया था। इस निर्णय को मूर्तरूप देते हुए सोसायटी भवन में ही जनऔषधि केंद्र स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि जन औषधि योजना देश के प्रत्येक व्यक्ति को सबसे अच्छा और सस्ता उपचार प्रदान करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस जन औषधि केंद्र में लोग सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनरिक दवाएं ले सकेंगे। जनऔषधि केंद्र पर दवाओं की कीमतें ब्रांडेड दवाइयों से 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक कम होंगी। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वह जनऔषधि केंद्र का पूर्ण लाभ उठाएं।

सुरजीत सिंह ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम के संदर्भ में शनिवार को सोसायटी भवन में हुई बैठक में 4 अगस्त को जनऔषधि केंद्र जनता को समर्पित करने का फैसला किया गया है। बैठक में सोसायटी की कार्यसमिति के सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक में सोसायटी सचिव प्रिंस ठाकुर, कमेटी सदस्य कुलदीप राणा, सूरम सिंह व रत्न चंद भी मौजूद रहे।

# नालटू में गोशाला का कमरा ढहा मकान को भी खतरा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की धमरोल पंचायत के गांव नालटू में भारी बारिश ने तबाही मचाई है। शनिवार तड़के मूसलधार बारिश के कारण एक कच्चे मकान से जुड़ा गोशाला का कमरा ढह गया। यह गोशाला रमेश चंद पुत्र अमृत लाल के घर साथ लगती था।

परिवार को करीब एक लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है, साथ ही बारिश के कारण मुख्य मकान की दीवारों में भी दरारें आ गई हैं, जिससे पूरे घर को खतरा पैदा हो गया है। पीड़ित रमेश चंद ने बताया कि पहले से ही दीवारें बारिश से कमजोर हो चुकी थीं और शुक्रवार को लगातार हो रही तेज बारिश ने गोशाला के कमरे को गिरा दिया। पंचायत उपप्रधान विजय कु मार व प्रतिनिधियों ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी ह व मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत प्रदान की जाए।

# बारिश से एक बार फिर सुजानपुर-संधोल मार्ग बंद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

क्षेत्र में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जहां शनिवार को सुजानपुर संधोल मार्ग सुबह यातायात के लिए बंद हो गया, वहीं चमियाना पंचायत में एक घर की दीवार भारी बारिश के चलते ढह गई। चमयाना पंचायत के उपप्रधान सुभाष सड़याल ने बताया कि शनिवार सुबह 9.30 के करीब एक धमाके के साथ एक मकान की दीवार ढह गई, जिसके चलते पूरे मकान को खतरा पैदा हो गया है।

उन्होंने बताया कि सर्वो देवी के मकान की दीवार देने से परिवार बेघर हो गया है। परिवार को इसके नजदीक न जाने की हिदायत दी गई है। उन्होंने बताया कि इसकी रिपोर्ट बाकायदा प्रशासन को दी गई है। मकान की दीवार देने से साथ की दुकानों को भी खतरा हो गया है। उधर, भारी बारिश के चलते सुजानपुर-संधोल मार्ग सुबह बंद हो गया, जिसे 10 बजे के करीब बहाल किया गया।



चमयाना पंचायत में बारिश से कच्चा मकान गिर गया है।

भारी बारिश के चलते सुजानपुर संधोल मार्ग पर जगह-जगह पहाड़ी से भूस्खलन हुआ। इससे पहले भी सुजानपुर संधोल मार्ग बारिश होने के चलते बंद हो जाता है, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। रोड बंद होने से शनिवार को गाड़ियों की लंबी-लंबी लाइन दोनों तरफ लग गईं।

# नशे के जहर को खत्म करने के लिए युवाओं को करें जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा आज पुलिस कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित मासिक संयुक्त कल्याण समिति की बैठक व मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन पुलिस लाइन हमीरपुर के सभागार में किया गया। संयुक्त कल्याण समिति की बैठक में पुलिस कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मांगों, सुझावों एवं समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया तथा प्राथमिकता के आधार पर उनका निपटारा किया गया।

मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान जिले में पंजीकृत सभी मामलों व घटित आपराधिक घटनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।



जिला पुलिस ने संयुक्त सलाहकार कल्याण समिति एवं मासिक अपराध बैठक का आयोजन किया

सभी लंबित मामलों की वर्तमान जांच की स्थिती व प्रगति, नशा तस्करी, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात नियंत्रण तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के बारे में भी विस्तार से चर्चा हुई। समाज में फैले नशे के जहर को खत्म करने के लिए युवाओं को जागरूक करने तथा नशे में सलिंप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश सभी थाना व चैकी प्रभारियों को दिए गए। अपराध समीक्षा के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपराधों की रोकथाम, लंबित मामलों की पड़ताल के संदर्भ में सन्तोष जाहिर किया। साथ ही जिला पुलिस के द्वारा बीते माह नशाखोरी के खिलाफ किए गए कार्यों व प्रगति के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने बैठक के अंत में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा, निष्पक्ष, संवेदनशीलता व पारदर्शिता के साथ निर्वहन करें ताकि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना और बढ़ सके।

# भोरंज में विकास कार्यों में अनदेखी का आरोप, विधायक के खिलाफ जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज की जिला परिषद सदस्य राजकुमारी ने क्षेत्र में विकास कार्यों की उपेक्षा और जानबूझकर रोड़े अटकाने का आरोप स्थानीय विधायक सुरेश कुमार पर लगाया है। उन्होंने कहा कि भुक्कड़, धमरोल, जाहू और झंडवी जैसे जलसंकटग्रस्त क्षेत्रों में हैंडपंप लगाने की स्वीकृति और बजट के बावजूद कार्य रोक दिए गए हैं, जिससे लोग परेशान हैं। उन्होंने बताया कि चैंथ खड्ड चैनलाइजेशन योजना के लिए ₹7.45 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी और ₹4.70 करोड़ की राशि ठेकेदार को जारी भी हो चुकी है, बावजूद इसके कोई कार्यस्थल पर प्रगति नहीं हुई। राजकुमारी के अनुसार अधिकारी स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि कार्य केवल विधायक के निर्देश पर शुरू होगा, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध है।



राजकुमारी ने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति विकास में बाधा डालता है या भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 'आप' ने 'सरकारी स्कूल विजिट कैंपेन चलाकर शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

आम आदमी पार्टी ने 1 से 7 अगस्त तक हिमाचल प्रदेश में 'सरकारी स्कूल विजिट कैंपेन' चलाकर सरकारी स्कूलों की जमीनी स्थिति उजागर की। इस अभियान के दौरान सामने आया कि प्रदेश के कई स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।



कई स्कूलों की इमारतें जर्जर हैं, टॉयलेट अस्वच्छ हैं और पीने के पानी, बिजली, फर्नीचर व खेल सामग्री की कमी है। कुछ स्कूलों में मात्र एक शिक्षक पूरे विद्यालय को संभाल रहा है। बारिश में कक्षाओं में पानी भर जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। 'आप' ने आरोप लगाया कि सरकार केवल कागजों पर योजनाएं बना रही हैं, जबकि जमीनी हालात बेहद चिंताजनक हैं। पार्टी ने मांग की कि सभी स्कूलों की जल्द मरम्मत कर सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। आम आदमी पार्टी ने जनता से इस मुहिम में शामिल होकर सरकारी शिक्षा की बेहतरी के लिए आवाज उठाने की अपील की है।

# इन्नरव्हील क्लब हमीरपुर की इना चौहान बनी नई अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

इन्नरव्हील क्लब हमीरपुर का 36वां स्थापना एवं इंस्टॉलेशन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब सदस्य शिवानी चौहान द्वारा गणेश वंदना एवं अतिथि स्वागत से हुआ। मंच सज्जा की सुंदर व्यवस्था क्लब सदस्य मीना चोपड़ा और चेतना शर्मा द्वारा की गई। इस विशेष अवसर पर डॉ. शोभा ठाकुर ने इंस्टॉलेशन ऑफिसर व मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई।

शिवानी शर्मा, क्लब सचिव द्वारा प्रेसिडेंट कॉलरिंग की औपचारिकता निभाई गई। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रतिमा ठाकुर ने बैठक प्रारंभ की घोषणा की। दीप प्रज्वलन एवं इन्नरव्हील प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। वरिष्ठ सदस्य गायत्री गुप्ता द्वारा पुष्प स्वागत किया गया।



इन्नर हील क्लब हमीरपुर का 36वां स्थापना समारोह धूमधाम से मनाया गया।

डॉ. प्रतिमा ठाकुर ने अपने कार्यकाल की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। संगीता गुप्ता द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष इना चौहान का परिचय दिया गया, जिनका इंस्टॉलेशन डॉ. शोभा ठाकुर द्वारा किया गया। क्लब सचिव चेतना शर्मा ने आगामी योजनाओं एवं प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी। डॉ. अनिंदिता द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. शोभा ठाकुर का परिचय प्रस्तुत किया गया।

अध्यक्ष इना चौहान द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. शोभा ठाकुर, डॉ. प्रतिमा ठाकुर और पूर्व सचिव शिवानी शर्मा को सम्मानित किया गया। क्लब द्वारा आदित्य, उनकी माता एवं नाना- नानी व दादी को स्मृति चिन्ह एवं नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन उपाध्यक्ष मनोरमा शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान और तीज के पारंपरिक उल्लास के साथ हुआ, जहां सदस्यों ने एक-दूसरे को मेंहदी लगाकर तीज की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर नई कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें अध्यक्ष इना चौहान, उपाध्यक्ष मनोरमा शर्मा, सचिव चेतना शर्मा, कोषाध्यक्ष वीना शर्मा, संपादक डॉ. सुमन लता, आईएसओ डॉ. अर्चना सोनी, उपस्थित प्रमुख सदस्य मोनिका हांडा, नीलम, लीला धीमान, चित्रा मल्होत्रा, विजय कपिल, डॉ. सुमन लता, प्रवीण शर्मा, वीना शर्मा सहित अन्य सदस्यगणों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**सम्मान** पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में डीसी और एसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने पर किया अंलकृत

# हमीरपुर के पांच पुलिस कर्मचारियों को मिले गृह मंत्रालय से उत्कृष्ट सेवा पदक

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाले हमीरपुर जिले के पांच पुलिस कर्मचारियों मानक मुख्य आरक्षी रीता देवी, मानक मुख्य आरक्षी निर्मल सिंह, मानक मुख्य आरक्षी राजकुमारी, मानक मुख्य आरक्षी रवि कुमार और मानक मुख्य आरक्षी हिमानी चौहान को उत्कृष्ट सेवा पदक से अलंकृत किया है।

शनिवार को पुलिस लाइन परिसर में आयोजित एक समारोह में उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पांचों पुलिस कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किए। इस अवसर पर सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि हमीरपुर जैसे छोटे से जिले के पांच पुलिस कर्मचारियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय का प्रतिष्ठित पदक मिलना एक गौरव का विषय है। इससे सभी पुलिस कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में जोश, उच्च कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।



उत्कृष्ट सेवा पदक के विजेता पांच पुलिस कर्मचारी और उनके परिजन डीसी-एसपी और अन्य अधिकारियों के साथ।

जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए उपायुक्त ने कहा कि दिन-रात सेवाएं दे रहे पुलिस कर्मचारियों के कल्याण तथा उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए एसपी भगत सिंह ठाकुर ने कई सराहनीय कदम उठाए हैं। इनमें पुलिस कर्मचारियों के लिए कैंटीन, खेलकूद और अन्य सुविधाएं तथा सैलरी अकाउंट को बीमा योजनाओं से लिंक करना शामिल है। इससे पहले, उपायुक्त, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, सभी पदक विजेताओं एवं उनके परिजनों का स्वागत करते हुए एसपी भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि आज के दौर में अधिकारियों और कर्मचारियों का मूल्यांकन बहुत ही सुनियोजित, पारदर्शी और सटीक प्रणाली के साथ किया जाता है।

कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने तथा अन्य कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए ही गृह मंत्रालय ने 2019-20 से उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान करने की योजना आरंभ की है। पहली बार में ही हमीरपुर जिले के 5 कर्मचारियों को यह पदक मिला है। पांचों पदक विजेताओं की सेवाओं की सराहना करते हुए एसपी ने कहा कि इन सभी ने अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है तथा ये अन्य पुलिस कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे हैं।

एएसपी राजेश कुमार ने भी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अन्य सभी अतिथियों, पदक विजेताओं और उनके परिजनों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग, विजिलेंस की एएसपी रेणु शर्मा, एसडीएम संजीत सिंह, होमगार्ड के कमांडेंट विनय कुमार, डीएसपी नितिन चौहान, हरीश गुलेरिया और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान की पत्नी अनिशा धीमान की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य पर शनिवार को उनके निवास स्थान आलमपुर जांगल में कांगड़ी धाम का आयोजन किया गया। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों व कार्यकर्ताओ ने धाम का लुत्फ उठाया। इस मौके पर कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, जवाली के पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, इंदौरा की पूर्व विधायक रीता धीमान, भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर, भाजपा व जिला पालमपुर की अध्यक्षा रागनी रखवाल विशेष रूप से मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### 'भारत एनसीएक्स-2025' में हिमाचल पुलिस का जवान तीसरे स्थान पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास भारत एनसीएक्स, 21 जुलाई से 1 अगस्त तक आयोजित किया गया। जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया। इसका उद्देश्य, वास्तविक साइबर हमलों के सिमुलेशन और रणनीतिक निर्णय लेने वाले अभ्यासों के माध्यम से भारत की साइबर रक्षा क्षमता को मजबूत करना था। इसकी व्यापकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत एनसीएक्स-2025 में सरकार, रक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, निजी क्षेत्र और शिक्षा जगत के 1,000 से अधिक पेशेवरों ने भाग लिया, जिन्होंने राष्ट्रीय साइबर तैयारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम किया। हिमाचल प्रदेश पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए हेड कॉन्स्टेबल अरविंद कुमार, आशीष राणा और मनु शर्मा ने इस प्रतिष्ठित अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह गर्व की बात है कि हेड कॉन्स्टेबल अरविंद कुमार ने भारत एनसीएक्स 2025 में तीसरा स्थान प्राप्त किया।



### डॉ. पवनेश ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में ली शपथ



राज भवन में राज्यपाल डॉ. पवनेश कुमार को शपथ दिलाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को राजभवन शिमला में आयोजित एक विशेष समारोह में डॉ. पवनेश कुमार को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला, लोकायुक्त सीबी बारोवालिया, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पीएस राणा और एचपीपीएससी के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह ठाकुर प्रमुख रूप से शामिल थे। डॉ. पवनेश की नियुक्ति को लोक सेवा आयोग की कार्यक्षमता में वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उनकी विशेषज्ञता आयोग के निर्णय प्रक्रिया को और प्रभावी बनाएगी।

### पर्यटकों के लिए खुशखबरी: धर्मशाला एसोसिएशन ने लांच की वेबसाइट

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा घाटी आने वाले देश-विदेश के पर्यटक अब *www.visitdharamshala.com* वेबसाइट के माध्यम से जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला द्वारा की गई है। एसोसिएशन अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने बताया कि हाल ही में अहमदाबाद में आयोजित टूरिज्म एंड ट्रैवल शो में एसोसिएशन ने भाग लिया और धर्मशाला को प्रमोट किया। वेबसाइट में धर्म, संस्कृति, भोजन, मौसम, यात्रा मार्ग, आवास व स्थानीय अनुभवों की जानकारी दी गई है। राज्यभर से 63 होटल व्यवसायियों ने शो में भाग लेकर हिमाचल पवेलियन के माध्यम से ब्रांडिंग की।

### आंतरिक मूल्यांकन और प्रायोगिक अंक समय पर करवाने होंगे उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आंतरिक मूल्यांकन और प्रायोगिक अंक अब समय पर उपलब्ध करवाने होंगे, अन्यथा 100 के बजाए 500 रुपए प्रति छात्र की दर से जुर्माना लिया जाएगा। बोर्ड प्रशासन ने अधिसूचना के आंशिक संशोधन के तहत यह निर्णय लिया है। स्कूल शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षाओं में आंतरिक मूल्यांकन (आईएनए) और प्रायोगिक अंकों को समय पर उपलब्ध न करवाने पर लगने वाले जुर्माने की राशि में संशोधन किया है। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष ने शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 1968 की धारा के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए 2 अगस्त 2019 की अधिसूचना के आंशिक संशोधन में यह निर्णय लिया है कि अब संबंधित प्रधानाचार्य, संस्था प्रमुख या शिक्षकों द्वारा यदि छात्रों के आईएनए या प्रायोगिक अंक समय पर बोर्ड को उपलब्ध नहीं करवाए जाते, जिससे छात्रों का परिणाम आरएलडी या आरएलई घोषित करना पड़े, तो ऐसे मामलों में 100 के स्थान पर 500 रुपए प्रति छात्र की दर से पेनल्टी वसूली जाएगी। बोर्ड का कहना है कि ऐसे मामलों को निपटाने में उसके कई कर्मचारी लग जाते हैं, जिससे अन्य परीक्षाओं के संचालन में बाधा उत्पन्न होती है।

# सहकारिता विभाग के डिजिटलीकरण से सुनिश्चित होगी पारदर्शिता : डिप्टी सीएम

## 53 करोड़ की परियोजना से 1,789 पीएसीएस का होगा कंप्यूटरीकरण

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को शिमला में घोषणा की कि प्रदेश सरकार सहकारी समितियों को डिजिटल और पारदर्शी प्रणाली से जोड़ने के लिए तेजी से काम कर रही है। सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण के लिए विभाग में एक डिजिटलीकरण कार्यक्रम लागू किया गया है। इसके तहत, 1,789 प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए 53 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है, जिसमें से 22.18 करोड़ पहले ही खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 870 पीएसीएस का कंप्यूटरीकरण पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण में 919 पीएसीएस का कंप्यूटरीकरण किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह पहल केवल तकनीकी उन्नयन नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास और आर्थिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे अनियमितताओं पर रोक लगेगी और समितियों का संचालन पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित होगा।







### ऑडिट प्रक्रिया को सशक्त बनाएंगे 30 मास्टर ट्रेनर

विभाग ने ऑडिट प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए 30 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए हैं, जो ऑडिटरों को प्रशिक्षित करेंगे। सभी सहकारी समितियों का ऑडिट 30 सितंबर, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### पीएसीएस अब बनेगी 'कॉमन सर्विस सेंटर'

राज्य सरकार 1,153 पीएसीएस को 'कॉमन सर्विस सेंटर' के रूप में भी विकसित कर रही है, जहां ग्रामीणों को 300 से अधिक डिजिटल सेवाएं जैसे टेली-लॉ, टेलीमेडिसिन, पेंशन और बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### सहकारी समितियों को राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस से जोड़ा जा रहा

पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सहकारी समितियों को राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस से जोड़ा जा रहा है। इस डेटाबेस के माध्यम से समितियों की भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित निगरानी संभव होगी, जिससे प्रशासनिक निर्णय और नीति निर्माण में पारदर्शिता बढ़ेगी।


# हिमाचल हाईकोर्ट ने जब्त लकड़ी के कुप्रबंधन पर अपनाया कड़ा रुख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाया है। अवैध पेड़ों कटाई से जब्त की गई लकड़ी के अनधिकृत निपटान पर धर्मशाला नगर निगम (डीएमसी) के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए, उच्च न्यायालय ने नगर निकाय को एक नया और विस्तृत अनुपालन हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है, जिससे जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

30 जुलाई को सीडब्ल्यूपीआईएल 2019 स्वप्रेरणा से न्यायालय बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य एवं अन्य की सुनवाई के दौरान, मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित किया कि अदालत के निर्देशों का कड़ाई से पालन हो। यह पाया गया कि जब्त की गई लकड़ी की अधिकारियों द्वारा नीलामी नहीं की गई थी, बल्कि कथित तौर पर उल्लंघनकर्ताओं द्वारा ही वितरित कर दी गई थी। इस पर न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**न्यायालय ने की सख्त कार्रवाई, सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित**





अदालत ने डीएमसी आयुक्त के हलफनामे में उल्लंघनकर्ताओं पर एक लाख रुपए का जुर्माना और पांच साल के निर्माण प्रतिबंध लगाने की बात स्वीकार की, जो एक सकारात्मक कदम है। हालांकि, न्यायालय ने लकड़ी के कुप्रबंधन के बारे में दिए गए स्पष्टीकरण को असंतोषजनक पाया और जोर दिया कि जब्त की गई लकड़ी को नीलाम किया जाना चाहिए था और उसकी आय नगर निगम के खजाने में जमा की जानी चाहिए थी।

# राज्यपाल ने मंडी और कुल्लू जिलों के लिए राहत वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को राजभवन, शिमला से राहत सामग्री के तीन वाहनों को हरी झंडी देकर रवाना किया। यह राहत सामग्री राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मंडी और कुल्लू के जिला प्रशासनों को भेजी जा रही है।



राज्यपाल राजभवन से राहत सामग्री के वाहनों को हरी झंडी देकर रवाना करते हुए।

राहत सामग्री में परिवार के लिए टेंट, तिरपाल, रसोई के बर्तन, कंबल, नए कपड़े, चादरें, गद्दे और अन्य जरूरी घरेलू सामान शामिल हैं, जिसका उद्देश्य आपदा से प्रभावित परिवारों को तुरंत सहायता प्रदान करना है। इस अवसर पर राज्यपाल ने क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं, खासकर बादल फटने की घटनाओं की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के विभिन्न हिस्सों में बादल फटने और संबंधित प्राकृतिक आपदाओं की बार-बार हो रही घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। यह समय है कि हम अपने जीवन जीने के तरीके पर फिर से विचार करें और प्रकृति के साथ अधिक तालमेल बिठाने के लिए आवश्यक बदलाव करें।

राज्यपाल ने बताया कि उन्होंने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और स्थिति पर विस्तार से चर्चा की थी और प्रधानमंत्री ने हिमाचल को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि रविवार को मैं आपदा प्रभावित निवासियों से बातचीत करने और जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए थुनाग और सिराज क्षेत्र का दौरा करूंगा। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा भी उपस्थित थे।

# जयराम ने आपदा प्रभावितों को बांटे 50 लाख के चेक

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** जिला मंडी के सराज विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने धर्मशाला के विधायक और पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा और किन्नौर के भाजपा नेता और वन निगम के पूर्व अध्यक्ष सूरत नेगी के साथ थुनाग में आयोजित एक कार्यक्रम में आपदा प्रभावितों को राहत राशि के रूप में लगभग 50 लाख रुपए के चेक बांटे। धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने 21 लाख रुपए अपने जन्मदिन के मौके पर वहीं किन्नौर के लोगों और किन्नौर भाजपा द्वारा लगभग 25 लाख रुपए की राहत राशि उपलब्ध करवाई गई।



जयराम ठाकुर ने यहां 20 पंचायतों के करीब 300 उन प्रभावितों को 50 लाख रुपए के चेक बांटे जिनके घर पूरी तरह नष्ट हुए हैं। जयराम ठाकुर ने किन्नौर और धर्मशाला वासियों का अभिवादन करते हुए कहा कि सराज के जख्मों पर आप लोगों द्वारा लगाए गए मरहम को हम कभी नहीं भूलेंगे। वे यहां चेक बांटते हुए भावुक भी हुए और कहा कि हमारा इन लोगों से जीने मरने का साथ है, इसलिए डटकर पूरी ताकत से इस आपदा से निपटेंगे और पहले से भी बेहतर करेंगे।

जयराम ने नुक्कड़ सभा में आपदा प्रभावितों को संबोधित करते हुए कहा कि 30 जून की एक रात में हमारे 28 साल की मेहनत पर पानी फेर दिया और हम फिर वहीं पहुंच गए जहां से शुरुआत की थी। हमें अब यह हालात बदलने हैं और सब कुछ फिर से शुरू करना है। इसके लिए देशभर से लोगों का प्रेम, सम्मान और सहयोग मिला जो काबिलेतारीफ है।

**आपदा पीड़ितों को राहत राशि बांटते हुए भावुक हुए जयराम**

उन्होंने जरोल में आपदा प्रभावितों को राहत राशि के चेक वितरण करते हुए कहा कि आज हम देख रहे हैं कांग्रेस के एक मंत्री यहां आए और आपदा के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय यहां के 70 उन लोगों पर एफआईआर दर्ज कर दी जो बेघर हुए हैं और सब कुछ उनका तबाह हुआ है। कहां तो उनको 27 दिन बाद आने पर इन लोगों के प्रति सहानुभूति दिखानी चाहिए थी, लेकिन उनको धमका कर चले गए। जयराम ठाकुर ने आपदा के दौरान प्रदेश के लोगों द्वारा आपदा प्रभावितों की मदद करने के लिए, तन मन धन से आगे आने के लिए आभार जताया।

### पीएम किसान निधि ने बदली किसानों की जिंदगी

नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान निधि ने देश के किसानों की जिंदगी बदली है। देश के लगभग 10 करोड़ से अधिक किसानों को यह लाभ लगातार 7 साल से बिना एक दिन की देरी के मिल रहा है। हिमाचल के लगभग 11 लाख किसान परिवार भी इससे लाभान्वित हो रहे हैं। यह अपने आप में भी एक इतिहास है। आज ही देश के किसानों के खाते में एक बार में ही 20 हजार 500 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। सिर्फ इस योजना के द्वारा अब तक देश के किसानों को 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपए डीबीटी के जरिए स्थांतरित किए जा चुके हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि किसान सम्मान निधि की पाई पाई किसानों के खाते में बिना किसी बिचौलिए के पहुंची है।

# गर्भवती महिलाओं में एचआईवी और सिफलिस का खतरा कम करने पर जोर



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और एड्स नियंत्रण समिति ने समन्वय बैठक मैं उपस्थित अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक प्रदीप कुमार ने शनिवार को एचआईवी और सिफलिस के वर्टिकल ट्रांसमिशन मां से बच्चे में संक्रमण को खत्म करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक एनएचएम और हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के बीच आयोजित की गई थी।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और एड्स नियंत्रण समिति समन्वय बैठक आयोजित**

बैठक का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में इन बीमारियों की जल्द पहचान और प्रभावी इलाज सुनिश्चित करना था। इस दौरान, सभी गर्भवती महिलाओं, खासकर जो स्वास्थ्य केंद्रों में डिलीवरी कराती हैं, की नियमित जांच के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, घर पर डिलीवरी कराने वाली महिलाओं के लिए भी जांच और परामर्श की रणनीति पर चर्चा की गई।

# अनुराग ने राहुल गांधी की अरुण जेटली पर झूठी टिप्पणी को नकारा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय अरुण जेटली पर की गई झूठी टिप्पणी को उनकी अपरिपक्व राजनीति का प्रतीक बताया। उन्होंने राहुल गांधी से जेटली परिवार और देश से माफी मांगने की अपील की।



अनुराग ने कहा कि कांग्रेस में बस एक ही सच है- उनकी हर बात झूठ है। राहुल गांधी का कभी कुछ नहीं बदलता, हर दिन नया झूठ, नया प्रोपगैंडा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से गंभीरता से विचार करने की अपील की कि राहुल गांधी झूठे आरोपों के माध्यम से क्या हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जेटली जी ने न केवल भाजपा बल्कि समूचे देश में सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त की थी। उनका योगदान अतुलनीय था। अनुराग ने राहुल गांधी के आरोप को झूठा करार देते हुए बताया कि जेटली जी का निधन 2019 में हो चुका था, जबकि कृषि कानून 2020 में आया था। उन्होंने राहुल से माफी मांगने की मांग की, साथ ही कहा कि उनके खिलाफ कई मानहानि के मुकदमे भी चल रहे हैं।

# रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त 9 अगस्त को सुबह 5 .47 से दोपहर 1 .24 बजे तक

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** रक्षाबंधन भाई-बहनों के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष श्रावण मास के पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाई की लंबी उम्र, तरक्की और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उसे राखी बांधती हैं। बदले में भाई अपनी बहन को जीवनभर रक्षा का वचन देता है। यह दिन न केवल एक त्योहार है, बल्कि रिश्ते में मिठास बढ़ाने का सर्वश्रेष्ठ अवसर है।



शाहपुर के ज्योतिषी आचार्य अमित शर्मा ने बताया कि इस वर्ष श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2.12 बजे से 9 अगस्त को दोपहर 1.21 बजे तक है। उदया तिथि के मुताबिक 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र का संयोग रहेगा। इस दौरान राखी पर पूरे दिन सौभाग्य योग बना रहेगा। इसके अलावा ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4.22 बजे से 5.04 बजे तक और अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.17 से 12.53 बजे तक रहने वाला है। पंचांग के अनुसार 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर पूरे दिन राखी बांधने का शुभ मुहूर्त रहने वाला है। दरअसल, भद्रा रक्षाबंधन की पूर्णिमा तिथि में 9 अगस्त को दोपहर 1.52 बजे पर ही समाप्त हो जाएगी, इसलिए इस साल राखी के त्योहार पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। इस साल रक्षाबंधन पर राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5.47 बजे से शुरू होगा। यह मुहूर्त दोपहर 1.24 बजे तक बना रहेगा। ऐसे में आप इस अवधि में भाई को राखी बांध सकती हैं।

**आक्रोश** छात्र संघ चुनाव बहाल करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की मांग

# छात्रों की मांगों को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शिमला इकाई ने हाल ही में उपायुक्त कार्यालय के बाहर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान, उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। परिषद ने विशेष रूप से 2013 से बंद पड़े छात्र संघ चुनावों को तुरंत बहाल करने की मांग की, ताकि छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों को फिर से स्थापित किया जा सके। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी यह मांग नहीं मानी गई, तो वे पूरे राज्य में और भी बड़े आंदोलन करेंगे।

**आपदा पीड़ितों को उचित मुआवजा देने की भी अपील**





अपनी मांगों को लेकर शिमला में प्रदर्शन करते एबीवीपी के कार्यकर्ता।


विरोध प्रदर्शन के दौरान, परिषद ने राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। जिला संयोजक दिविज ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिप्रिय राज्य में आपराधिक और अवैध गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने सरकार से खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, संगठन ने 'जॉब ट्रेनी' नीति का भी पुरजोर विरोध किया, इसे युवा-विरोधी नीति बताया और सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की अपील की।

शिमला महानगर मंत्री कुणाल ने मंडी जिले में आपदा प्रभावित लोगों के लिए उचित मुआवजे की मांग की। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को बंद करने की सरकार की नीति की भी कड़ी आलोचना की। परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार इन सभी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं देती है, तो वे भविष्य में और भी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

# हिमाचल में पर्यटन पर खर्च का सर्वेक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 80वें दौर के तहत एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण शुरू किया है। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य घरेलू पर्यटन पर होने वाले खर्च का विस्तृत डाटा जुटाना है। यह पहल आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्रीय संचालन प्रभाग), शिमला के संयुक्त तत्वावधान में की जा रही है।

आर्थिक सलाहकार डॉ. विनोद कुमार राणा ने क्षेत्रीय अन्वेषकों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि सटीक और समय पर आंकड़े एकत्र करना नीति निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह सर्वेक्षण राज्य में 144 गांवों और 56 शहरी खंडों को कवर करेगा, जिसमें यात्रा, यात्रियों की जानकारी और रात रुकने वाली यात्राओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की जाएगी। इस जानकारी से पर्यटन क्षेत्र में बेहतर नीतियां और टूर पैकेज बनाने में मदद मिलेगी। डॉ. राणा ने इस सर्वेक्षण की सफलता के लिए जनता से सहयोग की अपील की है।



## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी में काउंसिलिंग कम एडमिशन 7 को

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में 7 अगस्त को सुबह 10 बजे से एमसीए कक्षा में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कम एडमिशन का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने बताया कि निर्धारित समय पर अपने मूल प्रमाण पत्र लेकर विद्यार्थियों को उपस्थित होना होगा और यदि एडमिशन हो जाती है तो इसी दिन फीस भी जमा करवानी होगी। अधिक जानकारी के लिए 01892265002, 9459940370 , 9805676675 पर संपर्क किया जा सकता है।

### बगली में चोरों ने किया गहनों व नकदी पर हाथ साफ

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** परागपुर विधानसभा क्षेत्र के बगली गांव के वार्ड नंबर-2 में शुक्रवार देर रात अज्ञात चोरों ने पवना देवी पत्नी स्व. मोहन लाल के घर में सेंधमारी कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहनों और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे चोरों ने आराम से तीन कमरों की अलमारियां तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मोइन थाना प्रभारी संजीव कुमार ने घटनास्थल का जायजा लिया। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में तीन चोरों की गतिविधियां कैद हुई हैं, हालांकि उन्होंने अपने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

### आरा चौक के खूनी मोड़ पर पलटा ट्रक

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** आरा चौक के 'खूनी मोड़' पर शुक्रवार रात को ब्रेक फेल होने से देसी शराब से भरा ट्रक पलट गया। संसारपुर टेरेस से पालमपुर जा रहे ट्रक में 800 पेटी शराब लदी थी। चालक संदीप कुमार की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया, हालांकि वह घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस थाना डाडा सीबा की टीम मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। पुलिस की मुस्तैदी से शराब लूटने से बच गई।

### बैजनाथ कॉलेज में मनाया विश्व स्कार्फ डे

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में भारत स्काउट और गाइड की रोवर-रेंजर यूनिट ने विश्व स्कार्फ डे का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर सभी रोवर और रेंजर सदस्यों ने अपनी स्काउटिंग पहचान स्वरूप स्कार्फ धारण कर इस दिन को खास बनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए स्काउटिंग के सामाजिक और नैतिक मूल्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नए रोवर और रेंजर सदस्यों का स्वागत उनके स्कार्फ बनाकर और पहनाकर किया गया। इसके बाद सदस्यों ने स्कार्फ के महत्व, इतिहास और स्काउटिंग के मूल्यों पर चर्चा की। रोवर-रेंजर प्रभारी डॉ. विशाल चौधरी और डॉ. अंजलि भारद्वाज ने छात्रों को स्कार्फ को सेवा, समर्पण और अनुशासन का प्रतीक बताते हुए इसे जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम ने स्काउटिंग की भावना को मजबूत किया।

### महिलाओं को दी स्तनपान के लाभ की जानकारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जोनल अस्पताल धर्मशाला में शनिवार को स्तनपान सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अनुराधा द्वारा महिलाओं को स्तनपान के लाभ बारे जानकारी दी गई।

### किसान निधि की 20वीं किस्त पर पालमपुर में कार्यक्रम

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र कांगड़ा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के अवसर पर राष्ट्रीय कार्यक्रम की लाइव दो-तरफा स्ट्रीमिंग आयोजित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से 9.7 करोड़ किसानों के खातों में 20,500 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. विनोद शर्मा, एके सक्सेना, नितिका ठाकुर, कुलदीप धीमान, डॉ. रुपिका, डॉ. लव भूषण और 100 से अधिक किसान लाभार्थी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने योजना को ग्रामीण समृद्धि का स्तंभ बताया।

### कार्ड प्रतियोगिता में मुस्कान ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय बीएड कॉलेज धर्मशाला में शनिवार को रक्षा और कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्रों द्वारा बनाई गई राखी को सशस्त्र बलों को उनकी सुरक्षा में योगदान के लिए भेजा जाएगा। प्रतियोगिता में विभिन्न सदनों के 37 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। रक्षा कार्ड बनाने की प्रतियोगिता में काशी सदन की सर्वीन चौधरी प्रथम, नालंदा सदन मोनिका द्वितीय, काशी सदन की अंचल तृतीय, कार्ड प्रतियोगिता में तक्षशिला सदन की मुस्कान प्रथम, विक्रमशिला सदन की मुस्कान तृतीय व काशी सदन की अंकिता व नालंदा सदन की रवीना ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल प्रो. आरती वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में रिया-कृतिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में शनिवार को नशा व सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एंटी-ड्रग पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बायोटेक्नोलॉजी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की रिया, कृतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इशिका (स्नातक तृतीय वर्ष) को द्वितीय और पलक (स्नातकोत्तर प्रथम सत्र) को तृतीय स्थान मिला। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने प्रतिभागियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से एक स्वस्थ और नशामुक्त समाज की दिशा में मजबूत कदम उठाए जा सकते हैं।

### विधायक सुधीर के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विधायक सुधीर शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को भाजयुमो ने विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण व हरित आवरण बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने और उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुशील कपूर ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और जन्मदिन पर पौधरोपण करना आने वाली पीढ़ी के लिए एक अमूल्य उपहार है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवाओं की जागरूकता को दर्शाती है।

### दाड़ी में सुधीर शर्मा की दीर्घायु को अनुष्ठान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा के जन्मदिन पर युवा कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर दाड़ी में विशेष अनुष्ठान किया। इस दौरान दाड़ी में लोगों को हल्वे का प्रसाद भी वितरित किया गया। युवा कार्यकर्ता राकेश भारद्वाज ने बताया कि ऐसा नेता जो गरीब और जरूरतमंदों की मदद को हमेशा तत्पर रहता है, ऐसे नेता की दीर्घायु व स्वास्थ्य अच्छा रहे, उसके चलते दाड़ी शिव मंदिर में अनुष्ठान किया गया। इस दौरान विधायक सुधीर शर्मा की दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना भगवान से की गई।

# जल्द खुलेगा बेड़ियों में जकड़ा कन्वेंशन सेंटर

## वर्षों पहले बने सेंटर का अब तक नहीं हो सका इस्तेमाल, एडीबी फंड से हुआ था निर्मित, अब की जा रही रनोवेशन

**अब आय का साधन बनेगा सेंटर, प्रयास तेज**

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में निर्मित कन्वेंशन सेंटर की बेड़ियां अब जल्द खुलने की आस जगी है। वर्षों पहले बने इस कन्वेंशन सेंटर को अभी तक इस्तेमाल में नहीं लाया जा सका है। एडीबी फंड से निर्मित इस भवन का प्रयोग न होने के चलते अब इसकी रेनोवेशन की जरूरत आन पड़ी है।

अब जबकि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) का मुख्यालय भी धर्मशाला आ चुका है, ऐसे में इस आलीशान भवन को आय का जरिया बनाने को लेकर प्रयास तेज होने लगे हैं। यह कन्वेंशन सेंटर मैक्लोडगंज स्थित क्लब हाउस के साथ बना है, लेकिन निर्माण से लेकर अभी तक इसे इस्तेमाल ही नहीं किया जा सका और इसके प्रवेश द्वार पर बेड़ियों में लटका ताला, पर्यटन विकास को धत्ता बता रहा है। जानकारों की मानें तो पर्यटन विकास की बात तो कही जा रही है, लेकिन निगम की ऐसी आलीशान संपत्तियों का दोहन नहीं हो पा रहा है। यदि निगम ऐसी संपत्तियों की ओर ध्यान दे तो यह संपत्तियां निगम की आय में बढ़ोतरी का अच्छा माध्यम बन सकती हैं।



मैक्लोडगंज में क्लब हाउस के साथ बना कन्वेंशन सेंटर, जिस पर लंबे समय से ताला लटका हुआ है।



"मैक्लोडगंज में निर्मित कन्वेंशन सेंटर को मरम्मत की भी जरूरत है, कुछ पैसा आया था, जिससे मरम्मत का कार्य चल रहा है। जल्द ही इस बारे रणनीति बनाई जाएगी, जिससे कि यह कन्वेंशन सेंटर निगम की आय का साधन बन सके, इस दिशा में कदम उठाए जाएंगे।
-डॉ. राजीव कुमार, एमडी, एचपीडीसी

### संपत्तियों का होगा निरीक्षण

**एचपीटीडीसी** के अधिकारियों की मानें तो निगम की जो संपत्तियां हैं, उनका निरीक्षण किया जाएगा। यही नहीं इन संपत्तियों के बेहतर उपयोग की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। शादी व अन्य समारोह इन संपत्तियों में किए जा सकते हैं।

## श्री गुग्गा छतरी सलोह में 9 से शुरू होंगे मेले

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल भवारना के तहत स्थित प्रसिद्ध श्री गुग्गा छतरी मंदिर सलोह में इस वर्ष 9 अगस्त से वार्षिक मेलों का शुभारंभ होगा। मंदिर के सहायक पुजारी अक्षय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्षाबंधन के दिन सुबह 8 से 9:30 बजे तक छत्र और ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। बाबा जी की पहली फेरी 11 अगस्त को सलोह, अरला और कथियाड़ा होकर निकाली जाएगी। दूसरी फेरी 13 अगस्त को ठाकुरद्वारा, सुलह, घड़ूं, दैहण, मनसिंबल व ठम्बा क्षेत्र में जाएगी, जबकि तीसरी फेरी 14 अगस्त को मैंझा, चिम्बल्हार, सुलह, फरेढ़ व गरला में निकलेगी। 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष पूजन होगा और 17 अगस्त की रात 12 बजे जागरण किया जाएगा। मेलों का समापन 18 अगस्त को शांति हवन के साथ होगा। पुजारी ने बताया कि मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के रहने और खाने की उत्तम व्यवस्था की गई है।

## मादक पदार्थ तस्करी मामले में दोषी को तीन साल की सजा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना डमटाल के तहत 28 मई 2018 को दर्ज एक मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आरोपी उत्तम चंद पुत्र मांगा राम निवासी गांव व डाकघर भदरोया, तहसील इंदौरा को अदालत ने दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास और 10,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न नूरपुर ने जानकारी दी कि पुलिस ने आरोपी के रिहायशी मकान में छापेमारी के दौरान 21.05 ग्राम चिट्टा, 613 पैरावन सपास कैप्सूल्स और 3,000 रुपए की नकदी बरामद की थी।

मामला अभियोग संख्या 151/18 अधीन धारा 21, 22, 61-85 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय नूरपुर ने मामले की सुनवाई पूरी कर सजा सुनाई। बताया गया कि आरोपी उत्तम चंद एक कुख्यात तस्कर है, जिसके विरुद्ध हिमाचल और पंजाब में अन्य मामले भी विचाराधीन हैं।

## गैलेक्सी स्कूल में मनाया रक्षाबंधन पर्व




गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में तीसरी से कक्षा पांचवीं तक के बच्चों ने रक्षाबंधन विषय पर ग्रुप डांस प्रस्तुत किया।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में मानसून छुट्टियों के दौरान रक्षाबंधन को बच्चों ने जोश और उमंग के साथ मनाया।

कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों ने रक्षाबंधन विषय पर ग्रुप डांस प्रस्तुत किया, जबकि छठी और सातवीं कक्षा के छात्रों ने पोस्टर मेकिंग की। आठवीं, नवमी और ग्यारहवीं के छात्रों ने राखी पर मॉडल मेकिंग में भाग लिया। जूनियर वर्ग में नेहरू सदन प्रथम, शिवाजी सदन द्वितीय, टैगोर तृतीय और आजाद चौथे स्थान पर रहा। वहीं, सीनियर वर्ग में मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में शिवाजी सदन प्रथम, टैगोर द्वितीय, आजाद तृतीय और नेहरू चौथे स्थान पर रहे। स्कूल प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के प्रेम और परिवार के मजबूत रिश्तों का प्रतीक है। इन त्योहारों से ही रिश्तों में भावनात्मक प्रेम और परिवार के आधार को जीवन में समझा जाता है।

## लॉटरी से नहीं, नीतियों से सशक्त बनेगा प्रदेश : विनोद

**अनंत ज्ञान, गरली।** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में लॉटरी प्रथा को दोबारा शुरू करने के फैसले ने राजनीतिक हलकों में बहस छेड़ दी है। जहां सरकार इसे अतिरिक्त राजस्व का जरिया बता रही है, वहीं विपक्ष इसे सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से घातक बता रहा है। मंडल भाजपा परागपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह फैसला युवाओं, गरीबों और श्रमिक वर्ग को जुए की लत में धकेलने वाला है। लॉटरी से आमजन को फायदा नहीं होता, नीतियों से ही प्रदेश सशक्त होगा। विनोद कुमार ने कहा कि वीरभद्र सिंह और प्रो. प्रेम कुमार धूमल जैसे दूरदर्शी नेताओं ने पहले ही इस प्रथा के दुष्परिणामों को समझ लिया था और इसे बंद कर दिया था।

## बढ़ती जनसंख्या ही हिमाचल की आपदाओं की जड़ : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पूर्व** मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता शांता कुमार ने हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं पर सुप्रीम कोर्ट की तीखी टिप्पणी का स्वागत करते हुए उसे जरूरी चेतावनी बताया है। उन्होंने कहा कि यदि हालात नहीं बदले, तो सुप्रीम कोर्ट की आशंका 'हिमाचल विलुप्त हो सकता है, वास्तव में परिणत हो सकती है।



शांता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने विकास, पर्यटन और निर्माण के नाम पर प्रकृति से हो रहे खिलवाड़ की ओर संकेत किया है, लेकिन इस पूरे परिदृश्य के मूल कारण जनसंख्या विस्फोट की ओर ध्यान नहीं गया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या ही वह जड़ है, जिससे निर्माण, वन कटान, रेत-बजरी माफिया और संसाधनों का अत्यधिक दोहन जैसी समस्याएं उपजती हैं। उन्होंने बताया कि 1947 में भारत की आबादी 34 करोड़ थी, जो 2025 में बढ़कर 142 करोड़ हो चुकी है। हिमाचल की आबादी भी 1971 में 34.6 लाख थी, जो अब 78.5 लाख हो गई है। यह वृद्धि संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डाल रही है।

शांता ने भारत में जारी गरीबी, बेरोजगारी और अपराध दर के पीछे भी बढ़ती जनसंख्या को सबसे बड़ा कारण बताया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि वह केंद्र सरकार को निर्देश दे कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए ठोस कानून लाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने विधायक सुधीर शर्मा को आपदा पीड़ितों की मदद में 60 लाख रुपए देने और वाइस एडमिरल बने संजय वात्स्यायन को बधाई भी दी।

## अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के चलते रावी किनारे चलाया सर्च ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**श्री** अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के उद्देश्य से पंजाब पुलिस और आईटीबीपी (इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस) ने रावी नदी के किनारे लगते गांवों व गुज्जरों के डेरों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया।

डीएसपी सुखवीर सिंह के नेतृत्व में कमुयाल, सिद्दोडी, राजपुरा, हरूर व निजी कंपनियों से सटे क्षेत्रों में लगभग 40 जवानों और अधिकारियों ने सर्च अभियान चलाया। इस दौरान एएसआई धर्म पाल, एएसआई मुख्तियार सिंह सहित आईटीवीपी के जवान भी मौजूद रहे।

सुरक्षा टीमों ने गुज्जर समुदाय के डेरों की गहन तलाशी ली और मुखियों को सख्त हिदायत दी कि कोई भी संदिग्ध या नया व्यक्ति डेरों में आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। डीएसपी ने कहा कि अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर चौकसी अत्यंत आवश्यक है, ताकि कोई भी संदिग्ध तत्व क्षेत्र में घुसपैठ न कर सके।



पंजाब पुलिस और आईटीबीपी ने रावी नदी के किनारे लगते गांवों व गुज्जरों के डेरों में पूछताछ की।

## अंगदान जागरूकता में योगदान के लिए यूवा एनजीओ सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 15वें भारतीय अंग दान दिवस पर यूवा एनजीओ को राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन और स्वास्थ्य विभाग, हिमाचल सरकार द्वारा अंगदान जागरूकता में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला में आयोजित समारोह में यूवा के राज्य प्रवक्ता कमल ठाकुर ने ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. सीता ठाकुर और डॉ. यशपाल रंटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। संगठन की कांगड़ा इकाई ने नई कार्यकारिणी भी घोषित की, जिसमें समीक्षा अध्यक्ष, अर्चित व मेघना उपाध्यक्ष, विपिन संयुक्त सचिव और पीयूष महासचिव बने।।

## जीएसटी फाइल भरने के प्रति सजग रहें व्यापारी : बलदेव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पपरोला में जीएसटी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहायक आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी बलदेव ठाकुर व सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी प्रशांत भारद्वाज विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने व्यापारी वर्ग को जीएसटी व इससे संबंधित कई अहम विषयों पर जानकारी दी। बैठक में व्यापार मंडल पपरोला से मनोज सूद व बैजनाथ से मनोज कपूर ने दोनों अधिकारियों को शॉल-टोपी पहनाकर सम्मानित किया। सहायक आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी च बलदेव ठाकुर ने व्यापारी वर्ग को बताया कि जीएसटी के दायरे में आने वाले हर व्यापारी को अपने बोर्ड के साथ जीएसटीएन लिखना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जीएसटी के संदर्भ में इस अवसर पर एडवोकेट अंकित सूद, एडवोकेट नीरज मेहता, सुरिंद्र मोहन सूद, राम तिलक व कई अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## विवेकानंद स्कूल की शिक्षका और छात्रा ने वेटलिफ्टिंग में जीते पदक

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**विवेकानंद** सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शारीरिक शिक्षा अध्यापिका उषा ने जिला कांगड़ा के शाहपुर कोटला में आयोजित अस्मिता वेटलिफ्टिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा तनु सिंह ने भी कांस्य पदक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

स्कूल के डायरेक्टर पंकज भानोट ने अध्यापिका और छात्रा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से स्कूल का नाम रोश हुआ है। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ ने उषा और तनु सिंह को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



स्कूल के डायरेक्टर पंकज भानोट ने दोनों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी

## बज्रेश्वरी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में श्रावण अष्टमी के अंतिम मेले के दिन भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु डोल-नगाड़ों संग तहसील चौक से मंदिर तक पहुंचे। कनिष्ठ अभियंता विजय कुमार ने बताया कि लगातार बारिश के बावजूद दर्शनार्थियों को कोई असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया। इस बार लंगर में चपाती की भी व्यवस्था की गई। अधिकारियों और कर्मचारियों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



**सहायता** विधायक ने अपने जन्मदिन पर आपदा प्रभावितों को बांटे 21 लाख के चेक

# सुधीर निकिता की पढ़ाई का उठाएंगे खर्च

**निकिता को भेंट की एक लाख की एफडी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पूर्व** मंत्री एवं वर्तमान में धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने अपने जन्मदिन पर मिसाल पेश करते हुए थुनाग में आपदा प्रभावितों को लगभग 21 लाख रुपए के चेक वितरित किए।

थुनाग में आयोजित कार्यक्रम में उनके साथ नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विधायक प्रकाश राणा व भारतीय जनता पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। सभी ने सुधीर शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आपदा में अपने परिवार खो चुकी निकिता का आजीवन पढ़ाई का खर्च उठाने का फैसला भी लिया। इसके अतिरिक्त सुधीर ने निकिता के नाम एक लाख रुपए की एफडी भी उपहार स्वरूप भेंट की। सुधीर शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला में लगभग 108 आपदा प्रभावित परिवारों को 58 लाख घर बनाने और घर की मरम्मत के लिए दिए। इसके अगले चरण में शनिवार को थुनाग में आपदा प्रभावितों को राहत राशि प्रदान की।

थुनाग और सराज में सुधीर ने पीड़ित परिवारों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की तथा कहा को वे इस दुख की घड़ी में खुदको अकेला न समझें और हौंसला रखें। वह आगे भी प्रभावित लोगों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।



सुधीर ने आपदा से पीड़ित परिवारों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर नगरोटा में श्रीमद्भागवत कथा 13 से

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**श्री** लक्ष्मी नारायण मंदिर नगरोटा बगवां में 13 अगस्त से लेकर 19 अगस्त तक श्रीमद भागवत कथा आयोजित होगी। कथा वाचक स्वामी गोपाला नंद महाराज और स्वामी रामदास महाराज अपने प्रवचनों से संगत को निहाल करेंगे। यह विशेष धार्मिक समागम श्री पंच रामानंदीय वैष्णव दुआबा मंडल पंजाब, दिगंबर अखाड़ा और श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रबंधकारिणी सभा नगरोटा बगवां की ओर से आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी पंडित शेष पाल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ 13 अगस्त को कलश यात्रा से होगा, जो कि सुबह नौ बजे लेकर 11 बजे तक निकाली जाएगी। वहीं, हर रोज सुबह आठ बजे से लेकर 10 बजे तक पूजन हुआ करेगा, जबकि दोपहर अढ़ाई बजे से लेकर शाम साढ़े पांच बजे तक प्रतिदिन श्रीमद भागवत कथा हुआ करेगी। यही नहीं, हर रात्रि आठ बजे लेकर 10 बजे तक भजन संकीर्तन होगा। श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन 19 अगस्त को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा लगाया जाएगा। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि आसपास के सभी भक्तजन इस विशेष धार्मिक समागम में सादर आमंत्रित हैं।

## सत्यम सेवार्थ समिति ने आपदा प्रभावितों के लिए भेजे 30 टेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बरसात** ने मंडी जिले में भारी कहर बरपाया है। कई लोग बेघर हो चुके हैं तथा कइयों ने अपनों को खो दिया है। आपदा प्रभावितों की मदद के लिए हाथ बढ़ रहे हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को शाहपुर के राजोल से टेंट वाहन आपदा प्रभावितों के लिए भेजा गया। सत्यम सेवार्थ समिति की ओर से मंडी के आपदा प्रभावितों के लिए 30 टेंट भेजे गए। भाजपा नेता कमल शर्मा ने बताया कि आपदा प्रभावितों के लिए जिन चीजों की जरूरत है, उन्हें उपलब्ध करवाने हेतू निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्हें टेंट उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया था, जिस पर शनिवार को अंबाला कैंट से मंगवाए गए टेंट भेजे गए हैं। यह टेंट अंबाला कैंट से मंगवाए गए हैं, प्रत्येक टेंट में 7 से 8 लोग रह सकते हैं। यह टेंट लोगों को भारी बारिश और तूफान से बचाने में सक्षम हैं। इससे पहले भी भाजपा संगठन की ओर से राशन व अन्य जरूरी वस्तुएं मंडी आपदा प्रभावितों के लिए भेजी गई हैं।



मंडी आपदा प्रभावितों के लिए टेंट के वाहन को रवाना करते कमल शर्मा।

## लगातार बारिश से फिर धंसा खड़ा डंडा मार्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला से खड़ा डंडा जाने वाला मुख्य मार्ग लगातार बारिश के चलते एक बार फिर धंस गया है। सड़क पर जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और कई हिस्सों में सड़क टूट चुकी है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। क्षेत्र में भू-स्खलन का खतरा भी बढ़ गया है। लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन विकास सूद ने बताया कि बारिश के चलते मरम्मत कार्य प्रभावित हुआ है, लेकिन मौसम साफ होते ही सड़क की मरम्मत शुरू की जाएगी। निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## पीएचसी नक्की में चारदीवारी व सुविधाओं का होगा विस्तार



नक्की अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित।

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नक्की में शनिवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. तरुण भारद्वाज ने की, जबकि समिति की चेयरमैन एवं जिला परिषद समिति की उपाध्यक्ष स्नेहलता परमार विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अस्पताल में आने वाले मरीजों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की समीक्षा की गई। साथ ही कुछ समस्याओं, विशेषकर टूटी हुई चारदीवारी और आवारा पशुओं के अस्पताल परिसर में प्रवेश जैसी गंभीर चिंताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति की चेयरमैन स्नेहलता परमार ने बताया कि अस्पताल की चारदीवारी पिछले दिनों टूट गई थी, जिससे पशु परिसर में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए समिति ने चारदीवारी के पुनर्निर्माण के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर जिलाधीश कांगड़ा को भेजा है। इस दौरान स्नेहलता परमार ने कहा कि समय समय पर रोगी समिति की बैठक करवाई जाएगी, ताकि यहां आने वाले मरीज को कोई परेशानी हो। बैठक में सरकार द्वारा मरीजों के लिए चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी साझा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अस्पताल में सफाई, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और दवा वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।

# बारिश से एचआरटीसी के 100 रूट प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम मंडल धर्मशाला के अंतर्गत शनिवार को भी सौ के करीब बस रूट प्रभावित हुए। इनमें से 63 रूट ऐसे थे, जिनमें बसें फंस गई, जबकि 37 रूटों पर बसों को खराब मार्ग के चलते भेजा नहीं गया।

लगातार जारी बारिश के चलते भूस्खलन व अन्य कारणों से 63 रूटों पर गई बसें रोक दी गई हैं। वहीं 37

**63 रूटों पर गई बसें फंसी, 37 रूट सस्पेंड**

रूट सस्पेंड कर दिए हैं। मंडल प्रबंधन की ओर से चालकों व परिचालकों को बरसात के दौरान रूटों पर जाते समय विशेष एहतियात बरतने के दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि एचआरटीसी धर्मशाला मंडल के तहत धर्मशाला, नगरोटा बगवां, पालमपुर, पठानकोट, बैजनाथ, चंबा और जोगिंदर नगर डिपो आते हैं। उधर, एचआरटीसी मंडल धर्मशाला के डीएम पंकज चड्ढा ने बताया कि शनिवार को धर्मशाला मंडल की 63 बसें अभी विभिन्न रूटों पर फंसी हुई हैं। 100 बस रूट प्रभावित हो रहे हैं। चालकों और परिचालकों को यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जोखिम न लेने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

# नगरोटा उद्योग एसो. की नई कार्यकारिणी गठित



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां उद्योग एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को जितेंद्र सोढ़ी (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आयुष ग्रुप ऑफ कंपनीज इंडिया) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से हुए इस चुनाव में कुमुद मेहता को एसोसिएशन का नया अध्यक्ष चुना गया। कमल बेदी और सुमित खन्ना को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। राजेश गुप्ता को महासचिव और विनोद धीमान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। यह खबर नगरोटा के औद्योगिक क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और उम्मीद लेकर आई है। नई टीम के नेतृत्व में एसोसिएशन से जुड़े सभी सदस्यों को उद्योगों के विकास और बेहतरी के लिए कई नए कदम उठाए जाने की उम्मीद है।

# पौंग का जलस्तर बढ़ा, अलर्ट जारी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पौंग बांध का जलस्तर इस वर्ष रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है। 2 अगस्त को पौंग झील का जलस्तर 1361.07 फीट दर्ज हुआ, जो पिछले वर्ष की इसी तिथि से 33 फीट अधिक है। बीबीएमबी ने बताया कि वर्तमान में केवल पौंग पावर हाउस की टर्बाइनों से 18,995 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है। 87,586 क्यूसिक तक पहुंच गया है। बीबीएमबी ने संभावना जताई है कि निकट भविष्य में स्पिलवे से अतिरिक्त पानी छोड़ा जा सकता है। निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, राज्य योजना बोर्ड के अध्यक्ष एवं विधायक विधानसभा फतेहपुर भवानी सिंह पठानिया ने पोस्ट में लिखा कि बीबीएमबी ने चेतावनी जारी की है कि डैम का जलस्तर और बढ़ा तो स्पिलवे के गेट के जरिए पानी छोड़ा जा सकता है। दरिया के आसपास जाने से बचें और सावधानी बरतें।

# वीरेंद्र चौधरी ने युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विकास खंड कांगड़ा की जमानाबाद पंचायत में आयोजित सात दिवसीय मिंजर मेले के छठे दिन शनिवार को ज्ञान ज्योति कॉलेज की प्रबंधक वीरेंद्र चौधरी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जूनियर कबड्डी फाइनल मुकाबले में सनराइज क्लब कांगड़ा ने दिलदार क्लब मिहालू को हराकर जीत दर्ज की। मुख्यातिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वीरेंद्र ने युवाओं से खेलों में भाग लेने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। मेला कमेटी प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि समापन दिवस पर कबड्डी और वॉलीबॉल के सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले होंगे।




राहुल कुमार सहगल
ब्यूरो प्रमुख चंबा, मो. 7827866759

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Digital Marketing Consultant
Chamba District President of Aam Aadmi Party
Provide Digital Marketing Services



Sonu Thakur



नीरज नैय्यर
विधायक सदर चंबा

विधायक सदर चंबा
नीरज नैय्यर
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

एकीकृत विकास परियोजना
स्त्रोत स्थिरता एवं जलवायु तन्यक वर्षा आधारित कृषि
वन विभाग हिमाचल प्रदेश
जिला परियोजना अधिकारी, चम्बा

वन विभाग हि.प्र. एकीकृत विकास परियोजना, जिला परियोजना अधिकारी चंबा की ओर से जिला चंबा के समस्त वासियों को अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं। अत: आपसे अनुरोध है कि इस परियोजना में अपनी अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करें तथा परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों को इस परियोजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपना सहयोग दें।

जिला परियोजना अधिकारी, एकीकृत विकास परियोजना चंबा

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Lakshmi Hardware Store




Authorised stockits JK Wall Putty and Paints

Authorised Dealer of Asian Paint ,Ambuja Cement ,Kay2 TMT, Shree Cement Vectus Tanks Evolve Hardware ,Unik Pipe Fitting All Building Material.

Address Chamba -Tissa road at Gholti ,Post Office Sarol opposite to Mahindra Vehicle Showroom Chamba

Phone Number : 8091717628, 8894524773

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं




**Sampoornata Abhiyan Samman Samaroh Chamba, Himachal Pradesh**

Hon'ble Governor Shri Shiv Pratap Shukla, felicitated the District Magistrate and officials for their dedicated efforts in achieving saturation of key indicators under in the Sampoornata Abhiyaan Samman Samaroh organised in Chamba, Himachal Pradesh, The Hon'ble Governor noted that the developmental efforts taking place in an aspirational district like Chamba and in its aspirational blocks Tissa and Pangi were indeed commendable, adding that such campaigns are what reflect genuine change at the grassroots level. Hon'ble Governor also noted that initiatives such as the Sampoornata Abhiyan are a testament to the commitment and dedication of teams at the district and block levels this model and that it would serve as a source of inspiration for other regions.

The Hon'ble Governor also inaugurated the 'Aakansha Haat' and interacted with Self Help Groups (SHGs) and appreciated their innovative products and entrepreneurial drive.

District Magistrate Shri Mukesh Repaswal , District and Block Officials and Frontline workers were felicitated by Hon'ble Governor for their exemplary contribution to saturation of indicators.

The Sampoornata Abhiyaan Samman Samaroh is not just a celebration of milestones. It's a celebration of the spirit of collaborative governance , the resilience of field teams and the aspirational energy of every community driving India's development story.



न्यूज ब्रीफ

## बस की टक्कर से नाले में गिरी पिकअप

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल चौपाल के अंतर्गत नेरवा-रानवी मार्ग पर क्यारनू के समीप डौर नाला में एक एचआरटीसी की बस संख्या एचपी 03बी 6187 ने सेब से लदी पिकअप को टक्कर मारी और पिकअप 100 फीट गहरे नाले में जा गिरी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमाचल पथ परिवहन निगम की लोकल रुट की बस पौड़िया से वापस नेरवा जा रही थी और डौर नाला में सड़क किनारे सेब से लदी पिकअप को पास लेते समय टक्कर लग गई। पिकअप का चालक छत पर तिरपाल बांध रहा था और जैसे ही गाड़ी नीचे जाने लगी चालक ने छलांग मार कर अपनी जान बचाई। इस हादसे में ग्राम बजरोट निवासी टेक सिंह शर्मा की 100 पेटी सेब पूर्णतया नष्ट हो गई है। गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने के तुरंत बाद पिकअप चालक चंद्रकांत शर्मा निवासी तलांघाली तहसील करसोग जिला मंडी ने पुलिस थाना नेरवा में रिपोर्ट दर्ज की और पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची और बस को कब्जे में लिया। उधर, डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है और कहा कि बस चालक मनीष कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बस को कब्जे में ले लिया है और मामले में जांच की जा रही है।

## वन अधिकार अधिनियम पर समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त की अध्यक्षता में शिमला में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अधिनियम के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों और समुदायों को उनके कानूनी अधिकार सुनिश्चित करने के लिए विभागों के बीच समन्वय और कार्यान्वयन प्रक्रिया की समीक्षा करना था। बैठक में विशेष रूप से अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वनवासियों के लिए अधिनियम में किए गए प्रावधानों पर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि यह अधिनियम वनों में रहने वाले समुदायों को भूमि और वन संसाधनों पर अधिकार देने का एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दावों की जांच, ग्राम सभाओं की भूमिका और अभिलेखों के सत्यापन की प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी बनाया जाए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने और ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## रामपुर में किसानों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पशु कल्याण एवं पशुपालन के क्षेत्र में किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन शनिवार को पशु चिकित्सालय रामपुर में किया गया। शिविर में विभिन्न गांवों से आए 20 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस शिविर में पशुपालन पद्धतियों, संतुलित आहार, पशुओं के प्रबंधन तथा बीमारियों की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। शिविर की अध्यक्षता पशु चिकित्सालय रामपुर के प्रभारी डॉ. अनिल शर्मा ने की। शिविर के दौरान किसानों के बीच कैल्शियम, मिनरल मिक्सचर और कृमिनाशक का वितरण भी किया गया, जिससे पशुओं के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि शिविर एटीएमए (आत्मा) परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक टेक्नोलॉजी टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पशु चिकित्सा सर्जन डॉ. अक्षय कुमार, पशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हरीश कुमार एवं पैरा वेट स्टाफ मौजूद रहे।

## भीमकाली मंदिर के पास बच्चों ने रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान, जुब्बा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी में ब्लू पाइन इको क्लब के तत्वावधान में स्थानीय भीमकाली मंदिर के समीप 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने वन महोत्सव का शुभारंभ बान का पौधा रोपित कर किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने मिलकर एक सौ से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। कार्यक्रम पर्यटक व जन कल्याण सभा कुफरी के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण के संतुलन के लिए हर व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए क्योंकि वनों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने बच्चों से अपने आसपास खाली जमीन पर पौधरोपण कर संदेश फैलाने की अपील की।

# हिमाचल के ग्रामीण उत्पादों को पूरी दुनिया में मिल रही पहचान : जनारथा

### आकांक्षी विकास खंडों को मिला सम्मान, स्वयं सहायता समूह की भूमिका की सराहना

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सरकार के प्रयासों को सफलता मिल रही है। शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा ने आज ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित 'संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह' में यह बात कही। यह समारोह आकांक्षी विकास खंडों, चौहारा और कुपवी में बेहतरीन काम करने वालों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था।

विधायक जनारथा ने कहा कि चौहारा और कुपवी खंडों ने नीति आयोग के तीन महत्वपूर्ण सूचकांकों में सुधार दिखाया है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये दोनों खंड जल्द ही हर मानक पर सुधार करते हुए आकांक्षी सूची से बाहर निकल आएंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। इससे न केवल ग्रामीण महिलाओं को घर बैठे स्वरोजगार मिल रहा है, बल्कि विलुप्त हो रहे पारंपरिक उत्पाद भी फिर से जीवित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वयं सहायता समूहों को 'हिम ईरा ब्रांड' के तहत एक मंच पर लाया है, जिससे हिमाचल के उत्पाद अब पूरी दुनिया में पहुंच रहे हैं। उन्होंने आम जनता से भी इन समूहों के उत्पादों को खरीदने की अपील की।



### समारोह में इन अधिकारियों को मिला सम्मान

**समारोह** में विधायक ने आकांक्षी विकास खंडों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खंड चिकित्सा अधिकारियों, जिला कार्यक्रम अधिकारियों, बीडीओ, सीडीपीओ, और कृषि विशेषज्ञों सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।

### 8 अगस्त तक जारी रहेगी प्रदर्शनी

### प्रदर्शनी में दिखे स्थानीय उत्पाद

**इस** मौके पर चौहारा और कुपवी के स्वयं सहायता समूहों द्वारा 'आकांक्षा हाट' के तहत स्थानीय और प्राकृतिक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। यह प्रदर्शनी 8 अगस्त तक जारी रहेगी, जहां स्थानीय लोग और पर्यटक इन उत्पादों को खरीद सकेंगे।

## सेब कलेक्शन सेंटरों में देरी से बागवानों को दोहरा नुकसान : चेतन बरागटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर सेब बागवानों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण इस साल बागवानों को दोहरा नुकसान हो रहा है, क्योंकि सेब सीजन शुरू हुए एक महीने से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन अभी तक कई क्षेत्रों में सेब कलेक्शन सेंटर नहीं खोले गए हैं।

बरागटा ने बताया कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में 15 जुलाई तक इन सेंटरों को स्थापित कर दिया जाता था, जिससे बागवानों को अपनी सी ग्रेड सेब को उचित मूल्य पर बेचने में मदद मिलती थी। लेकिन इस बार सेंटरों के देरी से खुलने के कारण बागवानों को अपना सेब खुले बाजार में कम दामों पर बेचना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

बरागटा ने आरोप लगाया कि सरकार ने कोटखाई और जुब्बल जैसे प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों में कलेक्शन सेंटरों की संख्या में भी भारी कटौती की है। उन्होंने बताया कि कोटखाई में पहले एचपीएमसी के 68 सेंटर थे, जिन्हें घटाकर 40 कर दिया गया है।

### एचपीएमसी और हिमफैड के कलेक्शन सेंटर घटाए

**जुब्बल** में एचपीएमसी और हिमफैड के कुल 48 सेंटर होते थे, जिन्हें अब 28 किया जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जुब्बल में इस बार हिमफैड का एक भी सेंटर नहीं खोला जाएगा, जिसे उन्होंने बागवानों के साथ 'सीधा अन्याय' बताया।



### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की चुप्पी चिंताजनक

**बरागटा** ने स्थानीय विधायक और शिक्षा मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर हमेशा चुप रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है। बरागटा ने मांग की है कि जुब्बल-कोटखाई में एचपीएमसी के साथ-साथ हिमफैड के सेब कलेक्शन सेंटरों को भी पूर्व की तरह फिर से स्थापित किया जाए, ताकि बागवानों को राहत मिल सके।

## छात्रों ने सजाए पारंपरिक हिमाचली और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के स्टॉल

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहड़ू।** हिमालयन पब्लिक स्कूल रोहड़ू में शनिवार को 2025 का फूड फेस्टिवल धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में उपमंडलाधिकारी धर्मेश रमोत्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के कौशल और सांस्कृतिक समझ में वृद्धि होती है। इस फेस्टिवल में छात्रों ने पारंपरिक हिमाचली और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के सजाए गए स्टॉल लगाए। इसके साथ ही, स्कूल ने एक दिवसीय चिकित्सा शिविर और बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया।

हिमालयन पब्लिक स्कूल में छात्रों के स्वास्थ्य और वित्तीय समझ को बढ़ाने के लिए एक चिकित्सा शिविर और कैनरा बैंक द्वारा नाबालिगों के लिए बैंक खाता खोलने की सुविधा दी गई। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य रंजू शर्मा व चैयरमेन दिनेश शर्मा, एडमिन नगेंद्र लूटा, जगदेव चौहान, दिनेश शर्मा, पवन सुर्याण, बलवंत शर्मा, पृथ्वीराज नेगी, स्वीटी शर्मा, वंदना शर्मा, सुरुचि शर्मा, दिव्या ठाकुर, निधि चौहान, पूजा, पूजा ठाकुर, कुलदीप, मधु दत्ता, हितम्बदा राणा, आंचल शर्मा, अजय शर्मा, वनिता चौहान, रविकांता, अंकिता शर्मा, पूजा कल्याण, निकिता राठौर, श्रुति शर्मा व सभी अध्यापकों ने इस भव्य आयोजन की शुभकामनाएं दीं।



### हिमालयन स्कूल रोहड़ू में फूड फेस्टिवल का आयोजन

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, कुमारसैन।** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 के सफल आयोजन के लिए शनिवार को उपमंडल कार्यालय कुमारसैन में एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (ना.) मुकेश शर्मा ने की। इस बैठक में पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति, विद्युत विभाग, स्थानीय पंचायतों के प्रतिनिधि, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, व्यापार मंडल व विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में समारोह की रूपरेखा, कार्यक्रम स्थल की सज्जा, परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, झंडारोहण सहित सभी आवश्यक तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। यह तय हुआ कि समारोह का आयोजन इस वर्ष भी ऐतिहासिक दरबार मैदान में किया जाएगा। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम मुकेश शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे एवं परेड की सलामी लेंगे। परेड में भाग लेने वालों में हिमाचल पुलिस, एनसीसी, एनएसएस एवं स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

## एबीवीपी ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला रामपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे प्रदेश में चल रही विद्यार्थी परिषद के आंदोलन आत्मक गतिविधि के अंतर्गत जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन रामपुर में किया गया। प्रदर्शन में जिला रामपुर के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में चल रही छात्रों की मांगों को प्रशासन के समक्ष उठाया।



रामपुर में मांगों को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए।

एबीवीपी के जिले संयोजक रवि कुमार ने बताया कि किस प्रकार से प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही छात्र विरोधी नीतियों को पर प्रदेश में लागू करती है। किस प्रकार उस समय की वर्तमान प्रदेश सरकार ने 2013 में छात्रों का लोकतांत्रिक अधिकार छात्र संघ चुनाव को पूर्ण रूप से प्रदेश भर में बंद कर दिया गया था। इस प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही राजनीतिक देश के कारण बहुत से शैक्षणिक संस्थाओं को बंद किया है इस प्रदेश सरकार ने सत्ता संभालते ही रामपुर के अंदर जो पूर्व की सरकार ने एक संस्कृत कॉलेज खोलने की घोषणा की थी उसे पूर्ण रूप से डी नोटिफाई कर दिया। इसके लिए रामपुर क्षेत्र के आसपास के विद्यार्थियों को संस्कृत विषय की अपनी पढ़ाई करने के लिए शिमला मंडी जाना पड़ता है। किस प्रकार यह प्रदेश सरकार चुनाव से पहले युवाओं को 5 लाख नौकरी देने का वादा करती है परंतु धरातल पर अभी तक कुछ नहीं मिलता। पूरे देश भर में एनईपी को लागू होकर लगभग 5 वर्ष हो चुके हैं परंतु हिमाचल प्रदेश में 5 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अभी तक धरातल पर नहीं उतारा गया है।

इसी के साथ विद्यार्थी परिषद में महाविद्यालय की भी कुछ मांगों को आम जनमानस को केंद्रित करते हुए धरने के माध्यम से रामपुर के समस्त जनता के सामने रखा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक रवि वर्मा के द्वारा की गई इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री पवन कुमार खेलो भारत गतिविधि जिला संयोजक आदित्य व रामपुर इकाई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी कोलडैम ने आपदा पीड़ितों को दिए 8 लाख रुपए



मंडी के डीसी अपूर्व देवगन को चेक सौंपते एनटीपीसी के अधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**मंडी** जिले में आपदा से भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए एनटीपीसी कोलडैम ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत मंडी जिले के लिए 8 लाख रुपए की वित्तीय सहायता और 150 कंबलों का योगदान दिया है।

यह सहायता राशि एवं राहत सामग्री एनटीपीसी कोलडैम के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर, मानव संसाधन प्रमुख उमेश कुमार और वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. अंजुला अग्रवाल द्वारा मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन को औपचारिक रूप से सौंपी गई। यह राशि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा मंडी के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाई जाएगी, ताकि राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। डीसी देवगन ने एनटीपीसी द्वारा किए गए इस जनहितकारी योगदान की प्रशंसा करते हुए इसे आपदा के समय समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## डीसी ने फील्ड में सक्रियता से काम करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय स्थित ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डीसी ने ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए फील्ड स्तर पर सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने बंद पड़े शौचालयों को जल्द सुचारु करने और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारियों को स्कूलों, आंगनबाड़ियों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मंदिरों, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, बस स्टैंड और बाजार परिसरों के आसपास शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मंडी भराड़ी में सार्वजनिक शौचालय के लिए भूमि चिन्हित कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के भी आदेश दिए गए। परियोजना अधिकारी यशपाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में 537 शौचालय निर्माण का लक्ष्य शत–प्रतिशत पूरा हुआ। वर्ष 2024–25 में अब तक 639 शौचालय स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 373 का निर्माण पूरा हो चुका है। डीसी ने निर्माणाधीन शौचालयों को शीघ्र पूरा करने और उनकी जियो–टैगिंग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। जिले में कुल 300 कम्युनिटी सैनिटरी कांप्लेक्स बनाए जाने हैं, जिनमें से 270 का निर्माण पूरा हो चुका है।

# कुटबौंगड़ स्कूल को बंद करने के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

बिलासपुर।

प्रदेश सरकार भले ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार और संसाधनों के समुचित उपयोग के लिए स्कूलों को समायोजित (मर्ज) करने की नीति अपना रही है, लेकिन कई ग्रामीण क्षेत्रों में यह निर्णय छोटे बच्चों के भविष्य पर खतरे की घंटी बनता जा रहा है। ऐसा ही मामला झंडूता विधानसभा क्षेत्र की कोसरियां पंचायत के राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुटबौंगड़ में सामने आया है, जहां स्कूल को कुरु कोठी में मर्ज करने के आदेश से ग्रामीणों में गहरा रोष है।

ग्रामीणों का कहना है कि नया स्कूल कुटबौंगड़ से लगभग 4 किलोमीटर दूर जंगली रास्ते पर स्थित है, जहां न कोई सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था है और न ही सुरक्षा की गारंटी। जंगली जानवरों का खतरा दिन के समय भी बना रहता है। आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के लिए अपने बच्चों को रोज निजी साधनों से स्कूल भेजना असंभव है। कुटबौंगड़ स्कूल में वर्तमान में पहली से पांचवीं कक्षा तक 5 छात्र और प्री–प्राइमरी में 15 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ये छोटे बच्चे आने वाले समय में स्कूल की नींव मजबूत करेंगे, लेकिन सरकार ने स्कूल को बंद कर स्थानीय शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का निर्णय लिया है।



कुटबौंगड़ स्कूल को कुरु कोठी में मर्ज करने के आदेश पर रोष जताते लोग।

### अधिकारियों से मिला प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**शनिवार** को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल ने पीसीसी महासचिव विवेक कुमार से मुलाकात कर स्कूल को यथावत बहाल रखने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में एसएमसी प्रधान नीलम कुमारी, उपप्रधान जय चंद ठाकुर, किशोरी लाल सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

### डीसी से मिलेंगे ग्रामीण, जताएंगे विरोध

**उपप्रधान** जयचंद ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों ने सोमवार को डीसी राहुल कुमार से मुलाकात कर स्कूल की स्थिति में कोई छेड़छाड़ न करने की मांग करने का फैसला लिया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी बात नहीं सुनी गई तो वे उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## बैंकिंग व डिजिटल लेन-देन की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पंचायत द्रोबड़ और सोलगजुराशी में जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड शाखा धार टटोह द्वारा वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। बैंक प्रबंधक राजीव शर्मा ने ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं, डिजिटल लेनदेन, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई की जानकारी दी। ग्रामीणों को औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने के लिए प्रेरित किया गया और क्रेडिट अनुशासन के महत्व पर बल दिया गया। इस अवसर पर द्रोबड़ पंचायत प्रधान निशा देवी, सोलगजुराशी प्रधान सोनू देवी और उप प्रधान रूप लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## पंचायतीराज संगठन का संकल्प शिविर आज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन का दो दिवसीय संकल्प शिविर 3 और 4 अगस्त को हरियाणा के करनाल में होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पवार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा सहित कई राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। हिमाचल से ठाकुर हीरा पाल सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, पंचायती राज और संगठन की मजबूती पर चर्चा करना है। यह शिविर छह सत्रों में आयोजित होगा, जिसमें कार्यकर्ताओं को दिशा देने और पंचायत चुनावों की रणनीति बनाई जाएगी।

## लखनपुर और ड्यारा में बताया स्तनपान का महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बिलासपुर द्वारा दुर्गा मंदिर लखनपुर और ड्यारा वार्ड में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों को स्तनपान के महत्व और सही तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता और स्तनपान आधारित प्रश्नोत्तरी भी हुई। दिव्या, खुशबू, तिशिता, स्नेह सहित 47 लोगों ने भाग लिया। आशा कार्यकर्ता नीलम और अंजना भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान को प्रोत्साहित करना था।

## झंडूता के सर्कुलर रोड पर जलभराव से लोग परेशान



**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता बाजार से आनंदघाट तक जाने वाली मुख्य सर्कुलर रोड पर हल्की बारिश के बाद ही जगह-जगह जलभराव हो जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधूरी सड़क और कच्चे हिस्से के कारण सड़क की हालत और भी खराब हो गई है। यह मार्ग कोर्ट, अस्पताल, स्कूल, पुलिस थाना और तहसील कार्यालय जैसे अहम संस्थानों से होकर गुजरता है, जहां रोजाना सैकड़ों लोग आते हैं। कीचड़ और पानी के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। लोकनिर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शहीद नरेश के नाम पर सड़क नामकरण की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पुंछ-राजौरी की सरहद पर 8 नवम्बर 2003 को देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए 40 आरआर डोगरा रेजीमेंट के वीर सिपाही नरेश कुमार की धर्मपत्नी वीर नारी निशा कुमारी ने गांव के लिंक रोड का नामकरण उनके शहीद पति के नाम पर करने की मांग को लेकर भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि चाहिएरी से बोहड़वी गल्लू सड़क का नाम शहीद नरेश कुमार के नाम पर रखने का वादा अब तक अधूरा है। हिमाचल प्रदेश वेटरन सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन (सेनि.) बालक राम शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय समिति द्वारा 7 अगस्त 2022 को इस नामकरण को स्वीकृति दे दी गई थी। संबंधित विभागों और पंचायतों से भी अनापत्ति व समर्थन प्राप्त हो चुका है, फिर भी कार्य अधूरा है। वीर नारी निशा कुमारी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और सैनिक कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल से व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर जल्द कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पूछा कि एक शहीद के सम्मान में इतनी देरी क्यों हो रही है?

कार्यक्रम युवाओं को कृषि, बागवानी और पशुपालन के क्षेत्र में मिलेंगे स्वरोजगार के अवसर

# 4 आईटीआई में कृषि आधारित पाठ्यक्रम शुरू: धर्माणी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**नगर** एवं ग्राम नियोजन, आवास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि प्रदेश के चार आईटीआई में कृषि आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें आईटीआई नादौन में कृषि, आईटीआई घुमारवीं और ठियोग में बागवानी तथा आईटीआई शाहपुर में पशुपालन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को कृषि, बागवानी और पशुपालन के क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। यह बात उन्होंने कंदरौर में डेरीका फार्म प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन के दौरान कही। मंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को बेहतर समर्थन मूल्य देने की भी जानकारी दी।

उन्होंने किसानों और बेरोजगार युवाओं को कृषि आधारित अर्थव्यवस्था से जोड़ने पर जोर दिया। धर्माणी ने डेरीका फार्म के प्रबंधकों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और इसे ग्रामीण रोजगार के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने फार्म को प्रदर्शनी केंद्र बनाने और सोलर डिहाइड्रेशन यूनिट स्थापित करने की सलाह दी। सरकार भी हर संभव सहायता प्रदान करेगी। डेरीका फार्म निदेशक सीरत ने फार्म की विभिन्न इकाइयों और 20 सीधे रोजगार उपलब्ध कराने की जानकारी दी। मौके पर पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, जिला पार्षद गौरव शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कंदरौर में डेरीका फार्म प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन किया।

### घुमारवीं में की विकासात्मक कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय, घुमारवीं में उपमंडल स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना था। मंत्री ने बताया कि हालिया बारिश से घुमारवीं क्षेत्र में सड़कों को 12.5 करोड़ रुपए और जलशक्ति विभाग को 8 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, साथ ही बिजली व व्यक्तिगत संपत्ति को भी क्षति पहुंची है। उन्होंने अधिकारियों को राहत मैनुअल के अनुसार प्रभावितों की सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नशे के विरुद्ध विद्यार्थियों को भी भागीदारी से एक जागरूकता मार्च आयोजित करने की घोषणा की गई। बीबीए विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव देने के लिए सहकारी समिति बनाई गई है, जिसमें एसडीएम को मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही, छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक समिति भी गठित की गई है। बैठक का संचालन एसडीएम गौरव चौधरी ने किया। विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## गर्ग ने सरकार पर लगाया बेरोजगारों को जुए की लत लगाने का आरोप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश कांग्रेस सरकार की लॉटरी पुनः शुरू करने की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने की बजाए उन्हें जुए की लत में फंसा रही है। गर्ग ने कहा कि प्रदेश शराब, चिट्टा, भांग और लॉटरी का अड्डा बन गया है। उन्होंने कांग्रेस पर 5 लाख नौकरियों का झूठा वादा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार युवाओं को नौकरी देने के बजाय लॉटरी की टिकट थमाने में लगी है। उन्होंने कहा कि गरीबों को सड़क किनारे मक्की बेचने पर चालान किया जाता है, जबकि शराब के ठेके खुले रहते हैं। राजेंद्र गर्ग ने भाजपा सरकार आने पर ऐसे फैसलों को तुरंत वापस लेने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने सरकार पर दमनकारी रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया।



## सिविल अस्पताल घुमारवीं में नई व्यवस्था लागू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के सिविल अस्पताल में मरीजों की सुविधा और भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से अस्पताल प्रशासन ने पंजीकरण और ओपीडी समय में बदलाव किया है। अब मरीजों का पंजीकरण सुबह 8:30 बजे से और ओपीडी सेवाएं 9:30 बजे से शुरू होंगी। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. अनुपमा शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग पंजीकरण काउंटर की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें लंबी कतारों में खड़ा न होना पड़े और समय पर इलाज मिल सके। यह पहल बुजुर्गों और गंभीर रोगियों के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है। डॉ. शर्मा ने कहा कि अस्पताल में समयबद्ध, व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के लिए यह बदलाव जरूरी था। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए भविष्य में और सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। अस्पताल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे नई व्यवस्था का पालन करें और निर्धारित समय पर अस्पताल पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठाएं। यह बदलाव घुमारवीं क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

### वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी प्राथमिकता

# मनिंदर भुट्टर के गानों पर नाचा चंबा

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव की छठी सांस्कृतिक संध्या में कैप्टन रमाकृष्ण ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

**अनंत ज्ञान, चंबा**




अंतरराष्ट्रीय मिंजर महोत्सव की छठी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।

**अंतरराष्ट्रीय** मिंजर महोत्सव 2025 की रंगारंग सांस्कृतिक संध्याओं में से एक यादगार संध्या पंजाबी संगीत के नाम रही, जब मशहूर गायक मनिंदर भुट्टर ने मंच संभाला। जैसे ही भुट्टर ने अपनी लोकप्रिय प्रस्तुतियों की शुरुआत की, पंडाल में बैठे दर्शक झूम उठे और चंबा की वादियों में संगीत की गूंज देर रात तक सुनाई देती रही।

इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन रमाकृष्ण मजूमदार (स्टेशन कमांडर, 740 एसयू) उपस्थित रहे। उनके साथ विंग कमांडर अनुप शंकर (चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट रॉबिन द्विवेदी, फ्लाइट लेफ्टिनेंट यशवंत तथा फ्लाइट लेफ्टिनेंट अभय सिंह अपनी धर्मपत्नी अपूर्वा अभय सिंह भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मनिंदर भुट्टर ने अपने सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति से ऐसा माहौल बना दिया कि हर कोई थिरकने को मजबूर हो गया।

उन्होंने दर्शकों को अपने रोमांटिक ट्रैक्स, बीट नंबर और सूफियाना अंदाज के गीतों से बांधे रखा। खास बात यह रही कि भुट्टर ने हिमाचली संस्कृति का सम्मान करते हुए कुछ शब्द चंबयाली में भी कहे, जिसे सुनकर दर्शक उत्साह से भर उठे। इस मौके पर मनिंदर भुट्टर ने कहा, 'चंबा की धरती पर आना मेरे लिए बेहद खास अनुभव है। यहां के लोग और यहां की संस्कृति ने मेरे दिल को छू लिया।' मंच पर कलाकारों की शानदार कोरियोग्राफी और भुट्टर के गीतों के साथ तालमेल ने संध्या को अविस्मरणीय बना दिया। भीड़ ने मोबाइल फ्लैशलाइट्स जलाकर माहौल को और अधिक जादुई बना दिया। मिंजर महोत्सव की यह सांस्कृतिक संध्या इस बात का सबूत थी कि चंबा न केवल अपनी परंपराओं के लिए बल्कि आधुनिक संगीत के साथ सामंजस्य बिठाने में भी अग्रणी है। मनिंदर भुट्टर की यह प्रस्तुति न केवल युवाओं बल्कि हर आयु वर्ग के दर्शकों के लिए खास यादगार बन गई

### सीएम सुक्खू करेंगे मिंजर मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सीएम सुक्खू 3 अगस्त को चंबा पहुंचकर मिंजर मेला के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री दो दिवसीय चंबा प्रवास के दौरान जन समस्याएं सुनने, मेला शोभा यात्रा में भाग लेने और रावी नदी के तट मंजरी गार्डन में मिंजर विसर्जन की रस्म निभाने के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। 3 अगस्त की संध्या वे ऐतिहासिक चौगान में आयोजित अंतिम सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि होंगे और मिंजर स्मारिका का विमोचन करेंगे। 4 को प्रातः 10 बजे मुख्यमंत्री कला केंद्र में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। साथ ही, मेला खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

# विधायक नीरज नैय्यर ने किया चंबा शिमला वोल्वो बस सेवा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**



- चंबा से सुबह 7:30 बजे व शिमला से सुबह 6:00 बजे चलेगी बस
- वाया पठानकोट, जसूर तलवाड़ा, ऊना, चंडीगढ़ व सोलन से चलेगी वोल्वो

**चंबा** से शिमला के लिए बहुप्रतीक्षित वोल्वो बस सेवा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर और एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। यह वोल्वो सेवा चंबा से हिमाचल की राजधानी शिमला को जोड़ने वाली पहली बीएस-6 अल्ट्रा लग्जरी बस सेवा है।

विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि यह सेवा न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि चंबा आने वाले पर्यटकों को भी लाभ देगी। साथ ही, दिल्ली के लिए वंदे भारत ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों के लिए भविष्य में समय सारणी में आवश्यकतानुसार बदलाव किए जाएंगे। बस सेवा प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे चंबा से और प्रातः 6:00 बजे शिमला से चलेगी। मार्ग में यह वोल्वो बस पठानकोट, जसूर, तलवाड़ा, ऊना, चंडीगढ़ और सोलन से होकर गुजरेगी। प्रत्येक बस की लागत 1 करोड़ 51 लाख रुपये है, जो यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की यात्रा सुविधा प्रदान करेगी।

इस अवसर पर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर व हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा के अतिरिक्त, हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक सुरजीत भरमौरी, डीएम पंकज चड्ढा, डीडीएम शुगल कुमार के अलावा अनेक अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरेश ठाकुर को मिली उपाध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सोहन वर्मा ने ब्लॉक किसान कांग्रेस भरमौर 1 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसकी जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष रोहित कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार द्वारा इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। सुरेश कुमार ठाकुर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### ज्ञान से ही कल्याण संभवः राघव ऋषि

**अनंत ज्ञान, पांगी।** पांगी घाटी के किलाड़ स्थित खेलकूद भवन में श्रीशिवमहापुराण कथा के तृतीय दिवस पर काशी से पधारे पूज्य राघव ऋषि ने मोह और ज्ञान का गूढ़ विवेचन किया। उन्होंने कहा कि संसार में हर व्यक्ति किसी न किसी मोह में बंधा है - पद, प्रतिष्ठा, परिवार, धन या वैभव - और यही मोह व्यक्ति को पतन की ओर ले जाता है। कथा प्रसंग में सती और शिव के विछोह का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सती का मोह ही उनके पतन का कारण बना।



जब स्वयं शिव पत्नी सती को मोह का परिणाम भोगते देखे, तो साधारण मनुष्य इससे कैसे बच सकता है? अतः मोह को त्यागकर शिव में मन लगाना ही सच्चा ज्ञान और कल्याणकारी मार्ग है। देवर्षि नारद के मोह और शिव नाम जप से मिली मुक्ति का उदाहरण देते हुए पूज्य ऋषि ने समझाया कि भगवान शिव का नाम ही करोड़ों पापों का नाशक है। शिव-पार्वती विवाह की पूर्व कथा में उन्होंने बताया कि शक्ति (पार्वती) शिव से पुनः मिलने के लिए तप में लीन हो गईं।

# चरड़ा पंचायत में टूटा पुल, गांव प्रभा की कनेक्टिविटी कटी

## बारिश से दरकते पहाड़; बस स्टैंड व घरों पर मंडरा रहा खतरा, प्रशासन से मदद की मांग



**अनंत ज्ञान, चुराह**

**चुराह** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चरड़ा में बीती रात हुई तेज बारिश ने भारी तबाही मचाई। बारिश के चलते गांव प्रभा को जोड़ने वाला एकमात्र पुल टूट गया है, जिससे पूरे गांव की संपर्क व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बस स्टैंड क्षेत्र पूरी तरह अव्यवस्थित हो गया है और वहां की कई दुकानों व मकानों पर पहाड़ों से गिरते पत्थरों का खतरा मंडरा रहा है।

बीते 72 घंटे से लगातार हो रही बारिश ने स्थानीय लोगों की नींदें उड़ा दी हैं। कई घरों की छतों पर पत्थर गिरने की घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन सौभाग्य से अब तक कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। बस स्टैंड क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं। चारों ओर घबराहट का माहौल है, और पहाड़ी से लगातार गिरते पत्थर लोगों के लिए रात-दिन का भय बन चुके हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि क्षेत्र में हुए नुकसान का आकलन जल्द करवाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जैसे ही मौसम साफ होता है, प्रशासन को क्षेत्र में आकर मौके का निरीक्षण करना चाहिए और क्षतिग्रस्त ढांचों की शीघ्र मरम्मत करवाई जानी चाहिए। साथ ही, भविष्य की ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए स्थायी समाधान की आवश्यकता भी जताई गई है। ग्रामवासियों की यही मांग है कि शासन-प्रशासन जल्द से जल्द राहत कार्य शुरू करे और उन्हें दोबारा सामान्य जीवन की ओर लौटने में मदद दे।

# चूड़ी से राडी रोड पर वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से बंद

**अनंत ज्ञान, धरवाला**



**मैहला** ब्लॉक की राडी पंचायत को जोड़ने वाला चूड़ी पुल से सरसाफट तक का एकमात्र मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। यह सड़क एनएचपीसी चरण-3 के अंतर्गत आती है, जहां कंक्रीट से सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। एक कमजोर पॉइंट जो कंक्रीट पर टिका है, कभी भी गिर सकता है, जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ है। सुरक्षा की दृष्टि से एनएचपीसी ने सड़क पर चेतावनी बोर्ड लगाए हैं, जिनमें स्पष्ट रूप से आवाजाही पर रोक की जानकारी दी गई है। वर्षों से लंबित यह कार्य अब चरणबद्ध तरीके से शुरू हुआ है। स्थानीय लोग वैकल्पिक मार्ग से यात्रा करने को मजबूर हैं।

# बलोठ के उसलाड में भूस्खलन से कई गांवों का जनसंपर्क कटा

**अनंत ज्ञान, धरवाला**



- आपातकालीन स्थिति में गर्भवती महिलाओं को चंबा ले जाना नामुमकिन

**मैहला** ब्लॉक की पंचायत बलोठ के उसलाड क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के चलते बड़े पैमाने पर भूस्खलन हो रहा है। स्थानीय प्रधान देवराज के अनुसार, इस विकराल भूस्खलन के कारण शेर, उसलाड, अखल, धरोत जैसे कई गांवों के लोगों की जान जोखिम में आ गई है। ग्रामीण भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। तिलक राज, रिंकू राम, ज्ञानचंद, भक्त राम, संजय कुमार, छोटू राम, पवन कुमार और मनोज जैसे स्थानीय निवासी शासन-प्रशासन से बार-बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई राहत नहीं पहुंची है।

प्रधान देवराज ने बताया कि स्थैला, घटन, गिरमा, मलोड, रचन धार, भड़ैडा, करांगड़ा, ग्राउंडी, कैला सहित कई गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट चुका है। आपातकालीन स्थितियों में बीमार और गर्भवती महिलाओं को चंबा अस्पताल ले जाना नामुमकिन हो गया है। भूस्खलन से स्कूलों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता पर ग्रामीणों में भारी रोष है।

# कांग्रेस में अनदेखी पर भड़के ठाकुर सिंह भरमौरी, बोले-अब बर्दाश्त नहीं

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

- कहा-पार्टी में मौकापरस्तों का बोलबाला, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की हो रही अनदेखी



**भरमौर** में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व वन एवं मत्स्य मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने कांग्रेस पार्टी में हो रही अनदेखी पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी को उन्होंने पचास वर्षों तक खून-पसीने से सींचा, आज उसी में कुछ मौकापरस्त तत्व हावी हो रहे हैं, जो कभी इधर तो कभी उधर रहते हैं।

भरमौरी ने कहा कि संगठन से बड़ा बनने की होड़ में कुछ लोग पार्टी के सच्चे सिपाहियों को नजरअंदाज कर रहे हैं। अधिकारियों पर दबाव डालकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ा जा रहा है, जिससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। उन्होंने पार्टी अध्यक्षा प्रतिभा सिंह और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की और चेताया कि यदि स्थिति न सुधरी तो कार्यकर्ता भी सड़कों पर उतर सकते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता अमित भरमौरी, पूर्व निदेशक संजय ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खालसा फुटबाल क्लब अमृतसर बना चैंपियन

## अंतरराष्ट्रीय मिंजर फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में तरनतारन को हराया

**अनंत ज्ञान, चंबा**



अंतरराष्ट्रीय मिंजर फुटबाल स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

**चंबा** में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मिंजर फुटबाल प्रतियोगिता 2025 का फाइनल मुकाबला रोमांचक मोड़ पर समाप्त हुआ। सावन की लगातार बारिश के चलते सेमीफाइनल और फाइनल दोनों ही मुकाबलों का निर्णय पेनल्टी शूटआउट के माध्यम से हुआ। फाइनल में डीएफए तरनतारन और खालसा फुटबाल क्लब अमृतसर आमने-सामने थे। कड़े मुकाबले के बाद खालसा फुटबाल क्लब अमृतसर ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले से पूर्व दोनों टीमों का परिचय प्रेम भूषण (कोच) और नरेश खन्ना (डीएफए महासचिव) द्वारा कराया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डीएसपी जीतेंद्र कुमार रहे। उन्होंने विजेता टीम को 25,000 रुपए नगद, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए, जबकि उपविजेता डीएफए तरनतारन को 15,000 रुपए नगद, ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि को गैस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिवकरण चंद्रा, अतुल चौथा, सोहनलाल, विधा सिंह, राजेश, जीतेंद्र सूर्या, शुभम बाली सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कालाबन नरसंहार की पीड़ा के विस्थापन का अब भी दंश झेल रहा बौद्ध समुदाय

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** 3 अगस्त, 1998 को हुए कालाबन-सतरुंडी नरसंहार की 27वीं बरसी है, लेकिन उस दिन का जख्म आज भी चंबा के बौद्ध समुदाय के दिलों में हरा है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन द्वारा किए गए इस बर्बर हमले में 35 निर्दोष हिंदुओं की निर्मम हत्या कर दी गई थी। यह हमला चंबा जिले की शांत पहाड़ियों को दहला देने वाला था।




इस घटना का सबसे गहरा असर भनोडी गांव और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले बौद्ध समुदाय पर पड़ा। भय और असुरक्षा के माहौल ने उन्हें अपनी जन्मभूमि छोड़ने पर मजबूर कर दिया।

### बौद्ध समुदाय की बहाली के लिए ठोस कदम उठाए सरकार: ताशी



**ताशी** दोरजे खंपा कहते हैं कि हमारी मांग यही है कि सरकार हमारी बौद्ध समुदाय की बहाली के लिए ठोस कदम उठाए। हमारे गांव को पुनर्स्थापित किया जाए और हमें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया जाए। यह नरसंहार न केवल एक बड़ी मानवीय त्रासदी थी, बल्कि इसने पूरे चंबा जिले के सामाजिक ताने-बाने को हिला दिया। आज भी पीड़ित समुदाय अपने अधिकारों और पुनर्वास के इंतजार में है। सवाल यह है कि क्या 27 साल बाद भी सरकार और समाज उनकी पीड़ा की ओर गंभीरता से ध्यान देगा?

नालंदा पद्मा रिट्रीट सेंटर, भनोडी के सचिव ताशी दोरजे खंपा बताते हैं, कि कौन नहीं जानता कि हमारी बौद्ध समुदाय उस दिन की भुक्तभोगी है। हमें अपना गांव, अपनी जड़ों से जुड़ी ज़मीन छोड़नी पड़ी। आज भी हमारी अधिकांश आबादी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, भनोडी गांव के लोग घटना के बाद बड़े पैमाने पर चंबा के सुरक्षित इलाकों और अन्य राज्यों में पलायन कर गए। वर्षों तक यह गांव वीरान पड़ा रहा, और जो कुछ परिवार बचे भी थे, वे भय के साये में जीते रहे।

### सूडोकु नवताल- 7510

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7509 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# बिजली बोर्ड का 315 करोड़ का लाभ सीएम की दूरदर्शिता का नतीजा: मनीष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



**राज्य** बिजली बोर्ड ने अपने इतिहास में पहली बार मुनाफा दर्ज करते हुए एक नया अध्याय लिख दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 315 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है, जो अब तक का सबसे बड़ा उपलब्धि आंकड़ा है।

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता मनीष सरीन ने इस उपलब्धि को मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए 'व्यवस्था परिवर्तन' के नारे का पुख्ता सबूत है। जिस विद्युत बोर्ड पर 31 मार्च 2024 तक 3,742 करोड़ रुपए का घाटा था, वहीं बोर्ड आज 315 करोड़ के मुनाफे में है।

सरीन ने कहा कि राज्य सरकार ने पारदर्शी प्रशासनिक नीतियों, वित्तीय अनुशासन और संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से विद्युत बोर्ड को घाटे से उबारने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण करार देते हुए कहा कि बोर्ड को पहली बार मुनाफे में लाकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इतिहास रच दिया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इस मुनाफे के बाद उम्मीद की जा रही है कि प्रदेश में बिजली वितरण व्यवस्था और उपभोक्ता सेवाओं में और सुधार देखने को मिलेगा।

# रिक्त पद भरने की आवेदन तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों को भरना चुनौती बन गया है। मंडी-सदर में पांच आंगनबाड़ी केंद्रों में पद भरे जाने हैं लेकिन अभी तक तीन ही आवेदन मिले हैं। कम आवेदन मिलने पर विभाग ने अंतिम तिथि 22 अगस्त तक बढ़ा दी है। अब आवेदन 22 अगस्त तक किए जा सकते हैं। वभाग ने जुलाई में आवेदन आमंत्रित किए थे। अब तक मंगवाईं-1 आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता और लक्ष्मी नारायण मंदिर, लोअर सुहड़ा-3, लोअर समखेतर-एक और भ्यूली-दो के केंद्रों में सहायिका के पद के लिए तीन ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी मंडी-सदर जितेंद्र सैनी ने बताया कि तीन आवेदन प्राप्त होने के कारण आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

रविवार, 3 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** नवमी (09:43) : **नक्षत्र** विशाखा (06:28), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** शुक्ला (06:15), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:53)। **राहुकाल** (17:26-19:06)।

### विशेष दिन

- 5 अगस्तः राष्ट्रीय मित्रता दिवस आज।
- 3 अगस्त 2025: राष्ट्रीय तरबूज दिवस आज।

**मेषः** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृषः** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा।

**मिथुनः** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**कर्कः** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंहः** पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्याः** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुलाः** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिकः** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से बचें।

**धनुः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकरः** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**कुंभः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। आशा के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मीनः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन हैं।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं ज्योति देवी** (आयु 68 साल) पत्नी स्वर्गीय श्री कमल किशोर निवासी गांव व डाकघर घडंरा, तहसील इन्दौरा, जिला कांगडा, हि.प्र.। ब्यान करती हूं कि मेरा बेटे अरूण कुमार - शशीपाल मेरे कहने सुनने से वाहर हैं। अतः मैं अपने बेटों को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करोट**
**विकास खंड सुजानपुर टीहरा, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत करोट में प्लास्टिक डस्टबीन की खरीद की जानी है । सामग्री की जानकारी नोटिस बोर्ड व पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है। अतः इच्छुक फर्म दिनांक 07/08/2025 से पूर्व अपनी निविदा बंद लिफाफे में स्वयं या डाक के माध्यम से प्रेषित कर सकतें हैं। आपूर्तिकर्ता जीएसटी धारक होना अनिवार्य है।
किसी भी जानकारी हेतू प्रधान ग्राम पंचायत मो. न. 9015167663 व पंचायत सचिव मो. 9816580637 से सम्पर्क कर सकते हैं।)

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत करोट**
**विकास खंड सुजानपुर टीहरा, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**कैन्टोनमैन्ट बोर्ड डलहौजी कैन्ट जिला चम्बा हि. प्र. 176305**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गीता कौड़ा सिंह पुत्री श्रीमति शशि कौड़ा व श्री आर एल कौड़ा निवासी बैलून बाजार डलहौजी छावनी ने निम्नलिखित सम्पत्ति में अपनी हिस्सों को पंजीकृत फैमली सैटलमैन्ट डीड के आधार पर अपने नाम पर करवाने के लिए ओनलाईन ई छावनी पोर्टल पर आवेदन किया हैः

| क्रं. सं. | संपत्ति संख्या | सर्वे संख्या वर्ग | वर्तमान में सम्पति के मालिक का नाम | नामान्तरण का आधार | नामान्तरण के बाद मालिक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सम्पत्ति संख्या 142 व उपरी मंजिल | 88/104, बी-3ए फ्री होल्ड | श्रीमति गायत्री कपूर (142) व श्रीमति शशि कौड़ा (142 ए) | पंजीकृत फैमली सैटलमैन्ट डीड के आधार पर | श्रीमति गायत्री कपूर व गीता कौड़ा सिंह |

2. अगर किसी भी व्यक्ति को उक्त सम्पति नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिन के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रमाण सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त अवधि के बीतने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**स.सीबीडी-5/2/**
**कार्यालय छावनी परिषद**
**डलहौजी छावनी 02 अगस्त 2025**

**हस्ता/-**
**मुख्य अधिशासी अधिकारी डलहौजी छावनी**
**(मेबल किस्टियन)**

किसी को सिर्फ अपने धर्म का सम्मान और दूसरे के धर्म की निंदा नहीं करनी चाहिए। -अशोक

संपादकीय

## कानूनी शिकंजे में रसूखदार दरिंदा

आज एक बार फिर यह सत्य साबित हो गया है कि भारतीय लोकतंत्र में 'न्यायपालिका' वाकई जनता की अंतिम उम्मीद है। यह वह संस्था है, जो किसी भी अपराधी की जाति, धर्म, राजनीतिक पहचान या सामाजिक रुतबे से प्रभावित नहीं होती। बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने यह सिद्ध कर दिखाया है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद की सजा और 10 लाख रुपए जुर्माने का जो कठोर फैसला सुनाया गया है, वह न केवल पीड़िता को न्याय दिलाने वाला है, बल्कि उन तमाम पीड़िताओं के लिए उम्मीद की किरण भी है, जो अपने शोषकों की ताकत के आगे अक्सर चुप रह जाती हैं। यह फैसला देश के न्यायिक इतिहास में एक नजीर बनकर उभरा है। एक ऐसा उदाहरण जो बताता है कि कानून की पकड़ से कोई नहीं बच सकता, चाहे वह किसी राजनीतिक वंश से क्यों न आता हो? प्रज्वल रेवन्ना का अपराध न केवल एक महिला के शरीर और आत्मा के खिलाफ था, बल्कि समाज की उस भरोसेमंद परत के खिलाफ था, जो नेताओं को नायक मानती है।

कभी कर्नाटक के सबसे प्रभावशाली राजनीतिक परिवार का उत्तराधिकारी माना जाने वाला यह व्यक्ति अपनी हवस की भूख में इतना अंधा हो गया कि उसने इंसानियत की सारी हदें ही पार कर दीं। कोर्ट ने जब उसे उम्रकैद की सजा सुनाई तो वह फूट-फूटकर रो पड़ा, लेकिन ये मगरमच्छ के आंसू पीड़िता की पीड़ा का हल नहीं बन सकते। यह फैसला इसलिए भी ऐतिहासिक है, क्योंकि इसमें न्यायालय ने सबूतों की वैज्ञानिकता को सर्वोपरि रखा। डीएनए जांच, पीड़िता के बयान, वीडियो क्लिपिंग और फॉरेंसिक प्रमाणों के आधार पर अदालत ने यह सिद्ध किया कि प्रज्वल दोषी था और किसी भी प्रकार की रियायत के योग्य नहीं। पीड़िता की उम्र 48 साल है और वह प्रज्वल के फार्म हाउस पर काम करती थी। यह तथ्य दर्शाता है कि कैसे सत्ता और पैसे की ताकत से कमजोर वर्गों का यौन शोषण किया जाता है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि पीड़िता ने हिम्मत नहीं हारी और कानूनी लड़ाई लड़ी। यह साहस आज समाज को बलात्कार जैसे अपराधों के खिलाफ बोलने और खड़े होने की प्रेरणा देता है।

यह अकेला मामला नहीं है, जिसने कोर्ट को समाज के सामने नजीर पेश करने का अवसर दिया है। इससे पहले 2020 में उन्नाव बलात्कार मामले में भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को भी उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। दिल्ली में निर्भया केस के दोषियों को 2020 में फांसी देकर सुप्रीम कोर्ट ने बताया था कि बलात्कार किसी एक स्त्री पर नहीं, पूरे समाज की आत्मा पर हमला है। ऐसे ही मामलों से जनता का न्याय व्यवस्था पर भरोसा कायम रहता है और अपराधियों में कानून का डर पनपता है। 24 अप्रैल, 2024 की सुबह हासन में जब रनिंग ट्रैक पर सैकड़ों पेन ड्राइव बरामद हुई थीं, तब कर्नाटक ही नहीं, पूरे देश में एक राजनीतिक भूचाल आ गया था। इनमें प्रज्वल की करीब 3,000 सेक्स क्लिप और फोटो मौजूद थे। यह दृश्य इतना भयावह था कि पूरे देवगौड़ा परिवार की साख धूल में मिल गई। एक के बाद एक 50 महिलाएं सामने आईं, जिनमें 12 ने सीधे तौर पर रेप का आरोप लगाया। प्रज्वल ने अपने रसूख और राजनीतिक ब्लैकमेलिंग का इस्तेमाल कर महिलाओं को डराया, दबाया और ब्लैकमेल किया, लेकिन जब न्याय की प्रक्रिया ने गति पकड़ी, तो वह दीवार दरक गई जिसमें वर्षों से ताकतवर परिवारों के अपराध छुपे रहते थे। यह मामला हमें कई कठोर और जरूरी सवालों से टकराने पर विवश करता है कि क्यों आज भी राजनीतिक संरक्षण पाने वाले अपराधियों को कानून तक पहुंचने में समय लगता है? क्यों अक्सर पीड़िता को ही शक की निगाह से देखा जाता है और क्यों समाज अब भी इतना परिपक्व हो पाया है कि पीड़ित की हिम्मत को सराहे, न कि उसकी चरित्र परीक्षा ले?

स्पेशल कोर्ट का यह फैसला न केवल एक अपराधी की सजा दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सत्ता और संरक्षण के घमंड में डूबे अपराधियों को साफ संदेश देता है कि कानून से बड़ा कोई नहीं होता है। निश्चित रूप से यह फैसला समाज के उस ताने-बाने को भी मजबूत करता है, जो महिला सम्मान और सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है। अब जरूरत इस बात की है कि देश की सभी अदालतें ऐसे ही मामलों में त्वरित और निर्णायक कार्यवाही करें, साथ ही सरकारों को भी चाहिए कि वह महिला सुरक्षा, यौन अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों के पुनर्वास के लिए ठोस नीति बनाएं।

पुलिस व्यवस्था को पीड़िता के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में विशेष प्रशिक्षण दिए जाएं और फास्ट ट्रैक कोर्ट्स को और सशक्त किया जाए। यह याद रखना जरूरी है कि एक बलात्कार केवल एक महिला का जीवन बर्बाद नहीं करता, बल्कि एक समाज की आत्मा को भी लहूलुहान कर देता है। इसलिए जब भी कोई अदालत ऐसा फैसला सुनाती है, तो वह केवल न्याय नहीं करती, वह समाज को चेतावनी देती है और उम्मीद भी। बलात्कारियों के लिए यह एक कड़ा सबक है-चाहे तुम्हारे पीछे प्रधानमंत्री का परिवार क्यों न हो, कानून की नजर में तुम सिर्फ एक अपराधी हो और अब देश यह सहन नहीं करेगा। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि

**मैथिलीशरण** गुप्त खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि थे। महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रेरणा से आपने खड़ी बोली को अपनी रचनाओं का माध्यम बनाया और अपनी कविता के द्वारा खड़ी बोली को एक काव्य-भाषा के रूप में निर्मित करने में अथक प्रयास किया। हिंदी कविता के इतिहास में 'गुप्त' का यह सबसे बड़ा योगदान है। 'गुप्त' जी को कवित्व प्रतिभा और राम भक्ति पैतृक देन में मिली थी। मुंशी अजमेरी के साहचर्य ने उनके काव्य-संस्कारों को विकसित किया। उनके व्यक्तित्व में प्राचीन संस्कारों तथा आधुनिक विचारधारा दोनों का समन्वय था। मैथिलीशरण गुप्त को साहित्य जगत में 'दद्दा' नाम से संबोधित किया जाता था। शिक्षाद्ध काव्य भाषा को छोड़कर समय और संदर्भों के अनुकूल होने के कारण नए कवियों ने इसे ही अपनी काव्य-अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। हिंदी कविता के इतिहास में गुप्त जी का यह सबसे बड़ा योगदान है। ■



मैथिलीशरण गुप्त
जन्म : 3 अगस्त, 1886
मृत्यु : 12 दिसंबर, 1964

### कविता



## दस्स बदला बे तेरा क्या था बिगाड़िया

शिव सान्याल, जवाली, कांगड़ा (हि.प्र.)

दस्स बदला बे तेरा, क्या था बिगाड़िया।
सारी धरती की बेरहमी कज्जो तू उजाड़िया।
सुरगें थे बद था नजारा एत्थु अपणा,
नरके दे द्वार अज्ज कज्जो तू पखाड़िया।
रूड़ी गेइयां कंधा जेहड़ी प्यारे ने संवारियां,
पत्थर तेरी ते रता अज्ज अंग्गें खलारियां।
खड्ड नाले बणीगे थे छैल जेहड़े रस्ते,
माहणुए ते माहणुए अज्ज दूर पच्छाड़िया।
बाल बच्चे रुड़ीगे रुड़ियां जुआनियां,
बुड्ढे ढुड्ढे डुड्ढे की कज्जों अज्ज साड़ियां।
बदला तू फट्टियां पहाड़ां दे पहाड़ रूड़े,
अणथोई बरखा ने सराज इज्यां पाड़िया।
उम्रा दी कमाई करी घर खड़े किते जेहड़े,
ढेई गेइयां इमारतां जिज्यां अंब राड़ियां।
आओ अज्ज रली मिली पुना: दान करिये,
कुदरती मारा अज्ज जिन्हां जो है मारिया।
जुट मिट होई अज्ज करो मिली मदतां,
दुख बटाणे तांई कदी माहणु नैयो हारिया।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# टैरिफ युद्ध : क्या अमेरिका ने भारत के साथ धोखा किया ?



भारत अभी पाक प्रायोजित आतंकवाद से ऑपरेशन सिंदूर से पूरी तरह उबरा नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक नया युद्ध भारत के साथ शुरू कर दिया है, जिसे हम साधारण भाषा में टैरिफ युद्ध कह सकते हैं। क्या टैरिफ युद्ध शुरू करके अमेरिका ने भारत से अपने मित्र से धोखा किया। यह युद्ध अमेरिका द्वारा एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा बना है। अमेरिका यानी ट्रंप भारत से एक ऐसा व्यापार करना चाहते हैं जो बस अमेरिका की रक्षा करे। यही जिद्द और उनकी सनक के कारण ही भारत से सही व्यापार शुल्क समझौता नहीं हो पाया और टैरिफ युद्ध शुरू कर दिया।

क्या वह इस युद्ध से भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने में सफल हो जाएंगे, शायद यही भूल कर रहे हैं। भारत अपनी अस्मिता, व्यापार, जनता, उद्योग, कृषि, मजदूर सबको बचाएगी और भारत ने भारतीयता पहचान को हमेशा से बचाया है और आज भी बचेगा। टैरिफ की लड़ाई में क्या भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तहस-नहस हो जाएग, यह बात तो अब हर भारतीय नागरिक के दिमाग में भर कर गई है कि भारत में फिर से महंगाई और डालर का मूल्य बढ़ेगा। रुपए का अवमूल्यन होगा। हर तरफ तबाही ही तबाही का मंजर आता दिखाई दे रहा है, पर ऐसा कुछ विशेष नुकसान नहीं होगा। बस अजीब यह लगा कि जब होऊंडी मोदी का नारा देने वाला अबकी बार ट्रंप सरकार का जयकारा करने वाले भारत के प्रधानमंत्री को अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप इस कदर व्यवहार करके मित्र की हालत खराब कर रहा है कि कहां छिपे जाकर और किसके पीछे छिपें। भाजपा सरकार से पहले कांग्रेस की सरकार थी, पर कांग्रेस की सरकार ने कभी भी अमेरिका पर पूर्ण रूप से अपनी व्यापार नीति का संपर्ण नहीं किया था। वह रूस के साथ बना रहा और रूस एक भरोसेमंद साथी था, पर भाजपा ने सत्ता संभालते ही रूस से दूरी बना ली और अमेरिका के साथ कदम बढ़ा दिया। जब भारत ने रूस को छोड़ा तो रूस चीन और पाकिस्तान से व्यापार बढ़ाने लगा, जो बहुत दुखद है। भारत के आभूषण व्यापारी, मोटे अनाज, कपड़ा उद्योग चमड़ा उद्योग के लोग जरूर कल से परेशान हैं, कारण है कि बहुत से व्यापारी बस अमेरिकी बाजार पर निर्भर थे, पर अब दूसरे देशों में बाजार तलाशना होगा। भारत सरकार अवश्य कुछ रास्ता निकालने में सफल हो जाएगी। अब वर्तमान सरकार को अमेरिका पर भरोसा नहीं करना चाहिए, साथ में पाकिस्तान से जो अमेरिका से अपना रिश्ता मजबूत कर रहा है, उस पर भी विशेष निगरानी की जरूरत है।

कहीं अमेरिका इस्लामाबाद को आगे करके पुनः भारत को युद्ध के लिए विवश न कर दे। भारत को टैरिफ युद्ध और जमीनी युद्ध दोनों से लड़ने के लिए तैयार रहना होगा जिसके लिए 140 करोड़ जनता साथ है। भारत को भारत के हित का ध्यान देना होगा, भले ही अमेरिका कितना बड़ा बाजार क्यों न हो। भारत में कृषि डेयरी में 70 करोड़ लोग लगे हैं। इसको बचाने के लिए किसी भी कीमत पर अमेरिका के सामने नहीं झुकना चाहिए। याद करें अमेरिका ने इसी तरह का प्रतिबंध पोखरण के समय भी लगाया था, तब भी भारत नहीं झुका और न ही रुका। आज भी भारत को झुकने की जरूरत नहीं क्योंकि भारत की जनता भी हर तरह से तैयार है। हमारी अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। अमेरिका आज नहीं कल इस टैरिफ युद्ध को स्वतः रोककर भारत से भारत की शर्तों पर व्यापार करेगा। बस जरूरत है कि वर्तमान नेतृत्व किसी भी तरह के दबाव के आगे घुटने न टेके। किसी एक व्यापारी को बचाने के लिए भारतीय बाजार को गुलाम न बनने दें।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर

आज हमारे देश के पीएम के दोस्त अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने पच्चीस प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया और यह भी धमकी दी कि भारत अगर रूस से व्यापार करेगा तो भारत पर जुर्माना भी लगा देंगे, जो कि दादागिरी है। यह कैसी विदेश और व्यापार नीति भारत की, मित्र ही अब मित्र को धमकाने लगा है। भारतीय फिल्म में यही एक दृश्य था, जब मित्र ने ही मित्र को सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया और धोखे से सब कुछ लूट लिया। आज यही मोदी के मित्र ने मोदी को ही लूटा यानी भारत को ही लूटने में लग गए हैं, पर मोदी मौन हैं। आज पूरे देश में अमेरिका के द्वारा लगाए गए टैरिफ की चर्चा है। संसद सत्र चल रहा है, पर आज अधिकांश भाजपा के सांसद संसद भवन से गायब थे, कोई वरिष्ठ मंत्री नहीं था, न ही पीएम, न ही गृह मंत्री, न विदेशी मंत्री। सब न जाने कहां छिप गए। बस वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में बताया की चार दौर की वार्ता हुई, जिसमें 10 से 15 प्रतिशत टैरिफ की बात हो रही थी, पर ट्रंप ने धोखा दिया और भारत पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगा दिया, जबकि चीन पर 10 जबकि जापान पर 15 प्रतिशत ही लगाया है। आखिर भारत से इतनी नफरत और गुस्सा क्यों है? क्या भारत के कृषि डेयरी का बाजार अमेरिका के लिए नहीं खोलने के कारण ट्रंप ने गुस्से में भारत को सबक सिखाने के लिए 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है या बस एक धमकी भर है। यह शब्द भी बहुत तेजी से जनता में दौड़ रहे हैं कि भारत डेड आर्थिक व्यवस्था का देश है, जिसकी अर्थव्यवस्था मर चुकी है, जिसे जीवित नहीं किया जा सकता है।

रूस और भारत दोनों मरे हुए देश की अर्थव्यवस्था हैं। यह कोई नही ट्रंप बोल रहे हैं। अब इसका जवाब देश में कौन देगा, वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, प्रधानमंत्री या फिर कोई नहीं देगा। सरकार मौन रहेगी, जैसे कि सीजफायर पर मौन है। ट्रंप को यह तो पता हो गया है कि मोदी को दबाकर भारतीय बाजार में प्रवेश किया जा सकता है। अभी तो एलन मस्क का प्रवेश हुआ स्टारलिंक के साथ टेस्ला के इलेक्ट्रिकल वाहन जिस पर मोदी सरकार ने छूट दी है। यह सब बस दबाव में हो रहा है। आखिर अमेरिका के राष्ट्रपति के पास क्या है, जो मोदी को दबना पड़ रहा है। वह बोल नहीं रहे, बस मौन हैं। क्या मौन ही मौन में भारतीय बाजार को अमेरिका के हवाले कर देंगे। अभी तो बस समय को देखना होगा कि भारत सरकार क्या रुख अपनाता है। इस टैरिफ पर भारत अमेरिका के सामने झुककर व्यापार करेगा या फिर कोई नया रास्ता अपनाएगा, भारतीय बाजार और व्यापार को बचाने के लिए। अमेरिका अब पाकिस्तान में तेल का भंडार बनाने की रणनीति पर विचार कर रहा है। यदि सफल हो गया तो भारत के हित में नहीं होगा। अब भारत फिर से रूस के साथ मजबूती के साथ व्यापार बढ़ाए तथा अमेरिका के विरोध में जो देश हैं, उनसे व्यापार के लिए नए रास्ते बनाए।

हमारा देश इतना कमजोर कभी नहीं था, जितना इन 11 सालों में हो गया है। भारतीय विदेश नीति, व्यापार नीति, कूटनीति सब भरभरा कर गिर गई है। तभी तो पहलगाम के आतंकी हमले पर दुनिया का कोई देश भारत के साथ नहीं खड़ा मिला। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को चीन तथा तुर्की मदद कर रहा था, पर भारत की किसी देश ने मदद नहीं की और युद्धविराम हुआ, जो एक प्रश्न के चक्रव्यूह में फंसा है कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर रुका। ट्रंप अब तक बार-बार कह चुके हैं। हमने व्यापार की धमकी देकर युद्ध रुकवाया है, पर भारत ने कभी ट्रंप के इस दावे को खारिज नहीं किया। संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर व्यापक बहस के दौरान भी मोदी ने यह नहीं कहा कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। आज भी टैरिफ पर प्रधानमंत्री और सभी मंत्री मौन हैं। देश के गली चौराहे पर आम आदमी ही बस अपने ज्ञान-विज्ञान और दिमाग से टैरिफ पर बात आपस में कर रहा है, देखना यह कब तक चलता है। बस जनता देखे कि सरकार क्या निर्णय लेती है। टैरिफ के साथ अमेरिका ने अपने आईटी कंपनियों को भी स्पष्ट कह दिया है कि पहले अमेरिका के लोगों को रोजगार दो, भारत से किसी को कोई काम न दे। अमेरिका प्रथम महान अमेरिका **America First Grate America** का नारा ट्रंप ने दिया है, जिसका असर भारत पर अवश्य पड़ेगा। यहां के युवाओं को अमेरिकी कंपनियों में रोजगार के अवसर बहुत कम हो जाएंगे।

क्या भारत इतना सक्षम है कि वह भी कहे भारत प्रथम भारत महान **Bharat First Grate Bharat**। इस टैरिफ से फार्मा इंडस्ट्रीज के साथ कई अन्य उद्योगों को परेशानी होगी तो वहीं अमेरिका के लोगों को भी परेशानी होगी। मोटर पार्ट्स के साथ अन्य उत्पाद महंगे दामों पर खरीदने होंगे। भारत का अगर नुकसान होगा तो अमेरिका में भी कुछ परेशानी होगी, यह तो निश्चित है। दोनों देशों को परेशानी होगी, जैसे ही अमेरिका ने टैरिफ की घोषणा की, भारत का शेयर बाजार गिर गया और लाखों निवेशकों का करोड़ों का नुकसान हो गया, पर सरकार मौन है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# सोशल मीडिया ट्रायल : स्वास्थ्य व्यवस्था पर भावनात्मक हमला

वर्तमान समय में सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जनभावनाओं की अभिव्यक्ति और जनन्याय की अपेक्षा का मंच बन चुका है। किसी भी असामान्य घटना, विशेषकर चिकित्सा संस्थानों में हुई दुर्भाग्यपूर्ण मौत या लापरवाही के आरोपों से जुड़ी घटनाओं के बाद सबसे पहले प्रतिक्रियाएं सोशल मीडिया पर ही आती हैं। वीडियो, पोस्ट, लाइव रिपोर्ट और आक्रोशित टिप्पणियों की बाढ़ सी आ जाती है। यह सिलसिला अक्सर तथ्यों की पुष्टि से पहले ही एक 'सोशल मीडिया ट्रायल' का रूप ले लेता है, जिसमें आम नागरिकों से लेकर स्थानीय नेता, मीडिया संस्थान और विभिन्न मंच सक्रिय हो जाते हैं।



रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी पाठशाला

हिमाचल प्रदेश के अनेक चिकित्सा संस्थानों में हाल के वर्षों में इस प्रवृत्ति के अनेक उदाहरण देखने को मिले हैं। शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में हाल ही में एक वृद्धा की मृत्यु के मामले ने जबरदस्त सोशल मीडिया हलचल पैदा की। इसी प्रकार शिमला के कमला नेहरू अस्पताल, ऊना और हमीरपुर में भी ऑपरेशन, डिलीवरी या आपातकालीन स्थितियों के दौरान हुई मौतों पर बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट या प्रशासनिक जांच की प्रतीक्षा किए ही चिकित्सकों और अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाने की होड़ सी लग गई। समाज स्वाभाविक रूप से शोकाकुल होता है, लेकिन जब भावनाएं तथ्यों से पहले सार्वजनिक मंचों पर आक्रोश के रूप में प्रकट होती हैं, तो यह न्याय प्रक्रिया के लिए चिंता का विषय बन जाता है। इन घटनाओं में एक समानता यह रही कि बिना किसी चिकित्सकीय जांच के, डॉक्टरों और स्टाफ को नाम लेकर दोषी ठहरा दिया गया। कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तो हत्या जैसे गंभीर आरोप तक लगाए गए। यह आरोप इतनी तेजी से फैलते हैं कि समाज में दोष तय करने का कार्य जनता स्वयं करने लगती है। इससे एक ओर मृतक के परिजनों को समर्थन और सहानुभूति मिलती है, पर दूसरी ओर डॉक्टर और अस्पताल कर्मचारियों पर मानसिक दबाव बनता है, जिसकी परिणति कई बार उनके मनोबल के पतन या सेवा से विरक्ति में होती है।

सोशल मीडिया ट्रायल का सबसे बड़ा संकट यह है कि यह तथ्यों की गहराई में नहीं जाता। जैसे ही कोई वीडियो, पोस्ट या परिजनों की भावुक अपील सामने आती है, समाज तत्काल भावनात्मक प्रतिक्रिया देने लगता है। लोग यह नहीं पूछते कि मरीज की पूर्व अवस्था क्या थी, अस्पताल में उपलब्ध



संसाधन कितने थे या डॉक्टर ने किस परिस्थिति में निर्णय लिया। जनमत भावुक होकर न्यायाधीश की भूमिका ग्रहण कर लेता है और दोष सिद्ध कर देता है, चाहे बाद में जांच कुछ और कहे। इस प्रक्रिया का सबसे बड़ा नुकसान उन डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को होता है, जो सीमित संसाधनों में कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे होते हैं। कई बार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां डिलीवरी के दौरान नवजात की मृत्यु पर डॉक्टर पर अमर्यादित भाषा में आरोप लगाए गए, जबकि बाद में स्पष्ट हुआ कि शिशु में जन्मपूर्व ही जटिलताएं थीं और डॉक्टर ने अपने स्तर पर भरसक प्रयास किया था। ऐसी स्थितियां प्रदेश के दूरदराज़ इलाकों में कार्यरत युवा डॉक्टरों के लिए अत्यधिक तनावपूर्ण बन जाती हैं।

सोशल मीडिया ट्रायल केवल आरोप लगाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि प्रशासन पर भी तत्काल कार्रवाई का दबाव बनाता है। निलंबन, प्राथमिकी और जांच जैसे निर्णय भीड़ के दबाव में लिए जाते हैं, जिनका दूरगामी प्रभाव संस्थान की साख और कर्मचारियों की मन:स्थिति पर पड़ता है। यह प्रक्रिया कभी-कभी सकारात्मक परिणाम भी लाती है जब वास्तव में कोई चूक हुई हो, लेकिन जब तथ्यों की पुष्टि से पहले ही निर्णय हो जाए, तब यह न्याय की भावना के विरुद्ध हो जाता है। यह भी समझना आवश्यक है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित जानकारी हमेशा प्रमाणिक नहीं होती। कई बार एकतरफा या आंशिक जानकारी से ही भावनात्मक प्रतिक्रियाएं उत्पन्न होती हैं, जो संबंधित परिवार, अस्पताल या चिकित्सक के लिए अत्यंत अपमानजनक हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में यदि बाद में संबंधित व्यक्ति निर्दोष भी सिद्ध हो जाए, तो भी उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा की क्षति हो चुकी होती है। सोशल मीडिया का न्याय एक बार जिसे कटघरे में खड़ा कर देता है, उसका पुनर्वास अत्यंत कठिन हो जाता है।

भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष न्याय की गारंटी देता है। जब तक न्यायालय दोष सिद्ध न करे, किसी को दोषी करार देना केवल अनुचित ही नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध भी है। चिकित्सा क्षेत्र एक अत्यंत संवेदनशील और जटिल क्षेत्र है जहां प्रत्येक मामला अनिश्चितताओं से भरा होता है। डॉक्टर कोई देवता नहीं होते, लेकिन वे ज्ञान, अनुभव और सेवा-भाव के साथ कार्य करते हैं। इसलिए उनका मूल्यांकन केवल प्रशिक्षित विशेषज्ञों और न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से ही होना चाहिए, न कि डिजिटल भीड़ के उन्माद से। इस स्थिति का समाधान किसी सेंसरशिप में नहीं, बल्कि डिजिटल साक्षरता, संवेदनशीलता और विवेक के विकास में है। नागरिकों को यह समझने की आवश्यकता है कि सोशल मीडिया पर जो दिख रहा है, वह संपूर्ण सत्य नहीं हो सकता। किसी भी संवेदनशील मामले में मत बनाने से पहले हमें तथ्यों, जांच रिपोर्टों और विशेषज्ञ राय की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए और ऐसी सामग्री की निगरानी करनी चाहिए जो भ्रामक, अप्रामाणिक या पूर्वाग्रही हो। हिमाचल प्रदेश, जो शिक्षा, शांति और सामाजिक समरसता के लिए जाना जाता है, वहां हमें यह उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए कि हम भावनाओं से नहीं, बल्कि तथ्यों और न्याय के सिद्धांतों से संचालित समाज हैं। किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना का समाधान भीड़ के दबाव में नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया और संस्थागत जिम्मेदारी में निहित है। सोशल मीडिया का उपयोग सत्य को उजागर करने के लिए हो, न कि उस सत्य को विकृत करने के लिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### अपनी बात

AI के अनुप्रयोगों ने कई उद्योगों में सुधार और प्रगति की है, लेकिन इसके कुछ नकारात्मक प्रभाव भी हैं जैसे कि, कार्यबल में बदलाव, गोपनीयता के उल्लंघन और निर्णय लेने में पक्षपातीता। ऐसे में, AI का विकास और नियमन भविष्य में समाज के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा कर सकते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) एक ऐसी तकनीकी प्रक्रिया है, जो मशीनों और कंप्यूटर प्रणालियों को मानव जैसी सोच और समझ विकसित करने की क्षमता प्रदान करती है। इसका उद्देश्य उन कार्यों को स्वचालित करना है, जो सामान्यत: मानव मस्तिष्क से जुड़े होते हैं, जैसे निर्णय लेना, सीखना, समस्या सुलझाना और भाषाई विश्लेषण। AI की प्रणाली विभिन्न प्रकार के एल्गोरिदम और आंकड़े विश्लेषण का उपयोग करती है, जिससे मशीनें अपनी कार्यक्षमता में सुधार करती हैं और नए अनुभवों से सीखती हैं। AI के दो प्रमुख प्रकार हैं- नैरो AI (संकीर्ण बुद्धिमत्ता), जो एक विशिष्ट कार्य या समस्या को हल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और जनरल AI (सामान्य बुद्धिमत्ता), जो मानव मस्तिष्क की तरह किसी भी प्रकार का बौद्धिक कार्य कर सकता है। वर्तमान में अधिकांश AI सिस्टम नैरो AI के अंतर्गत आते हैं, जैसे वॉयस असिस्टेंट्स, चैटबॉट्स, और स्वचालित वाहन।

-अंकुर नाग, शाहपुर

# पीएम-किसान : ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के रूपांतरण का भारत का वैश्विक खाका

समावेशी विकास और ग्रामीण समृद्धि के सफर में, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, भारत सरकार की एक अग्रणी पहल के रूप में उभर कर सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 फरवरी, 2019 को शुरू की गई। इस पहल ने लाखों छोटे एवं सीमांत किसानों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है और पूरी तरह से डिजिटल, कुशल एवं पारदर्शी प्रणाली के जरिए प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के एक वैश्विक मॉडल के रूप में खुद को स्थापित किया है।



डॉ. प्रमोद मेहरदा
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

**प्रत्यक्ष समर्थन के जरिए किसानों का सशक्तिकरण :** मूल रूप से पीएम-किसान योजना पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की सहायता प्रदान करती है। यह सहायताराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए 2,000 रुपए की तीन बराबरकिस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाती है। इस सुव्यवस्थित एवंतकनीक-संचालित कदम से बिचौलियों की भूमिका, लाभ मिलने में होने वाली देरी और त्रुटि की गुंजाइशखत्म होती है और एक-एक पाई इच्छित लाभार्थी तक पहुंचना सुनिश्चित होता है। इस योजना की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 3.69 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस प्रकार, पीएम किसान दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल रूप से क्रियान्वित नकद हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक बन गया है। आंकड़ों से परे, यह कदम सब्सिडी से हटकर सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ने संबंधी एक बदलाव का प्रतीक है। बात चाहे बीज की हो या उपकरण या शिक्षा या फिर स्वास्थ्य की, इस योजना से किसानों को यह तय करने की आजादी मिलती है कि वे इस सहायता का सबसे बेहतर इस्तेमाल कैसे करें।

**भारत के छोटे किसानों के हित में एक परिवर्तनकारी कदम :** दो हेक्टेयर से कम जमीन वाले भारत के 85 प्रतिशत से अधिक किसानों के लिए ये लाभ बुवाई या कटाई के मौसम में एक अहम आर्थिक सेतु का काम करते हैं। ये लाभ अल्पकालिक नकदी प्रवाह के तनाव को कम करते हैं, अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमी लाते हैं और संकट के समय एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं। वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर, पीएम-किसान योजना समावेशिता, सम्मान और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एक भागीदार के रूप में किसान की मान्यता का प्रतीक है।

**डिजिटल शासन की श्रेष्ठता :** पीएम-किसान की सफलता का श्रेय भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे को जाता है। जेएएम की तिकड़ी-जन धन बैंक खाते, आधार बायोमेट्रिक पहचान और मोबाइल कनेक्टिविटी ने बड़े पैमाने पर लाभ के निर्बाध वितरण को संभव बनाया है। स्व-पंजीकरण से लेकर भूमि स्वामित्व के सत्यापन और डीबीटी द्वारा समर्थ भुगतान तक, इस पूरी योजना का जीवनचक्र डिजिटल है। राज्य सरकारों के सहयोग से, पीएम-किसान डिजिटल रूप से समन्वित तथा एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से पहुंचने वाले शासन के एक बेहतरीन मॉडल के रूप में कार्य करता है। इसने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों, लाभार्थियों के डेटाबेस और भुगतान प्रणालियों को सफलतापूर्वक समन्वित किया है और इससे दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में किसान-केंद्रित एक उत्तम संरचना का निर्माण हुआ है। पीएम किसान ने कृषि से जुड़े इकोसिस्टम में किसान ई-मित्र वॉयस-आधारित चैटबॉट और एग्री स्टैक जैसी नवीन परियोजनाओं को भी प्रेरित किया है। एग्रीस्टैक व्यक्तिगत, समय पर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है, जिससे भारतीय कृषि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सके।





**वैश्विक मानकों की स्थापना :** दुनिया भर में, प्रत्यक्ष लाभ कार्यक्रमों को गरीबी उन्मूलन के कारगर साधनों के रूप में तेजी से मान्यता मिल रही है। फिर भी, पीएम-किसान की कुछ अनूठी विशेषताएं हैं-इसका विशाल आकार, गति और डिजिटल विश्वसनीयता इसे बिखरी हुई कृषि सहायता प्रणालियों में सुधार के लिए प्रयासरत देशों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनाती है। आईएफपीआरआई, एफएओ, आईसीएआर और आईसीआर आईएसएटी जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने, ऋण की सुलभता में सुधार, असमानता को कम करने और आधुनिक कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में पीएम किसान की भूमिका पर प्रकाश डाला है। कई देशों में जारी सशर्त हस्तांतरण के उलट, इसका विश्वास-आधारित वबिना शर्त वाला दृष्टिकोण, सहभागी एवंसम्मान-आधारित कल्याणकारी वितरण की दिशा में एक बड़ी छलांग है।

**ग्रामीण विकास को गति देना :** पीएम-किसान का सकारात्मक प्रभाव केवल व्यक्तिगत लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं है। इसके तहत होने वाले अनुमानित नकदी प्रवाह ने ग्रामीण बाजारों को पुनर्जीवित किया है, कृषि-उत्पादों की मांग को प्रोत्साहित किया है और घरेलू उपभोग के पैटर्न को मजबूत किया है। इसने महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, खासकर उन मामलों में जहां बैंक खाते संयुक्त रूप से खोले जाते हैं। इसके अलावा, यह एक समग्र और परस्पर संबद्ध ग्रामीण विकास इकोसिस्टम का निर्माण करके मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम फसल बीमा योजना और ई-नाम जैसी अन्य प्रमुख योजनाओं का पूरक है। किसानों के लिए एक पेंशन योजना, पीएम-किसान मानधन योजना के साथ इसका एकीकरण, भारत के कृषि कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

**सुनहरे भविष्य का एक दृष्टिकोण- दृढ़ता, समानता और स्थिरता :** पीएम-किसान एक वित्तीय सहायता तंत्र से कहीं बढ़कर है। यह भारत सरकार के किसानों के नेतृत्व वाले विकास का एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। अधिकार से सशक्तिकरण की ओर, सहायता से स्वायत्तता की ओर स्थानांतरित होकर, यह राज्य और किसान के बीच अनुबंध को नए सिरे से परिभाषित करता है। भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में पीएम-किसान जैसी पहल समावेशी प्रगति की नींव रखती है। उन्नत तकनीकों के निरंतर एकीकरण और जलवायु परिवर्तन के प्रति दृढ़ता, स्थिरता और सटीक कृषि पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, यह योजना बदलाव की दिशा में एक बेहद शक्तिशाली कदम के रूप में विकसित होने के लिए तैयार है। पीएम-किसान विश्वास, तकनीक और परिवर्तन की कहानी है। यह दुनिया के लिए भारत का योगदान है। यह योजना एक जीवंत उदाहरण है कि कैसे एक दूरदर्शी नीति, डिजिटल नवाचार और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर, लाखों लोगों को सशक्त बना सकती है और 21वीं सदी के शासन को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मट्ट नाला 15 फुट गहरा हुआ, पुल को भी खतरा

## स्थानीय लोगों ने की चेक डैम लगाने व चट्टानों को तोड़ने की मांग, प्रशासन से आर्थिक मदद की अपील

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान



**मंडी।** तीस जुलाई की सुबह कितनी भयावह रही होगी, इसके निशान मंडी शहर के गणपति राते रोड पर नजर आ रही तबाही से साफ दिख जाते हैं। इसी मार्ग पर अपर सैण मट्ट नाला को देखकर बादल फटने से जो तबाही होती है उसकी एक झलक मिल जाती है। यह नाला अपने वजूद से कोई 15 फुट गहरा हो गया है। इसने मंडी गुमाणू मार्ग पर बने पुल को भी खतरा पैदा कर दिया है और उसकी नींव नजर आने लग गई है।

लोक निर्माण विभाग ने फौरी तौर पर इसकी कुछ मरम्मत भी कर दी है। गहरे हो गए नाले से आर-पार बसे कई घर खतरे में आ गए हैं और पिछले पांच दिनों से इन घरों के लिए रिश्तेदारों के यहां रातें काट रहे हैं। अपर सैण के लीला धर शर्मा बताते हैं कि 30 जुलाई सुबह पौने तीन बजे से साढ़े तीन बजे तक कुछ कुछ मिंट के अंतर में चार बार बादल फटे और ऐसा लगा कि आसमान ही टूट पड़ा है। पूरा पहाड़ ही नाले में बहता नजर आया। जब बार बार ऐसा होने लगा और कई फीट उपर उनके मकान को नीचे से कटाव शुरू हो गया तो वह परिवार सहित बाहर निकल गए और रामनगर मंगवाई स्थित अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए। पांच दिनों से वहीं रातें काट रहे हैं। दिन को देखभाल करने के लिए यहां आ जाते हैं।

सरकार से आग्रह है कि इस नाले की हालत को देखते इसमें चेक डैम लगाए जाए, खतरनाक चट्टानों को तोड़ दिया जाए, ताकि भविष्य के लिए खतरा न हो। मरम्मत कार्य में लाखों का खर्च आएगा ऐसे में प्रशासन व सरकार उनकी आर्थिक मदद करें।

### प्रभावित बोले-घर के अंदर घुसने से भी लगता डर

**इस** नाले के उस ओर हंस राज व होशियार सिंह के मकान भी खतरे की जद में हैं। नीचे से जमीन खिसक चुकी है। ये परिवार भी रातें अपने रिश्तेदारों के यहां ही काट रहे हैं। इनका कहना है कि रात क्या दिन के समय भी जब बारिश लगती है तो घर के अंदर घुसने से डर लगता है। अभी बरसात आधी हुई है। ऐसे में प्रशासन व सरकार निगम को इस मट्ट नाले की चैनेलाइजेशन का प्रस्ताव तैयार करके इसे अमलीजामा पहनाना चाहिए अन्यथा उनके घर कभी भी जमींदोज हो सकते हैं।

# कटौला के बिजली उपभोक्ता 15 तक करवाएं केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्युत उपमंडल कटौला के सहायक अभियंता ई. कमलेश कुमार गौतम ने जानकारी दी है कि कटौला, अरनेहर, सदोआ, कुफरी नांडली सहित सभी क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ता 15 अगस्त 2025 तक ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत उपमंडल कार्यालय कटौला में की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से दी जाने वाली बिजली सब्सिडी व अन्य लाभ केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेंगे, जिन्होंने ई-केवाईसी करवा रखा हो। निर्धारित तिथि तक प्रक्रिया न पूरी करने पर उपभोक्ता इन लाभों से वंचित हो सकते हैं।

# आपदा से दुकान में आया पानी और कीचड़, व्यापारियों का कारोबार ठप



पानी के बहाव के साथ दुकान में घुसे पत्थर व मिट्टी से सामान हुआ खराब।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** में आपदा ने कई व्यापारियों का कारोबार ठप कर दिया है। आपदा की रात को सैण मोहल्ला स्थित सैनी फ्रोजन फूड की दुकान में भी बाढ़ का पानी और कीचड़ घुस गया।

कोल्ड रूम में रखा सारा सामान खराब हो गया, फ्रीजर बंद हो गए और पूरे कारोबार पर ताला लग गया। सड़क से बहता भारी मात्रा में पानी दुकान में घुस गया और कुछ ही मिनटों में लाखों का नुकसान हो गया। शहर में ऐसे कई व्यापारी हैं, जिनकी दुकानों में पानी घुस गया है। बहुत से लोगों के दोपहिया और चार पहिया वाहन बह गए हैं। प्रभावितों ने मंडी प्रशासन और सरकार से मांग की है कि उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### डीपीएस धर्मपुर की अनन्या नवोदय में चयनित

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर डीपीएस की छात्रा अनन्या शर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अनन्या, गांव वनवारकलां निवासी प्रमोद कुमार और माया देवी की पुत्री है। वह डीपीएस धर्मपुर में नर्सरी से पांचवी कक्षा तक पढ़ चुकी है और वर्तमान में छठी कक्षा की छात्रा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ने अनन्या की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और बच्चों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। विद्यालय स्टाफ व सहपाठियों ने अनन्या को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एनएसएस शिविर में हिमाचली पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र




**अंनत ज्ञान, पंडोह।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर कम्युनिटी सेल्फ डेवलपमेंट सेल और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. चारू अहलूवालिया ने पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी का रिबन काटकर किया। प्रदर्शनी में हिमाचल की विलुप्त होती पारंपरिक वस्तुओं को संजोकर प्रस्तुत किया गया, जो विद्यार्थियों ने अपने घरों से एकत्र की थीं। इस अवसर पर एनएसएस इकाई अध्यक्ष रवि शर्मा ने कहा कि यह प्रदर्शनी बुजुर्गों और युवाओं के बीच की सांस्कृतिक खाई को पाटने का कार्य कर रही है। शिविर में प्रदर्शनी के पश्चात प्राचार्या के सौजन्य से सावन माह के पारंपरिक उल्लास को बनाए रखते हुए खीर मिष्ठान आबंटित किया गया। शिविर के दौरान ड्रिल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और सामाजिक सहभागिता आधारित गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

### नवोदय पंडोह में प्रवेश के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह, जिला मंडी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु योग्य विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय प्राचार्य एस.डी. शर्मा ने बताया कि मंडी जिले के वे छात्र जिन्होंने कक्षा 10वीं में न्यूनतम 60 अंक प्राप्त किए हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की जन्मतिथि 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के बीच होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की हार्ड कॉपी 10 अगस्त तक विद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा। आवेदन लिंक विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

### वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट 8 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञप्ति अधिकारी पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर में अगस्त, 2025 को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की तिथि निर्धारित की गई है। ड्राइविंग टेस्ट और वाहन की पासिंग हरड़गलू मैदान में की जाएगी। इसके लिए 4 अगस्त 2025 से स्लॉट खोल दिये जाएंगे। वाहनों की पासिंग के लिए संपूर्ण औपचारिकताएं जैसे फीस और टैक्स की ऑनलाइन रिसिप्ट ही मान्य होगी। साथ ही यह भी अवगत करवाया है कि सभी संबंधित निर्धारित तिथि को वांछित दस्तावेजों सहित 10:00 बजे प्रातः निश्चित स्थान पर पहुंच जाएं। बिना स्लॉट बुकिंग के किसी का भी ड्राइविंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा।

### आगामी कार्यक्रमों की जानकारी की साझा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विश्व हिंदू परिषद् हिमाचल प्रांत की छमाही प्रांत योजना बैठक मंडी स्थित विश्वकर्मा मंदिर सभागार में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे साध्वी सेवानंद सरस्वती वेदांत कुटीर, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मुकेश विनायक खांडेकर, प्रांत संगठन मंत्री प्रेम शंकर, प्रांत मंत्री तुषार डोगरा, प्रांत उपाध्यक्षगण रमेश परमार, सुनील जसवाल, तथा राधा कृष्ण नेगी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश विनायक खांडेकर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने केंद्रीय स्तर पर हुई बैठकों में लिए गए महत्त्वपूर्ण निर्णयों, प्रस्तावों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। साथ ही संघ शताब्दी वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में विशेष योजनाओं और गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए, कार्यकर्ताओं को संगठित रूप से लक्ष्य की ओर बढ़ने का मार्गदर्शन दिया। उद्घाटन सत्र में प्रारम्भ में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्वजों, बलिदानियों एवं दिवंगत समर्पित कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संदेश प्रस्तुत किया गया, जिससे सभा का वातावरण भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक बना।

# महिला मंडलों ने आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए आगे बढ़ाया हाथ

अभिषेक, अनंत ज्ञान



महिला मंडल सदस्य आपदा प्रभावितों की मदद से राहत देते हुए।

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के टिकरू ककड़ेना एकता महिला मंडल की प्रधान सीमा देवी, बीडीसी सदस्य कुसुम लता तथा महिला मंडल की अन्य सदस्यों ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव जीवन ठाकुर के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच हजार रुपए की धन राशि भेंटकर एक मिसाल कायम की है। साथ ही महिलाओं ने बरसात से हो रहे नुकसान से भी अवगत करवाया।

महिला मंडल की प्रधान सीमा देवी ने बताया कि महिला मंडल की सभी सदस्यों ने अपनी इच्छा से यह राशि इकठ्ठा कर मुख्यमंत्री राहत कोष में देने का निर्णय लिया था। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच हजार की धन राशि प्रदान करने के लिए एकता महिला मंडल की सभी महिलाओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि शायद प्रदेश में यह पहला महिला मंडल होगा जिसने मुख्यमंत्री राहत कोष में धन राशि प्रदान की है। उन्होंने महिला मंडल की सभी महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी पंचायत में बरसात में हुए नुकसान को शीघ्र राहत प्रदान की जाएगी।

# गोलमाल करने के लिए सिधपुर बदला कार्यालय : रजत

## प्रदेश भाजपा मीडिया सहप्रभारी बोले, मिनी सचिवालय में चल सकते हैं कुछ दिन कार्यालय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**धर्मपुर** में 28 जुलाई की रात को भारी भूस्खलन की वजह से लोनिवि के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता के कार्यालयों को भारी नुकसान हुआ है तथा यहां लाखों रुपए मिट्टी में मिल गए हैं। अब यह कार्यालय कुछ समय के लिए सिधपुर से चलाया जा रहा है, जिससे वहां जाने के लिए आम जनता को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

प्रदेश भाजपा मीडिया सहप्रभारी रजत ठाकुर ने कहा कि स्थानीय विधायक पहले सिधपुर में बने सेंटर आफ एक्सीलेंस को फलड जोन बोलते थे और इस पर कई सवाल उठाते थे, लेकिन जैसे ही वह विधायक बने तबसे वह सिधपुर से बाहर नहीं निकल रहे है। हर मिटिंग सिधपुर में रख रहे है, अब यहां से लोनिवि के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता व सहायक अभियंता के कार्यालयों को भी यही के लिए बदल दिया। उन्होंने बताया कि धर्मपुर से सिधपुर करीब 9 किमी बनता है और वहां जाने के लिए लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है, जब यहां मिनी सचिवालय का बहुमंजिला भवन बनकर तैयार हो गया है और जब तक इस भवन का शुभारंभ नहीं हो जाता है तब तक इन कार्यालयों को यहीं चलाया जा सकता था, लेकिन यहां से इसे सिधपुर बदल दिया गया है, जिससे लोगों को सिधपुर आने जाने में परेशानी उठानी पड़ सकती है। क्योंकि लगातार हो रही वर्षा से सड़कें बाधित हो रही है और वहां जाने के लिए बस सुविधा का भी अभाव रहेगा। इसलिए इन कार्यालयों को धर्मपुर में चलाया जाये, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने बताया कि धर्मपुर में जो मिनी सचिवालय बना है वह ऐसे भी अभी लोनिवि के अधीन ही है और इसे उन्होंने अभी किसी को हैंडओवर नहीं किया है और यहां इन कार्यालयों को शुरू करने में कोई परेशानी भी नहीं उठानी पड़ती।

### न हो गोलमाल, कार्यालय वापसी की मांग तेज



**सहप्रभारी** रजत ठाकुर ने कहा कि अब प्रदेश व केंद्र सरकार से जो भी राहत पैकेज आयेगा वहां गोलमाल करने के लिए इसे सिधपुर बदला गया है, ताकि आसानी से उस पैसे को हाजम करने की रूप रेखा तैयार की जा सके। उन्होंने जनहित में दोबारा इस पर विचार कर इन कार्यालयों को मिनी सचिवालय में जब तक लोनिवि अपने कार्यालयों को ठीक नहीं करवाता तब तक यहीं चलाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र की जनता को कोई परेशानी न उठानी पड़े।

# अब रोटरी लाएगा डिजिटल शिक्षा में क्रांति

## जोगिंद्रनगर से हुई मिशन की शुरुआत, रोहित ने किया अभियान का ऐलान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



जोगिंद्रनगर में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोहित व अन्य।

**पोलियो** उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने के बाद रोटरी संगठन अब डिजिटल शिक्षा में क्रांति लाने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। मंडी के जोगिंद्रनगर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोहित ऑबरॉय ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और लेह-लद्दाख में बड़े स्तर पर डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि रोटरी के 127 क्लबों के तीन हजार से अधिक सदस्य इस अभियान में सक्रिय रहेंगे।

इस अवसर पर रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर को शीर्ष दस क्लबों में शामिल करते हुए 'रोटरी अवार्ड' से सम्मानित करने की घोषणा की गई। गर्वनर ऑबरॉय ने क्लब की शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं में भूमिका की सराहना की। समारोह के दौरान सत्र 2025-26 के लिए डॉ. चंद्रभूषण शर्मा को अध्यक्ष और अधिवक्ता रणजीत चौहान को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल और सचिव सुशील पठानिया ने बीते सत्र की उपलब्धियों को साझा किया।

नव अध्यक्ष और सचिव ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व सामुदायिक विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

कार्यक्रम में अजय ठाकुर, मेजर जीएस बरवाल, विपुल ठाकुर, शेर सिंह ठाकुर, चमन लाल, मनजीव सोनी, रविंद्र कोंडल, राजीव शर्मा सहित कई विशिष्ट व्यक्तियों को रोटरी पिन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जोगिंद्रनगर शॉर्ट सर्किट से चाय की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



- व्यापार मंडल ने दी 11 हजार की फौरी राहत
- राजस्व विभाग ने प्रशासन को भेजी रिपोर्ट

जोगिंद्रनगर उपमंडल मुख्यालय के एनएसी मार्केट में शनिवार तड़के एक चाय की दुकान में अचानक आग लग गई। यह दुकान सैमसंग स्टोर के साथ लगती है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ, जब बाजार पूरी तरह सुनसान था। दुकानदार सरिता ठाकुर को आग लगने की जानकारी स्थानीय लोगों ने दी। इसके बाद उन्होंने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग की चपेट में आने से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इसमें बिजली उपकरण, दो फ्रिज, टेबल-कुर्सियां, नगदी और अन्य सामान शामिल था। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस हादसे में लगभग 1.20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदार से बातचीत की। व्यापार मंडल की ओर से सरिता ठाकुर को 11,000 रुपये की फौरी राहत प्रदान की गई ताकि उन्हें तत्काल कुछ मदद मिल सके। उधर, राजस्व विभाग की टीम ने भी घटनास्थल का दौरा किया और नुकसान का जायजा लिया। विभाग ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर प्रशासन को सौंप दी है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित दुकानदार को उचित मुआवजा दिया जाए। घटना के बाद से बाजार के अन्य दुकानदारों में भी चिंता का माहौल है। सभी ने प्रशासन से नियमित बिजली जांच व सुरक्षा उपायों की मांग की है।

# बीआरएन कंपनी की लापरवाही लोगों के लिए बन रही मुसीबत

## पाड़छू से कुम्हारड़ा तक अनियंत्रित कटिंग और अवैध डंपिंग से रोजाना हो रही है स्लाइडिंग : भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



धर्मपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में घुसा पहाड़ी से गिरा मलबा।

राष्ट्रीय उच्च मार्ग फेज-2 के तहत पाड़छू से कुम्हारड़ा तक निर्माण कार्य कर रही बीआरएन कन्स्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। हाल ही में धर्मपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में पहाड़ी से गिरा मलबा घुस गया, जिसकी सीधी जिम्मेदारी इस कंपनी पर मढ़ी जा रही है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि अनियंत्रित कटिंग और अवैज्ञानिक निर्माण की वजह से पूरे क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। विशेष रूप से पाड़छू से आगे की जा रही बलास्टिंग के चलते प्रतिदिन मलबा गिर रहा है, जिसे अवैध रूप से खड्डों में फेंका जा रहा है। यही स्थिति शिवदवाला, बनाल, बरोटी और कोटली के बीच भी देखने को मिल रही है।

उन्होंने बताया कि इस कंपनी ने अपने ठेकेदारों, मजदूरों और सप्लायर्स को पिछले छह महीने से भुगतान नहीं किया है, जिसके कारण अब ठेकेदारों ने काम बंद कर दिया है और मजदूर क्षेत्र से चले गए हैं। इससे मलबा हटाने का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। हिमाचल किसान सभा ने पहले भी 23 जून को पुलिस थाना धर्मपुर में इस कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए लगभग 18 लोगों के हस्ताक्षर सहित शिकायत सौंपी थी, लेकिन अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। अब जब कंपनी द्वारा डंप किया गया मलबा लोक निर्माण विभाग के कार्यालय तक पहुंच चुका है, तब भी प्रशासन की चुप्पी हैरान करने वाली है।

भूपेंद्र सिंह ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। उन्होंने चेताया कि यह मलबा अब आम जनजीवन, सरकारी संपत्ति और पर्यावरण के लिए खतरा बनता जा रहा है।

# बिना एडमिट कार्ड नहीं मिलेगा परीक्षा केंद्र में प्रवेश: एडीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**संघ** लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सेंट्रल आम्ड पुलिस फोर्सेज (सीएपीएफ) परीक्षा 3 अगस्त को मंडी शहर के दो परीक्षा केंद्रों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (गर्ल्स) और (ब्वॉयज) में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने बताया कि परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहला सत्र 10 से 12 बजे व दूसरा 2 से 5 बजे तक। कुल 421 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

परीक्षा केंद्र सुबह 8:30 बजे खुलेंगे और 9:30 बजे बंद हो जाएंगे। बिना ई-एडमिट कार्ड किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षार्थी केवल एडमिट कार्ड, पेन, पासपोर्ट फोटो, पहचान पत्र और पारदर्शी पानी की बोतल ला सकते हैं। मोबाइल, बैग, घड़ी, या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे।

### यूपीएससी परीक्षा के चलते रहेंगे विशेष प्रतिबंध लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी में 3 अगस्त को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (गर्ल्स) और (ब्वॉयज) मंडी में होगी। शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने हेतु एसडीएम मंडी, रुपिंदर कौर ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सभी प्रकार की रैलियों, जुलूसों, लाउडस्पीकर, निर्माण कार्य, टेंट लगाने, मंच स्थापित करने और हथियार आदि लाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश केवल 3 अगस्त के लिए लागू रहेगा और उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एफपीओ धर्मपुर ने पार की 2000 सदस्यता

## 27 सितंबर को मनाया जाएगा तीसरा स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



एफपीओ धर्मपुर की वर्किंग कमेटी की बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा करते अध्यक्ष सत्तपाल चौहान, सचिव भूपेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारी।

**एफपीओ** धर्मपुर ने 15 से 31 जुलाई तक चले सदस्यता अभियान में 375 नए सदस्यों को जोड़ते हुए कुल 2050 सदस्यता और 3025 शेयर के साथ हिमाचल प्रदेश के 80 एफपीओ में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लिया है। वर्किंग कमेटी की बैठक में अध्यक्ष सत्तपाल चौहान ने बताया कि यह उपलब्धि एनसीडीसी, नाबार्ड और अन्य संस्थाओं के मार्गदर्शन में देश में चल रही 10,000 एफपीओ योजना के अंतर्गत अभूतपूर्व है।

सर्वाधिक शेयरहोल्डर जोड़ने वाले सचिव भूपेंद्र सिंह (115 सदस्य, 175 शेयर) और रजनी सकलानी को सम्मानित किया जाएगा। 27 सितंबर को एफपीओ का तीसरा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम व अन्य विभागों के अधिकारी भाग लेंगे।

एफपीओ धर्मपुर शीघ्र ही भराड़ी में मल्टी प्रोसेसिंग लघु उद्योग की स्थापना करेगा, जिसमें हल्दी, आटा जैसे उत्पाद तैयार होंगे। साथ ही ध्वाली में फल भंडारण व मार्केटिंग के लिए नया केंद्र भी प्रस्तावित है। एफपीओ द्वारा इस सीजन में सेब, अखरोट और अन्य फलों की खरीद कर उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की योजना भी बनाई गई है।

बैठक में व्रकिंग कमेटी अध्यक्ष सत्तपाल चौहान, सचिव भूपेंद्र सिंह, युद्धवीर ठाकुर, सुरेश ठाकुर, रजनी सकलानी, कंचना देवी, सोमा देवी, डॉ कुलदीप गुलेरिया आदि ने भाग लिया।

**परेशानी** पिछले पांच साल से सड़क खोल रही लोक निर्माण विभाग की लापरवाही की पोल, ग्रामीणों ने जताया रोष

# खल्याणा-समैला रोड की बदहाली से ग्रामीण बेहाल

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले खल्याणा-समैला रोड बाया बच्छवान-अल्सोगी आज बदहाली की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है। इस सड़क पर जगह-जगह 1 से 2 फीट गहरे खड्डे पड़ चुके हैं, जिससे यह सड़क अब खड्डु में तब्दील हो चुकी है।

इस सड़क पर प्रतिदिन लगभग 800-900 ग्रामीणों की आवाजाही होती है, जिनकी सुरक्षा अब भगवान भरोसे रह गई है। 5 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस सड़क की मरम्मत की कोई सुध नहीं ली गई है। यह सड़क लोक निर्माण विभाग की लापरवाही की पोल खोल रही है, जहां सरकारी बस भी चलती है लेकिन कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, ऐसा स्थानीय लोग आशंका जता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और सरकार इस सड़क की ओर आंखें मूंदे बैठी है। ऐसा प्रतीत होता है कि वे किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में हैं। इस विषय में युवा शक्ति युवा क्लब खल्याणा के प्रधान नरेंद्र पाल (काकु), उप-प्रधान कर्म सिंह तथा अन्य सदस्यों प्रीतम, रिंकू, संजू, विजय, लेख राम, राज कुमार, सतीश, बिट्ठू, तिलक चंद, ज्ञान चंद, नंद लाल, योग राज, अजीत सिंह, कृष्ण चंद, इंद्र सिंह और महिलाएं सोनी देवी, निर्मला देवी, सुनीता, माया देवी, सोमा देवी ने एक स्वर में लोक निर्माण विभाग के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है। ग्रामीणों की मांग है कि इस सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए, ताकि लोगों की जान जोखिम में न पड़े। यदि विभाग अब भी नहीं जागा, तो स्थानीय लोग उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### बरसात के बाद सुधरेगी सड़क की दशा : एक्सईएन

**लोक** निर्माण विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता इंजीनियर हितेश शर्मा ने कहा इस सड़क के पैच वर्क और 1 किलोमीटर टायरिंग की स्वीकृति मिल चुकी है। बरसात के बाद सड़क की दशा सुधार दी जाएगी। फिलहाल गड्ढे भरने के लिए रोजाना लेबर लगी है।

### जल्द मरम्मत न की तो होगा उग्र आंदोलन

# खतरे के निशान से ऊपर ऊना के सभी नदी-नाले

## जनजीवन पूरी तरह प्रभावित, आसमान से बरसी आफत ने लोगों पर बरपाया कहर



ऊना की स्वां नदी का रौद्र रूप, जो लोगों के दिलों में खौफ पैदा कर रही है।

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** हिमाचल में मानसून की लगातार कहर बरपाती बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश में आगामी दिनों में और अधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने आज और कल 3 अगस्त को भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि 4 व 5 अगस्त को कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

इसके बाद 6 से 8 अगस्त तक फिर से भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी रहेगा। इस बीच शुक्रवार शाम से शनिवार सुबह तक ऊना जिले में सर्वाधिक 223 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जिसने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया।

ऊना में मूसलाधार बारिश से स्वां नदी उफान पर है और बरसाती पानी दुकानों व घरों में घुस गया, जिससे सड़कों पर जलभराव हो गया और यातायात भी प्रभावित हुआ। हालात की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने ऊना जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, प्रशिक्षण संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 2 अगस्त को अवकाश घोषित किया था। हिमाचल प्रदेश के मैदानी जिले ऊना में बीते 24 घंटों के भीतर आसमान से मानो कहर टूट पड़ा। जिले में 222.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिसने शहर से लेकर गांवों तक के जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। बारिश इतनी तेज थी कि ऊना शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाके भी पानी-पानी हो गए।

बता दें कि ऊना में इससे पहले वर्ष 2011 में 342 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। मौजूदा बारिश को जिले में दूसरी सबसे ज्यादा रिकॉर्ड बारिश माना जा रहा है। वहीं, प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए गए हैं। निचले इलाकों से पानी निकालने के लिए दमकल विभाग और नगर परिषद की टीमें जुटी हुई हैं। वहीं, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। **ग्रामीण इलाकों में खेत-खलिहान हुए जलमग्न :** ग्रामीण इलाकों में खेत-खलिहान भी जलमग्न हो गए, जिससे किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

रक्कड़ कॉलोनी, इंदिरा मैदान, रामपुर रोड, कई अन्य कॉलोनियां पानी से जलमग्न नजर आईं। रामपुर के पास बिजली का खंभा टूट गया। कोटला कलां में नाला ओवरफ्लो होने से उसका पानी स्कूल, लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया। बेहली मोहल्ला में भी पानी लोगों के घरों में पहुंच गया।

### शहर का ड्रेनेज सिस्टम हुआ फेल

**शहर** का ड्रेनेज सिस्टम फेल होने से सड़कों पर जलभराव से यातायात ठप हो गया, तो वहीं रिहायशी कॉलोनियों में पानी घरों के भीतर घुस गया। अब तक मिली जानकारी के अनुसार 100 से ज्यादा घर बारिश के पानी से प्रभावित हुए हैं। कई जगहों पर लोगों के पालतू मवेशी और वाहन आधे-आधे पानी में डूब गए। कुछ स्थानों पर तो हालात इतने खराब हो गए कि लोगों को घरों से निकलकर ऊंचे स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। जिला मुख्यालय में मिनी सचिवालय के साथ बचत भवन और न्यायालय परिसर पानी से लबालब थे। ऊना के अरनियाला गांव का मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। यहां तक कि महिला पुलिस स्टेशन भी पानी में डूबा नजर आया। दमकल महकमे ने भी काफी मशक्कत करके दुकानों और घरों में भरा पानी बाहर निकाला।

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा उपमंडल में तेज बारिश से करोड़ों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा में हुई मूसलाधार बारिश ने सरकारी महकमों को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया है। सबसे अधिक नुकसान लोक निर्माण विभाग और जलशक्ति विभाग को हुआ है। लोनिवि बंगाणा मंडल के एक्सईएन अरविंदर लखनपाल ने बताया कि बारिश के चलते विभाग को करीब 4.50 करोड़ रुपए की चपत लगी है। वहीं, जलशक्ति विभाग मंडल थानाकलां के एक्सईएन राकेश ठाकुर ने विभाग को करीब 2 करोड़ रुपए के नुकसान की पुष्टि की है। एक्सईएन अरविंदर लखनपाल ने बताया कि बंगाणा-धनेटा, ऊना-लठियाणी हाईवे, बंगाणा-शांतला सड़क और थानाकलां मार्ग जैसे प्रमुख रास्तों पर यातायात सुचारु कर दिया गया है। इसके बावजूद कई संपर्क मार्गों को बहाल करने के लिए विभाग की टीमें युद्धस्तर पर कार्य कर रही हैं। वहीं, जल शक्ति विभाग के एक्सईएन राकेश ठाकुर ने बताया कि विभाग को रामगढ़ धार, थानाकलां और आसपास के क्षेत्रों में अधिक नुकसान उठाना पड़ा है। नीचे क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति योजनाएं अभी भी बाधित हैं। पाइप लाइनों के बह जाने, टैंक क्षतिग्रस्त होने और स्रोतों में गाद भरने जैसी समस्याएं सामने आई हैं। हालांकि मुच्छाली जिला परिषद वार्ड की पेयजल योजना को बहाल कर दिया गया है और अन्य प्रभावित योजनाओं को भी शीघ्र बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।


### गरीब महिला का रिहायशी मकान ध्वस्त



**अनंत ज्ञान, ऊना।** बरसात के कारण गांव मवा सिंधियां की बीपीएल परिवार से संबंधित विधवा महिला रक्षा देवी का रिहायशी मकान ध्वस्त हो गया।

### बंगाणा में 'काफी विद प्रिंसिपल' एक अनोखी पहल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** विद्यार्थियों को प्रेरित करने, उनकी उपलब्धियों को सम्मान देने और प्राचार्य से संवाद के माध्यम से उनके अनुभवों को साझा करने हेतु अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा ने एक अभिनव पहल - 'कॉफी विद प्रिंसिपल' की शुरुआत की है। यह पहल न केवल प्रशंसा का माध्यम है, बल्कि महाविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच सशक्त संवाद का पुल भी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक माह की पहली तिथि को उन विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जिन्होंने विगत माह में शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक या रचनात्मक गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया हो। चयनित विद्यार्थियों को एक अनौपचारिक वातावरण में महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ कॉफी और संवाद के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस संवाद का उद्देश्य केवल उपलब्धियों की सराहना नहीं, बल्कि छात्रों की चिंताओं, सुझावों और आवश्यकताओं को भी प्रत्यक्ष रूप से सुनना है। यह उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल के विकास का मंच प्रदान करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि इस माह अगस्त के प्रथम सप्ताह में छात्रा कनिका को कॉफी विथ प्रिंसिपल कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायेगा, जिन्होंने अभी हाल दिनों में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रथम वर्ष की परीक्षा में टॉप 10 में जगह बनाई थी।



### भाजपा नेता विश्वजीत ने बांटे फलदार पौधे

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'एक पौधा मां के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा जिला उपाध्यक्ष और वरिष्ठ समाजसेवी विश्वजीत पटियाल ने गांव भंजाल में पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शनि देव मंदिर परिसर के पास संपन्न हुआ, जहां उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे वितरित किए। विश्वजीत पटियाल ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह समाज के हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि 'एक पौधा मां के नाम' अभियान केवल एक भावनात्मक जुड़ाव नहीं, बल्कि यह धरती माता के प्रति हमारी आस्था और कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम भी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे केवल पौधे न लें, बल्कि उन्हें अपने बच्चों की तरह पालें और उनके बढ़ने की जिम्मेदारी भी निभाएं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों में भी काफी उत्साह देखने को मिला।

### गगरेट में धार्मिक कार्यक्रम में भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** विश्व शांति आश्रम ट्रस्ट बड़ोह द्वारा आयोजित भगवान शिव को समर्पित 12वां भव्य शिव महापुराण आयोजन श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अनुपम उदाहरण बन गया है। श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित इस महायज्ञ में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक और शिव महापुराण कथा का दिव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ब्रह्मलीन संत शिरोमणि स्वामी दिन दयालु जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हो रहा है, जिसमें कथाव्यास पंडित बृजमोहन मिश्रा श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा से सराबोर कर रहे हैं। चतुर्थ दिवस की कथा में कथाव्यास ने कहा कि मनुष्य का जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसका उद्देश्य परमेश्वर की भक्ति करना तथा पूर्व जन्म के कर्मों का फल भोगना होता है। उन्होंने शिव भक्ति की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इस पावन आयोजन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में ठाकुर भीम सिंह, स्वर्णा देवी, ठाकुर भवेश, व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान सुरिंदर लखनपाल, पूर्व प्रधान राजकुमार राजू, चानन सिंह डडवाल, निशा ठाकुर, रामपाल, धर्मपाल, मनीष शर्मा, अरम्य शर्मा, बबली शर्मा, आशा देवी, आशा लखनपाल, मास्टर भुल्लर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं ने दिव्य लीला का किया श्रवण

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल बंगाणा की पंचायत चौकीमन्यार स्थित प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर कथा वाचक पं. शिव कुमार शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। इस पावन प्रसंग पर मंदिर परिसर से होकर भव्य झांकी यात्रा भी निकाली गई, जिसमें श्रीकृष्ण के जन्म की विभिन्न लीलाओं को दर्शाया गया। झांकी में बालकृष्ण का जन्म, वासुदेव द्वारा उन्हें यमुना पार ले जाने का दृश्य और गोकुल में आनंद का वातावरण जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। सजीव पात्रों और मनमोहक सजावट से सजी झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय ग्रामीण व कौशल परिवार ने बेहतरीन व्यवस्थाएं की थीं।

## उपमुख्यमंत्री ने राहत एवं बहाली कार्य युद्धस्तर पर तेज करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लगातार हो रही भारी वर्षा से ऊना जिले के कई क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। नदी-नालों में उफान आने, घरों और दुकानों में पानी घुसने तथा विकास परियोजनाओं को नुकसान की स्थिति को देखते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जिला प्रशासन को राहत-बचाव एवं बहाली कार्य युद्धस्तर पर और तेज करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है और हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता और त्वरित राहत उपलब्ध करवाई जाएगी तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अग्निहोत्री ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, सुरक्षित स्थानों पर रहें और जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं हालात पर करीबी नजर रखे हुए हैं और पूरा अमला बचाव कार्यों में जुटा हुआ है।

### प्रभावित क्षेत्रों में राहत के कार्य युद्धस्तर पर जारी: डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मूसलाधार बारिश से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता से साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क मार्गों को सुचारु करना, जलभराव की समस्या के समाधान तथा राहत एवं बहाली के सभी कार्यों के लिए सरकारी मशीनरी लगातार युद्धस्तर पर सक्रिय है। वर्षा से कई स्थानों पर सरकारी व निजी संपत्तियों सहित विकासात्मक परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा है, जिसका आकलन किया जा रहा है। प्रभावित लोगों को राहत मैनुअल के प्रावधानों के अनुसार फौरी आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को जारी किए गए हैं। आपात स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क करें।

## कुठेड़ा जसवाला में टूटा लिंक रोड; ग्रामीणों को भारी परेशानी, हादसे की आशंका



भारी बारिश से कुठेड़ा जसवाला में लिंक रोड टूटने से वाहन चालकों को खतरा पैदा हो गया है।

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कुठेड़ा जसवाला में भारी बारिश के चलते लिंक रोड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस टूटे मार्ग से आम लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क पहले भी बारिश में टूट चुकी थी, जिसे जेसीबी से मिट्टी डालकर अस्थायी रूप से ठीक किया गया था, लेकिन अब दोबारा हुई तेज बारिश ने सड़क को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यह मार्ग शिव मंदिर तक जाता है, जहां सावन के महीने में भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सड़क की हालत खराब होने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने में कठिनाई हो रही है। वहीं, स्कूली बच्चों को भी स्कूल पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रोजाना तीन से चार स्कूल बसें इस मार्ग से गुजरती हैं, और सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस लिंक रोड की स्थायी मरम्मत करवाई जाए, ताकि भविष्य में फिर से ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो और लोगों को सुरक्षित व सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके।

## शासन व प्रशासन की लापरवाही से डूबा ऊना

### नगर निगम के पार्षदों ने प्रदेश सरकार व प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



विनोद पुरी
पार्षद



पुष्पा देवी
नप ऊना की पूर्व अध्यक्ष

शासन व प्रशासन की लापरवाही के कारण ऊना शहर पूरी तरह से जलमग्न हो गया। सरकारी कार्यालयों, दुकानों व घरों में पानी घुसने से लोगों को करोड़ों का नुकसान हो गया। यह बात नगर निगम ऊना के पूर्व चेयरमैन व पार्षद पुष्पा देवी व पूर्व उपाध्यक्ष विनोद कुमार बोधा ने कही। पार्षदों ने कहा कि भाजपा सरकार ने ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती के प्रयासों से ऊना शहर में 22 करोड़ रुपए से नाले बनाए हैं, जिससे ऊना शहर में जलभराव की समस्या का समाधान हुआ, लेकिन प्रशासन ने इस बार नालों व खड्डों को समय रहते साफ नहीं करवाया, अब जब बरसात मुहाने पर आ खड़ी हुई थी, तो प्रशासन को इन नालों को साफ करवाने की याद आई। नालों को साफ करवाने के लिए भी मात्र कारगुजारी ही की गई। इसका परिणाम हुआ कि सरकंडों से भरी खड्डें व गाद से भरे नाले जगह-जगह से टूट गए ओर बरसाती पानी दुकानों व घरों में जा घुसा। ऊना शहर में सैकड़ों स्थानों पर जलभराव देखने को मिला है। पार्षद पुष्पा देवी व विनोद कुमार ने कहा कि हालांकि पार्षदों व स्थानीय लोगों ने कई बार नगर निगम के अधिकारियों से नाले व खड्डों को साफ करवाने का आग्रह किया, लेकिन अधिकारियों ने समय रहते इस और कोई ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकाल में सतपाल सत्ती के प्रयासों से बने नालों से पिछले लंबे समय से कोई जलभराव नहीं हुआ था, लेकिन काफी समय बाद प्रशासन की लापरवाही से ऐसा मंजर देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि समय पर कार्रवाई होती तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। नालों के जाम होने से बारिश का पानी सड़कों व घरों में घुस गया। लोगों को घरों से पानी निकालने और आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जलभराव से जूझ रहे दुकानदारों व अन्य लोगों को नुकसान का जायजा लिया जाए तथा जो जायज मुआवजा लोगों का बनता है, उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र दिया जाए क्योंकि इस नुकसान का मुख्य कारण शासन और प्रशासन की लापरवाही ही है। अगर प्रशासन समय रहता जाग जाता तो इसी स्थिती नहीं होती। प्रशासन के लोग मात्र अपने आकाओं को खुश करने में लगे हुए हैं, जिन्हें आम जनता के दुख दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। पार्षदों ने कहा कि जगह-जगह रस्ते बंद हैं। लोग बहुत परेशान हैं, लेकिन नगर निगम का कोई भी बड़ा अधिकारी इस आपातकाल के समय में फोन का कोई उत्तर नहीं दे रहा है और न ही जनता को राहत प्रदान करवाने के लिए रास्तों को खुलवाने के लिए कोई प्रयास कर रहे हैं।

#### कहां गए स्मार्ट सिटी बनाने के दावे

पार्षदों ने कहा कि प्रशासनिक सुस्ती और योजना की कमी के कारण इस बार ऊना शहर पानी से डूब गया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के दावे कहां गए, जब एक सामान्य बारिश में ही पूरा तंत्र ठप पड़ जाए।

#### व्यापारियों के लाखों डूबे

पार्षदों ने कहा कि इस बारिश से व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। दुकानों में पानी घुसने से लाखों रुपए का माल खराब हो गया, लेकिन प्रशासन इन व्यापारिक प्रतिष्ठानों से पानी निकालने में भी असमर्थ रहा।

## डेरा बाबा अर्जुन दास में भरा पानी, डंगा लगाने की मांग

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** नगर परिषद संतोषगढ़ के साथ लगती छतरपुर पंचायत के डेरा बाबा अर्जुन दास जी (होल्ली वाले) में बीती रात से हुई लगातार बारिश के चलते डेरा में भारी जलभराव हो गया। डेरा के साथ लगती होली खड्ड में हद से ज्यादा पानी आ गया। इसी कारण पूरा डेरा पानी भर गया। डेरा के संचालक संत ज्ञाना नंद जी ने बताया कि पहली इतना पानी डेरा में आया है। उन्होंने बताया कि उनका सत्संग हाल डेरा में ऊंचाई स्तर पर है, उस में भी एक फुट तक पानी भर गया और डेरा के सभी कमरों में पानी भर गया। हालांकि कोई भारी नुकसान न हुआ है। सरकार से डेरा के संचालक संत ज्ञाना नंद जी ने गुहार लगाई है कि डेरा में पानी अंदर आने वाली जगह पर कम से कम 5 फुट का डंगा लगा दिया जाए। इस मौका पर राज महे (राज्य महासचिव) राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान, देव पहेश, पायल, बलबीर चंद वीरू, बिंदु, बिंदु, वचन चंद आदि मौजूद रहे।



डेरा बाबा अर्जुन दास में बारिश से हुआ जलभराव।

## कुटलैहड़ में सड़कें, रास्ते, पुल, मकान ध्वस्त

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुई मूसलधार बारिश ने तबाही मचाते हुए लोगों के घरों, खेतों और आधारभूत ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया। जल प्रलय जैसे हालातों में कई घरों में पानी भर गया, दीवारें दरक गईं, सड़कें बह गईं, पेयजल योजनाएं और विद्युत आपूर्ति मार्गों को भी गहरी चोट पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा शनिवार सुबह तुरंत हरकत में आए और उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने नुकसान का मौके पर जायजा लिया और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकोजल्द हर मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला ऊना तहसीलदार विपिन ठाकुर, जलशक्ति, विद्युत, खंड बिकास अधिकारी, कृषि विभाग अधिकारी, पंचायतीराज विभाग के कर्मचारी सहित अन्य मौजूद रहे। विवेक शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का विस्तृत सर्वेक्षण शीघ्रता से पूरा किया जाए ताकि सरकार को रिपोर्ट भेजकर प्रभावित लोगों को समय पर आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके।



प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा।

**कुटलैहड़ में पेयजल और बिजली आपूर्ति पर भी असर :** विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में भारी बारिश के कारण कई क्षेत्रों की पेयजल योजनाएं ध्वस्त हो गई हैं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बिजली आपूर्ति व्यवस्था में भी भारी क्षति हुई है। कई गांवों में ट्रांसफार्मर बह गए हैं, विद्युत पोल जमीन पर गिर गए हैं और लाइनें टूट गई हैं, इसलिए जनता धैर्य से काम ले। विभाग तुरंत प्रभाव से हर संबंधित विभागीय कर्मचारी हर समस्या के हल करने में जुट गए हैं।

**कुटलैहड़ को भी मिले मंडी जैसा राहत पैकेज :** विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार हाल ही में मंडी जिले के प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री ने राहत राशि और मुआवजा प्रदान किया है, ठीक उसी तरह कुटलैहड़ के पीड़ितों को भी आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। इस मुद्दे को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री से मांग करूंगा।

## पनोह स्कूल की चारदीवारी गिरी कुछ कमरों को हुआ खतरा पैदा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** क्षेत्र के गांव पनोह के राजकीय उच्च विद्यालय पनोह की 20 मीटर ऊंचे डंगे पर बनी हुई 70 मीटर लंबी चारदीवारी पिछली रात हुई भारी बारिश के कारण धराशाई हो गई है। जानकारी के अनुसार लगभग 25 वर्ष पहले इसका निर्माण हुआ था। यह चारदीवारी एक मजबूत रिटेनिंग वॉल से बनी हुई थी जिसकी कहीं से भी गिरने की कोई संभावना नहीं थी। इस वजह से स्कूल के शौचालय, रसोई तथा कुछ कमरों को खतरा पैदा हो गया है। पंचायत प्रधान कमलेश कुमार तथा स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यों ने सरकार और विभाग से गिरी हुई चारदीवारी का पुनर्निर्माण करने की प्रक्रिया जल्द शुरु करने की मांग की है ताकि बच्चे भी सुरक्षित रहें और विद्यालय का कार्य सुचारु रूप से चलता रहे।



पनोह स्कूल की चारदीवारी को जल्द बनाने की मांग की।

## जनसहयोग से ही नारी के ग्रामीणों ने बना डाला शानदार मोक्षधाम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला मुख्यालय के समीपवर्ती डेरा बाबा रुद्रानंद धाम के गांव नारी में ग्रामीणों ने जनसहयोग में भव्य मोक्षधाम का निर्माण किया है। इस निर्माण कार्य में पंचायत के सदस्यों के अलावा ग्रामीणों का काफी योगदान रहा है। बता दें कि इस मोक्षधाम के भव्य स्वरूप को लेकर पंचायत के युवा उप प्रधान हरीश कुमार ने संकल्प लिया था।

इसके लिए उन्होंने स्वर्गीय वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज जी से आशीर्वाद लेने के बाद कार्य शुरु किया और कुछ ही समय में यहां करीब चार कनाल भूमि में मोक्षधाम का भव्य निर्माण करा दिया। नारी के मोक्षधाम में महिलाओं के लिए विशेष स्नानागार बनाया गया है और साथ में एक बैठने के लिए स्थान तैयार किया गया है। इसमें गांव के ही एक परिवार द्वारा शिव भोलेनाथ जी की प्रतिमा भी स्थापित कराई गई है। आंगन को पक्का किया गया है और दोनों ओर शैड बनाए गए हैं। पर्यावरण सरोकार का भी ध्यान रखा गया है और प्रांगण में फलदार और छायादार पौधे लगाए गए हैं। यह मोक्षधाम किसी पार्क से कम नहीं है।

उपप्रधान हरीश कुमार ने बताया कि इसके निर्माण के लिए पंचायत को विधायक विवेक शर्मा के माध्यम से दो लाख रुपए की सहयोग राशि मिली है। हालांकि लाखों रुपए का सहयोग लोगों द्वारा किया गया जिसमें नारी के अलावा साथ की पंचायत के एक मोहल्ले के लोगों ने भी सहयोग किया है।



नारी गांव का मोक्षधाम, जिसे बनाने के लिए लोगों ने लाखों रुपए का सहयोग दिया है।

**आफत** चंडीगढ़ से धर्मशाला मार्ग पर ऊना में गिरा ल्हासा, ऊना-अरनियाला मार्ग क्षतिग्रस्त

## गगरेट बाजार में घुसा पानी, दियोली में यातायात बाधित







देओली गांव के कॉजवे पर आई गाद (मध्य) चंडीगढ़ से धर्मशाला मार्ग पर ऊना में गिरा लहासा (दाएं) ऊना से अरनियाला जाने वाला संपर्क मार्ग जो क्षतिग्रस्त हुआ।

**अनंत ज्ञान, पंजावर**

शुक्रवार रात से लगातार हो रही तेज बारिश ने गगरेट क्षेत्र में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। बारिश का पानी गगरेट मुख्य बाजार पर आ गया । बाजार मानों कोई बरसाती नाले जैसा लगने लगा।

बाजार में आए पानी से कारोबार भी पूरी तरह ठप रहा और पानी की उचित निकासी से दुकानदार भी परेशान नजर आए। बाजार में जलभराव के कारण आम लोगों को भी आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गगरेट से दौलतपुर मार्ग पर गांव दियोली में कॉजवे पर बरसाती पानी आने से यातायात करीब एक घंटे के लिए पूरी तरह बाधित हो गया। छोटे वाहन चालक काफी देर कॉजवे के पानी उतरने का इंतजार करते रहे। हालांकि लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेने की भी कोशिश की, लेकिन वहां पर भी तेज बहाब होने के कारण यातायत सुचारु न जो पाया।

इस मार्ग पर अब मात्र दियोली में ही तीन कॉजवे हैं, जिसमे से अक्सर बरसाती पानी आने से यातायात बाधित हो जाता है। एक कॉजवे की तो विभाग अब गाद तक भी नहीं निकालता है, उससे भी वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के कारण बिजली आपूर्ति भी कई क्षेत्रों में प्रभावित रही, लेकिन ज्यादा देर दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। हालांकि जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और बारिश के दौरान सतर्क रहें।

## चताड़ा में महादेव पेपर ट्यूब फैक्टरी में घुसा पानी, मुख्य मार्ग हुआ अवरुद्ध

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** मूसलाधार बारिश से चताड़ा में बाबा दयाल दास मंदिर के नजदीक महादेव पेपर ट्यूब फैक्टरी को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारी बारिश के कारण फैक्टरी परिसर में पानी घुस गया है, जिससे वहां रखे कच्चे माल, तैयार उत्पाद और महंगी मशीनरी को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए फैक्टरी के समीप लैंडस्लाइड भी हुआ है, जिसके चलते फैक्टरी तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है।

इस मार्ग के बाधित होने के कारण फैक्टरी मालिक दिनेश कुमार खुद घटनास्थल तक नहीं पहुंच सके। फैक्टरी में मौजूद कुछ कर्मचारियों ने मुझे यह सूचना दी। दिनेश कुमार ने बताया कि जब तक मार्ग नहीं खुलता, तब तक फैक्टरी के भीतर हुए संभावित नुकसान का सटीक आकलन करना मुश्किल है। फैक्टरी प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मार्ग को बहाल किया जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि फैक्टरी और अन्य आसपास की संपत्तियों को और अधिक नुकसान से बचाया जा सके। क्षेत्र में आपदा से छोटे-बड़े उद्योगों और किसानों को भी नुकसान की आशंका बनी हुई है। खेतों में पानी भरने और संपर्क मार्गों के अवरुद्ध होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।



चताड़ा में महादेव पेपर ट्यूब फैक्टरी में घुसा पानी जिससे नुकसान की आशंका बनी हुई है।

### कुल्लू व लाहौल में बारिश से जनजीवन अभी भी अस्त-व्यस्त, छोटे वाहनों के लिए बहाल हुआ लेह मार्ग

# जिले में भारी बारिश से 84 से अधिक सड़कें अवरुद्ध

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू/केलांग। जिला कुल्लू व लाहौल स्पीति में बारिश ने खूब कहर बरपाया है, जिससे भारी नुकसान हुआ है। सड़क मार्ग और रास्ते भूस्खलन के कारण बाधित हुए हैं और कई गांव अभी अंधेरे में हैं। जनजीवन अभी पूरी तरह अस्त व्यस्त हो रहा है। हालांकि शनिवार को कुल्लू में मौसम साफ रहा लेकिन बीते दिन बारिश से हुए नुकसान से जनजीवन को पटरी में लौटने में समय लगेगा।

जिला मुख्यालय कुल्लू के भूतनाथ पुल के पास सरवरी खड्ड ने जो कहर बरपाया था उससे सड़क किनारे बड़ी दरारें आ गई हैं। वहीं, मलाणा नाला में बाढ़ आने दो पैदल पुल, कई मशीनें और गाड़ियां बह गई हैं। इससे क्षेत्र में व्यापक नुकसान हुआ है। घाटी के मलाणा एक हाइड्रो पावर कंपनी की ओर से बनाया गया एक अस्थायी बांध अचानक आई बाढ़ के कारण


सड़क में आई दरारें।

**मलाणा में फ्लैश फ्लड से पॉवर प्रोजेक्ट की मशीनरी को हुआ नुकसान**

क्षतिग्रस्त हो गया। इससे एक हाइड्रा, डंपर, रॉक ब्रेकर, कैंपर और कार बह गई। इस घटना में कोई जन हानि की सूचना नहीं है। वहीं, पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ गया है। बाढ़ आने से मलाणा गांव के लिए बना पैदल पुल बह गया है और इसके साथ ही घाटी के पोहल गांव को जोड़ने वाला पुल भी बह गया है। दोनों पैदल पुल के बह जाने से ऐतिहासिक गांव मलाणा के साथ पोहल गांव वासियों का संपर्क कट गया है। पोहल, बलाधी सहित अन्य गांव के लोगों की जमीन को भी नुकसान पहुंचा है।

जिला के सैंज, आनी व बंजार क्षेत्र में भी बारिश से नुकसान हुआ है। वहीं, लाहौल में भी बारिश से काफी नुकसान हुआ है। लाहौल की विधायक सहित डीसी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया वहीं, डीसी कुल्लू ने भी नुकसान का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं, 12 घंटे से बाधित मनाली लेह मार्ग वाहनों के लिए बहाल हो गया है। अटल टनल मार्ग फिलहाल छोटे वाहनों के लिए ही बहाल हुआ है जबकि रोहतांग होते हुए मार्ग बड़े वाहनों के लिए भी बहाल हो गया है। अटल टनल होकर लेह जाने वाले बड़े वाहन सोलंग नाला में पिछले चार दिन से फंसे हुए हैं।

## नेहरूकुंड में फिर धंसी सड़क, एक तरफा हुई आवाजाही

**मनाली**-लेह मार्ग पर नेहरूकुंड पुल के समीप सड़क का बड़ा हिस्सा फिर से धंस गया है। ब्यास नदी के उफान पर आने से धंसे इस हिस्से में यातायात एकतरफा हो गया है। वाहनों को बारी-बारी छोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने अपील की है कि इस मार्ग पर सावधानीपूर्वक यात्रा करें। स्थानीय लोगों के अनुसार बीआरओ की लेट लतीफी की बजह से यह हालात बने हैं। उन्होंने बीआरओ से आग्रह किया कि गत वर्ष से क्षतिग्रस्त चल रही इस सड़क को जल्द ठीक किया जाए।

## डीसी ने भूतनाथ व भुंतर के पुराने पुल का किया निरीक्षण

**डीसी** कुल्लू तोरुल एस रवीश ने वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए भूतनाथ पुल साइट तथा भुंतर पुराने पैदल पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूतनाथ के पास सड़क के क्षतिग्रत भाग को पानी का स्तर घटने पर मरम्मत करके पुनः आवागमन के लिए शीघ्र दुरुस्त किया जाएगा। इसके साथ ही भुंतर पैदल पुल को अभी आवागमन के लिए बंद किया गया है। पानी का स्तर घटने पर इसे भी पुनः आवागमन के लिए तैयार किया जाएगा।उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि भुंतर में डबल लेन पुल यातायात के लिए तैयार है, वैकल्पिक रूप में इसका इस्तेमाल करें।

## विधायक अनुराधा ने किया बाढ़ प्रभावित यांगला क्षेत्र का दौरा

अनंत ज्ञान, केलांग


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नुकसान का जायजा लेती हुई विधायक अनुराधा राणा व साथ हैं अन्य।

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित गोशाल व यांगला क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को राहत कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुबह के समय विधायक गौशाल पहुंची। बीते दिन काकटी नाले में बादल फटने की घटना से पेयजल और सिंचाई योजनाओं को हुए नुकसान का जायजा लिया।

रोगिंग संपर्क मार्ग भी बंद हो गया है जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने विभागीय कर्मचारियों को आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक अनुराधा राणा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रभावित मूलभूत सुविधाएं जल्द से जल्द बहाल की जाएंगी और प्रशासन हर संभव मदद उपलब्ध कराएगा। दोपहर बाद विधायक यांगला गांव पहुंची। यांगला क्षेत्र के गुलधार नाले में बादल फटने से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

विधायक ने जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र राहत कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक मरम्मत कार्य तुरंत आरंभ किए जाएं ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## डीसी ने जिस्पा में बादल फटने से हुए नुकसान का लिया जायजा

अनंत ज्ञान, कुल्लू। उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने शनिवार को जिस्पा के समीप बादल फटने की घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों और पर्यटकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना एवं उनकी समस्याएं सुनीं।

उपायुक्त ने मौके पर स्थिति का जायजा लिया और सीमा सड़क संगठन के कर्मियों से टीम के अथक प्रयास, शीघ्रता एवं कुशलता से सड़क मार्ग को खोलने में दिखाई गई तत्परता के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि बीआरओ के कर्मचारियों ने निरंतर कार्य कर सड़क मार्ग को यातायात के लिए सुचारु बनाने का सराहनीय कार्य किया है। उपायुक्त ने स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित विभागों को भी निर्देश दिए कि जिला के अन्य प्रभावित क्षेत्रों में पूरी नज़र रखने तथा राहत कार्यों को पूरी तत्परता से आगे बढ़ाया जाए ताकि सामान्य जनजीवन अधिक प्रभावित हो ।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू कॉलेज का वार्षिक प्रत्यक्ष सत्यापन सत्र संपन्न

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू का वार्षिक प्रत्यक्ष सत्यापन सत्र 2024-25 संपन्न हो चुका है। इस प्रक्रिया के दौरान विभिन्न विभागों में उपयोग में नहीं रहे अथवा अनुपयोगी/कबाड़ घोषित किए गए सामान की पहचान की गई है। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के कार्यकारी प्राचार्य ने बताया कि उक्त सामान की नीलामी दिनांक 8 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे महाविद्यालय परिसर में की जाएगी। सभी इच्छुक समय पर उपस्थित होकर इस नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### ढालपुर में 4 को होगी गुरिल्ला संघ की बैठक

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** एसएसबी गुरिल्ला संघ कुल्लू की मासिक बैठक ढालपुर कुल्लू में 4 अगस्त को होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे। बैठक में प्रीतम सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष प्रेम राणा ने बताया कि बैठक में कोर्ट में लगी याचिका के बारे में जानकारी देंगे, अगस्त महीने मे सुनवाई है। उन्होंने जिला के गुरिल्ला साथियों से अपील है कि बैठक में भाग लें।

### विधायक भुवनेश्वर से मिला पूर्व छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पूर्व छात्र संघ कटराईं के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भुवनेश्वर गौड़ से उनके निवास पर भेंट की। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सितंबर माह में मनाए जा रहे संघ के रजत जयंती समारोह के बारे में विधायक से विचार-विमर्श किया। संघ के महासचिव मेहरचंद ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से संघ के रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने का आग्रह किया, जिसे विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने स्वीकृति देते हुए शुभकामनाएं दीं।

### बजौरा में किसानों को योजनाओं से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा में पीएम किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त वितरण समारोह के तहत आतमा परियोजना व कृषि विज्ञान केंद्र की सहभागिता से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कुल्लू जिला के विभिन्न पंचायतों के लगभग 200 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस समारोह के दौरान डॉ. ऋतु गुप्ता परियोजना निदेशक आतमा कल्लु ने विभाग में चल रहे विभिन्न योजनाओं से किसानों को अवगत कराया। समारोह की अध्यक्षता डॉ. राकेश देवल सह-निदेशक उच्च भूमि कृषि अनुसंधान एवं प्रसार केंद्र कुल्लू ने की। समारोह के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र कुल्लू के वैज्ञानिक डॉ. भूपेन्द्र प्रधान वैज्ञानिक क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण, डॉ. सुरेंद्र कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान आदि ने विभिन्न विषयों से किसानों को अवगत कराया।

### हरियाली उत्सव के तहत निरमंड में रोपे 500 पौधे

**अनंत ज्ञान, आनी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से रेडक्रॉस इकाई निरमंड द्वारा हरियाली उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 लोग शामिल हुए, जिनमें स्थानीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला मंडल के सदस्य, रेड क्रॉस के गैर-सरकारी सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सामूहिक प्रयासों से 500 विविध प्रजातियों के पौधे रोपे गए, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम निरमंड ने उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संरक्षण का संदेश दिया। रेडक्रॉस इकाई ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने का वादा किया। यह आयोजन न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि समुदाय को एकजुट कर हरियाली और संरक्षण के महत्व को रेखांकित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### एनएसएस इकाई की नई कार्यकारिणी गठित



**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी (हरिपुर) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की नई कार्यकारी समिति का गठन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को चेस्ट प्लेट पहनाकर सम्मानित किया। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय कुमार और प्रो. सीमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय कुमार ने बताया कि नवगठित कार्यकारी समिति में कुल 18 स्वयंसेवकों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, इनमें आशित को एनएसएस वॉलंटियर लीडर (बॉयज) और दिव्यांशी नेगी को एनएसएस वॉलंटियर लीडर (गर्ल्स) नियुक्त किया गया है।

### किशन को मिली निरमंड कॉलेज पीटीए अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की आम सभा की बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. राजन देवी नेगी ने की। इस अवसर पर डॉ. राजन देवी नेगी ने महाविद्यालय के विकास में पीटीए की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच नियमित संवाद छात्रों के शैक्षणिक व सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होता है। बैठक में सर्वसम्मति से पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में किशन वर्मा को अध्यक्ष, निर्मला देवी को उपाध्यक्ष चुना गया जबकि प्रोफेसर सुरेंद्र धीमान को सचिव, आज्ञानन्द को संयुक्त सचिव, कुमत राम को कोषाध्यक्ष, तोता राम को सलाहकार, प्रो. राहुल शर्मा, रोशन लाल एवं श्री कृष्ण दन्याल को लेखा परीक्षक और शिवराम, सीता देवी, जगत राम और संजू देवी को भी कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया।

## किसान सम्मान निधि योजना से किसानों का बढ़ा मनोबल : अखिलेश

अनंत ज्ञान, कुल्लू



हिमाचल प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर ने कहा कि भारत में किसानों की आर्थिकी को दुगना करने तथा कृषि कार्यों में उनकी मदद करने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा शनिवार को 20वीं किसान सम्मान निधि की किस्त जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी से इस किस्त को जारी किया गया है।

वहीं अबकी बार किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को भी 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से देश के किसानों का मनोबल बढ़ा है और इससे हिमाचल प्रदेश के किसान भी आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। अखिलेश कपूर ने बताया कि पीएम किसान योजना से जो भी किसान लाभार्थी के रूप में जुड़े हैं उन्हें आज 20वीं किस्त का लाभ मिल गया है। अखिलेश कपूर ने बताया कि पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त से पहले अब तक 19 किस्तों में 3.69 लाख करोड़ रुपए किसानों के खाते में ट्रांसफर किए जा चुके हैं।

केंद्र सरकार ने फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी। जिसके तहत देश के करोड़ों गरीब किसानों की आर्थिक मदद के लिए हर साल 6,000 रुपए दिए जाते हैं। जो तीन किस्तों में सीधे किसानों के खाते में पहुंचते हैं। किसानों को अपनी आए दुगना करने में भी काफी मदद मिल रही है।

## बंदरोल से निरामाट्टी सड़क की हालत खराब

अनंत ज्ञान, मनाली

उझी घाटी में सेब सीजन आरंभ होने जा रहा है। ऐसे में जहां एक ओर किसान-बागवान सेब सीजन की तैयारियों में जुटे हैं तो वहीं दूसरी ओर यहां की खस्ताहाल सड़कों ने बागवानों की चिंता भी बढ़ा दी है।

मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की हालत काफी खस्ता है जिसको लेकर ग्रामीणों ने भी विभाग से इन सड़कों को जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की है। वहीं मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंदरोल से निरामाट्टी सड़क की भी हालत काफी खराब है। जिससे यहां के ग्रामीणों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि घाटी में जल्दी ही सेब का सीजन आरंभ होने वाला है, लेकिन उनके गांव की सड़क की हालत काफी खराब है। इलाके के सतपाल ठाकुर, प्रवीण, राकेश का कहना है कि इसी सड़क से उनका रोजाना आना जाना होता है, लेकिन सड़कों में कई स्थानों पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं ।


सड़क की खस्ताहालत का दृश्य।

**सेब सीजन में बागवानों को हो रही दिक्कत**

सड़क के किनारे कोई निकासी न होने के कारण बरसात में सारा पानी सड़क में आ जाता है और सड़कों को नुकसान करता है, जिससे सड़क पर वाहन चलाना भी मुश्किल हो रहा है । लगभग 3 किलो मीटर बंदरोल निरामटी सड़क पर भारतीय सशस्त्र सेना का भी आवासीय कॉलोनी है।

ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की दशा को सुधारा जाए ताकि सेब के सीजन में उन्हें किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि सड़क तक लोगों की जमीन होने के कारण निकासी निकलना विभाग को चुनौती है, यदि लोग सड़क किनारे अपनी जमीन निकासी के लिए देते हैं तो विभाग तुरंत कार्य शुरू करेगा।

उन्होंने कहा कि फिलहाल अधिक टूटी हुई सड़क को विभाग जल्द रिपेयर करेगा, पूरी सड़क को पुन: रिपेयर के लिए विभाग टेंडर आमंत्रित करेगा।

## महालक्ष्मी मिनी ट्रक यूनियन से चेयरमैन निष्कासित

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** महालक्ष्मी मिनी ट्रक यूनियन पतलीकूहल में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता यूनियन के प्रधान सुखबीर मेहता ने की। इस बैठक में 20 सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें यूनियन के चेयरमैन लोत राम के खिलाफ पद के दुरुपयोग की शिकायत पर विस्तार से चर्चा की गई।

यूनियन के प्रधान सुखबीर मेहता ने बताया कि ऑप्रेटरों ने चेयरमैन लोत राम के पद के दुरुपयोग को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। बैठक में इस शिकायत की गहन छानबीन की गई, जिसमें आरोपों को सही पाया गया।

इसके परिणामस्वरूप, सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से लोत राम को चेयरमैन के पद से तत्काल प्रभाव से निष्कासित करने का निर्णय लिया। प्रधान मेहता ने कहा कि सेब सीजन की शुरुआत को देखते हुए, यूनियन जल्द ही एक नए चेयरमैन के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेगी। यह निर्णय यूनियन के सुचारु संचालन और सदस्यों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

## भुंतर का पुराना पुल आवाजाही के लिए बंद, लोग हो रहे परेशान

अनंत ज्ञान, भुंतर

भुंतर का पुराना पैदल चलने वाला पुल आवाजाही के लिए बंद कर दिया है, जिससे जनता और स्थानीय दुकानदारों की परेशानी बढ़ गई है। पहले डबल लेन पुल निर्माण के कारण वहां से कई महीनों से आवाजाही बंद थी, इस दौरान दुकानदारों ने भारी मंदी की मार झेली। वहीं जनता लंबा सफर कर भुंतर बाजार पहुंचती थी, लेकिन डबल लेन पुल के बनने के बाद अब पैदल चलने वाला पुल बंद होने से परेशानी बढ़ गई है।

जबकि गड़सा, दियार, ठेला, सुईभ्रा जरड़, बशोणा पारला भुंतर आदि से आने वाली जनता के लिए यह पुल बहुत उपयोगी है। जानकारी के अनुसार 2023 की बाढ़ में वार्ड 6 नगर पंचायत भुंतर की तरफ से लकड़ी के पुल के साथ वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। इस स्थान पर विभाग द्वारा लोहे का एक ढांचा तैयार कर पुल से जोड़ा गया, लेकिन हाल ही में भारी बारिश के कारण ब्यास नदी के तेज बहाव से इस ढांचे में लगा पिलर हवा में लटक गया है। जनता ने विभाग व प्रशासन से गुहार लगाई है कि पुल की मुरम्मत शीघ्र की जाए। वहीं जनता का कहना है कि जहां पिलर लगेगा उस स्थान पर नींव गहरी व मजबूत बनाई जाए। क्योंकि नींव सबसे महत्वपूर्ण संरचनात्मक घटक होती है, जो ढांचे का पूरा भार वहन करेगी।


पैदल आवाजाही के लिए पुल बंद होने के बाद परेशान विद्यार्थी व अन्य लोग।

वहीं एसडीएम कुल्लू निशांत ठाकुर ने बताया कि भुंतर के पैदल पुल का निरीक्षण हमने किया तो देखा इसका एक पिलर हवा में लटक गया है। कोई अनहोनी न हो इस लिए पुल से आवाज को बंद कर दिया है। नदी का जलस्तर कम होने के उपरांत ही पुल की मुरम्मत बारे कुछ कह सकते है ।

## लेपचा में 267 श्रमिकों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, काजा।** जिला श्रम कल्याण विभाग किन्नौर द्वारा भारत-चीन सीमा के समीप, समुद्र तल से 14,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित लेपचा क्षेत्र में श्रम जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कुल 267 श्रमिकों ने भाग लिया। शिविर में सपन जसरोतिया, जिला श्रम कल्याण अधिकारी किन्नौर ने उपस्थित श्रमिकों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी से अवगत करवाया तथा हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की 14 कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी, जिनका उद्देश्य पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवारों के सामाजिक-आर्थिक जीवन को सशक्त बनाना है।

शिविर के दौरान सभी श्रमिकों को पंजीकरण और लाभ लेने हेतु आवेदन प्रपत्र वितरित किए गए और मौके पर ही उनके समस्याओं का समाधान भी किया गया। दूरदराज के क्षेत्रों में शिविरों के आयोजन से मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर पर कार्य कर रहे श्रमिकों तक पहुंचना है।

## मनाली शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** बारिश के कारण मनालसू नाला के उफान पर आने से मनाली शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है। पानी में गाद की मात्र बढ़ने और जलस्तर में उतार चढ़ाव होने से आपूर्ति बहाल करने में वक्त लगेगा। ऐसे में जलशक्ति विभाग ने लोगों से अपील की है कि पानी का उपयोग सीमित मात्रा में करें। मनाली में ब्यास समेत सभी नदी नाले उफान पर हैं।

मनालसु नाला का जलस्तर बहुत अधिक बढ़ गया है। इसी नाले पर बनी पेयजल योजना से शहर को पानी की सप्लाई की जाती है। कर्मचारी पेयजल आपूर्ति बहाल करने में जुटे हुए है, लेकिन गाद अधिक होने से समय लगेगा। विभाग के सहायक अभियंता दीक्षान्त शर्मा ने कहा कि भंडारण किया साफ पानी शहर को सप्लाई हो चूका है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की।

## जिला प्रशासन ने लगाया योग शिविर

**अनंत ज्ञान, केलांग।** ट्राइबल फेयर 2025 के प्रचार-प्रसार एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन लाहौल एवं आयुष विभाग केलांग द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त लाहौल-स्पीति की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाना एवं आगामी ट्राइबल फेयर 2025 के प्रति जन-भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस प्रकार के आयोजन जनसामान्य को न केवल बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि पारंपरिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से भी जोड़ते हैं।

## मनाली गांव ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 75 हजार रुपए


विधायक भुवनेश्वर गौड़ को राहत राशि के लिए 75 हजार का चेक देते हुए।

अनंत ज्ञान, मनाली

मनाली गांव ग्राम पंचायत की प्रधान मोनिका भारती के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भुवनेश्वर गौड़ से मिला और मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 75 हजार रुपए दिया है।

मोनिका भारती ने कहा कि हिमाचल में वर्षा के दौरान भारी जानी माली नुकसान हो रहा है जिसको देखते हुए मनाली गांव और ढूंगरी की ओर से मनाली के लोकप्रिय विधायक भुवनेश्वर गौड़ को 75 हजार रुपए का चैक मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया । उन्होंने कहा कि अन्य समर्थियमान भी मुख्यमंत्री राहत कोष में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दें।

## एवीबीपी ने मांगों को लेकर खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शनिवार को विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। इस मौके पर जहां एवीबीपी कार्यकर्ताओं ने कुल्लू कॉलेज से लेकर डीसी कार्यालय तक रोष प्रदर्शन किया वहीं, प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

कार्यकर्ताओं ने सरकार व विवि प्रबंधन से प्रदेश के विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को शिक्षा की मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने, विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों को और छात्र संघ चुनावों को बहाल करने की मांग की।

एवीबीपी के जिला संयोजक अभिनव कश्यप व विभाग संयोजक सारांश बोध ने इस मौके पर कहा कि यह धरना प्रदर्शन देशहित व छात्रहित के लिए किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने सरकार को चेताया है कि अगर मांगे नहीं मानी गई तो उग्र आंदोलन होगा।


**विरोध** | विधायक रोपवे में क्यों दिखा रहें दिलचस्पी : महेश्वर सिंह

# बिजली महादेव अगर नहीं चाहेंगे तो नहीं बनेगा रोपवे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने बिजली महादेव रोपवे निर्माण को लेकर विरोध जताया है। कुल्लू में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि उनके लिए देव आदेश सर्वोपरि हैं और बिजली महादेव अगर नहीं चाहते कि रोपवे का निर्माण हो तो उनके आदेशों को मानते हुए मरते दम तक इस रोपवे का विरोध करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह देवभूमि है और यहां पर लोगों के लिए उनकी सांस्कृतिक विरासत और देव आज्ञा सर्वोपरि है। ऐसे में वह भी देव आज्ञा के मुताबिक इस रोपवे के विरोध में हमेशा आवाज उठाते रहेंगे, प्राण जाए पर वचन न जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट केंद्र सरकार का है और वह भी पार्टी से जुड़े हैं लेकिन पार्टी एक तरफ और देव आस्था सबसे पहले है। वहीं, उन्होंने इस मामले पर कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि विधायक कहते हैं कि यह केंद्र का प्रोजेक्ट है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विधायक जी ! अगर केंद्र का प्रोजेक्ट है फिर आप क्यों इसमें इतनी दिलचस्पी दिखा रहे हो। जितना उतावलापन विधायक रोपवे को लगाने में दिखा रहे हैं उसे देखकर लगता है कि दाल में कुछ काला है।


पूर्व सांसद महेश्वर सिंह जानकारी देते हुए।

उन्होंने कहा कि विधायक का यह भी कहना है कि मैं ठेकेदार हूं, मैं विधायक को बताना चाहूंगा कि मैं ठेकेदार नहीं बल्कि देवता का सेवक हूं और अगर देवता का आदेश हमेशा सबसे पहले है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में बिजली महादेव रोपवे का निर्माण नहीं होने देंगे।

### सीआईआरएफ का पैसा कहां गया

**वहीं,** उन्होंने सरकार व कुल्लू के विधायक को घेरते हुए कहा कि आपको विकास का मसीहा बनना है तो बने मुझे कोई आपत्ति नहीं है अगर विकास करना है पतो करिए, लेकिन एक बात तो बताइए जो सीआईआरएफ का पैसा केंद्र सरकार द्वारा दिया गया गया था करीब 38.86 करोड़ का जिया से मणिकर्ण तक बारिश से नुकसान हुआ है उसके लिए दिया था वह पैसा कहां गया। उन्होंने कहा कि मैं विधायक से सिर्फ यही पूछ रहा हूं कि जिला परिषद सदस्य ने जो विधायक पर आरोप लगाया है कि उन्होंने आपदा के पैसे को कहीं और खर्च दिया है उसे साबित करे कि यह झूठा आरोप है और पैसा जहां के लिए आया है वहीं खर्च होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का दिवालिया निकल गया है । पेंशन व सैलरी देने तक के लिए पैसे तक नहीं है सरकार के पास।

## कुवनी गांव को भूस्खलन से खतरा, लोगों ने छोड़े घर

**अनंत ज्ञान, बंजार।** कुवनी गांव पर खतरे के बादल मंडरा रहे है। इस गांव में 7 परिवारों के करीब 40 सदस्य रहते है। जिन्होंने खतरे को भाम्पते हुए गांव छोड़ कर सुरक्षित जगह पर शरण ले ली है। बठाहड़ से सरूट बशलेउ दर्रा के लिए निर्माणाधीन सड़क जो कुवनी गांव से होकर गुजरती है, जिसमें बारिश के कारण भूस्खलन हो रहा है। आज गांववासियों ने देखा कि कुवनी के पीछे से निकली सड़क पर भूस्खलन हो रहा है, कुछ बड़े पत्थर सड़क के पीछे से खिसक कर टिक गए है, जबकि एक बड़ी चट्टान में दरारे आ चुकी है जो कभी भी गिर सकती है।


भूस्खलन के कारण गिर रही चट्टानें।

ग्रामीणों दरवारी लाल, कुरमदत, रपिंद्र, गोलू, हिम सिंह, श्याम लाल और रिंकू आदि ने बताया कि इनके गांव के पीछे सड़क के ऊपर एक बड़ी चट्टान में दरारें आ गई हैं, जिससे ग्रामीणों को खतरा हो गया है यदि यह चट्टान खिसकती है तो इनके जान माल का बहुत नुकसान हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द मौके का जायजा लेकर प्रभावित लोगों के लिए जरूरी सुरक्षा उपाय किए जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता पर करवाया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में वुमन सेल के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता सप्ताह की शुरुआत की गई। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 की थीम स्तनपान को प्राथमिकता दें। वुमन सेल की प्रभारी सह आचार्य मार्ग्रेट सेबेस्टियन ने बताया कि इस अकादमिक सत्र में 1 अगस्त से लेकर 7 अगस्त तक स्तनपान जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियां करवाई जाएगी। स्तनपान जागरूकता सप्ताह के पहले दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसके साथ ही पूरे सप्ताह कॉलेज स्तर पर और राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी भाग लेंगे।

### पझौता कॉलेज में व्याख्यान शृंखला आरंभ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय, पझौता में व्याख्यान शृंखला की शुरुआत की गई, जिसमें ग्राफिक ऐरा विश्वविद्यालय, देहरादून में राजनीति विज्ञान की सहायक आचार्य डॉ. भारती शर्मा ने पहले व्याख्यान में भारतीय जान परंपरा विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. भारती शर्मा ने पारंपरिक भारतीय दर्शन, वेद तथा उपनिषद के महत्व तथा इससे जन्म लेने वाले संस्कारों के जीवन में अनुपयोग पर बल दिया। व्याख्यान के उपरांत प्रश्नोत्तर सत्र रहा जिसके उपरांत इतिहास विषय के सहायक आचार्य डॉ. प्रकाश शर्मा ने संवाद की आवश्यकता तथा मतभेदों के समायोजन पर बल दिया। महाविद्यालय की छात्रा ज्योतिबाला एवं अंजना ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा गुंजन शर्मा ने किया।

### टीबी और स्तनपान विषय पर किया जागरूक

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** खंड चिकित्साधिकारी अर्की डॉ. मुक्ता रस्तोगी के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में ग्राम खाता में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परामर्श विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार शांडिल द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को एचआईवी/एड्स, क्षयरोग (टीबी) तथा स्तनपान के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ. शांडिल ने बताया कि एचआईवी की जांच एवं परामर्श सेवाएं मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### विश्व फेफड़ा कैंसर दिवस पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मारकंडेश्वर मेडिकल कॉलेज में विश्व फेफड़ा कैंसर दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कॉलेज के सभी फैकल्टी सदस्य एवं रेजिडेंट डॉक्टर सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. रवि शर्मा, कुलपति, मुख्यातिथि के रूप में तथा डॉ. मनप्रीत नंदा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजेश कश्यप प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, मेडिसिन विभाग ने फेफड़ा कैंसर के प्रति जागरूकता और रोकथाम की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. रवि शर्मा और डॉ. मनप्रीत नंदा ने बताया कि कॉलेज में तंबाकू निषेध केंद्र सक्रिय रूप से धूम्रपान छोड़ने के इच्छुक लोगों की मदद कर रहा है। उन्होंने डॉक्टरों और आम जनता से अपील की कि वे धूम्रपान करने वालों को इस केंद्र तक मार्गदर्शन करें ताकि उन्हें समय पर परामर्श और सहयोग मिल सके।

### इनडोर और आउटडोर जिम का किया शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** विधानसभा पांवटा साहिब के पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग ने गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय का दौरा किया। इस मौके पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और कॉलेज स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने महाविद्यालय में बनाए गए इनडोर और आउटडोर जिम का उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन वास करता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवाओं को शारीरिक व्यायाम पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आज युवाओं को नशे की ओर बढ़ते देखना बेहद चिंताजनक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश चौहान, सुजाता शर्मा, मोहसिन अली, प्रदीप चौहान, शाहरुख, पीयूष ठाकुर, ऋतिक तोमर, मेवन ठाकुर, आर्यन त्यागी, गर्व लबाना, अमित राजपूत, प्रांजल तोमर समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### समाज के लिए अनुकरणीय है पुष्पा की समाजसेवा



**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब।** सिरमौर के माजरा की पुष्पा खंडूजा जो वर्षों से पावंटा साहिब और माजरा क्षेत्र में समाज सेवा में अनेकों को जीवन समर्पित कर रही है जिनकी जन्मस्थली नैना टिक्कर के गांव खोजर और ससुराल माजरा क्षेत्र में है। समाजसेवी एवं संस्था के संस्थापक डॉ अनुराग गुप्ता की जानकारी के अनुसार पुष्पा खंडूजा वर्तमान में मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था की अध्यक्ष भी है जो संस्था जरूरतमंद छात्रों को निशुल्क शिक्षा, शिक्षा सामग्री, पौधरोपण, वस्त्र वितरण इत्यादि करना तो वही इस संस्था ने जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता के साथ नशा मुक्ति पर्यावरण संरक्षण व बच्चों के लिए स्कूलों में जाकर समय-समय पर अलग-अलग गतिविधियां इत्यादि करना तो वहीं दूसरी ओर समय-समय पर रक्तदान शिविर इत्यादि जैसे सराहनीय प्रयास समाज में पुष्पा खंडूजा की अगवाई में गतिशील है । संस्था के सभी सदस्यों के साथ पुष्पा खंडूजा खुद अनेकों बार रक्तदान महादान करने का पुनीत कार्य वर्षों से कर रही है।

### आश्रय गो सदन परिसर में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत विकास परिषद सोलन शाखा द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज आश्रय गो सदन, सोलन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वृक्षारोपण अभियान के तीसरे और अंतिम चरण के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 100 पौधे लगाए गए। परिषद द्वारा अब तक तीन चरणों में कुल 300 से अधिक पौधेरोपे जा चुके हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के प्रांत अध्यक्ष अशोक टंडन ने की। इस अवसर पर उन्होंने परिषद की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और समाज के प्रति समर्पित सेवाभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत विकास परिषद राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के लिए निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान प्रांत पर्यावरण संयोजक डॉ. मुकेश प्रभाकर ने पौधरोपण के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पशुओं के लिए उपयोगी चारे के वृक्षों, उनके गुणों तथा प्रबंधन के बारे में चर्चा की। साथ ही उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक गतिविधि नहीं, अपितु भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच है। सोलन शाखा के पर्यावरण संयोजक राजन जैन ने परिषद द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरणीय अभियानों की जानकारी दी।

# सोलन में असुरक्षित घोषित भवन गिरा, बड़ा हादसा टला

## पास के घरों पर मंडराया खतरा, निगम के खिलाफ लोगों का रोष

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**



वार्ड 6 में गिरा हुआ भवन, जो अब साथ लगते भवनों के लिए खतरा बन गया है।

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन में लगातार हो रही बारिश से चौक बाजार स्थित वार्ड 6 में एक जर्जर असुरक्षित भवन भरभरा के गिर गया। दो मंजिला भवन अचानक गिरने से मौके पर हड़कंप मच गया।

इस भवन नगर निगम द्वारा असुरक्षित घोषित किया गया था। लिहाजा जानमाल का नुकसान नहीं हुआ पर भवन गिरने के चलते अब अन्य घरों को खतरा पैदा हो गया है। इसके अलावा भवन के साथ आम रास्ता भी है।

जहां से रोजाना हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं। उन्हें भी अब आने-जाने में डर लगने लगा है। सुबह करीब 10:30 बजे जैसे ही यह बिल्डिंग गिरी तो तुरंत प्रभाव से मौके पर पार्षद रेखा साहनी पहुंच गई। विद्युत बोर्ड के कर्मी भी मौके पर आए और उन्होंने बिजली की तारों को हटा दिया, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके। इसके बाद सूचना नगर निगम को दी गई और वह भी मौके पर आए।

### नगर निगम की लापरवाही हुई उजागर

**हालांकि** इस हादसे ने नगर निगम की लापरवाही को फिर से उजागर कर दिया है। नगर निगम ने इस भवन को पहले ही 'असुरक्षित' घोषित कर दिया था और मालिक को निर्देश भी दिए गए थे कि इसे खाली करवाकर जल्द ध्वस्त किया जाए। भवन मालिक ने कुछ किराएदारों को बाहर कर दिया था, लेकिन निचली मंजिलों में अब भी कुछ परिवार रह रहे थे। हादसे के समय वे बाल-बाल बच गए। घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है।

### शेष ढांचे को तुरंत गिराया जाए : रेखा

**इस** दौरान मौके पर पहुंची वार्ड पार्षद रेखा साहनी और पूर्व मनोनीत पार्षद भरत साहनी ने कहा कि भवन को खतरनाक घोषित किए जाने के बावजूद नगर निगम ने समय पर कार्रवाई नहीं की। उन्होंने निगम से मांग की है कि शेष ढांचे को तुरंत गिराया जाए और इस लापरवाही की जिम्मेदारी तय की जाए। स्थानीय लोगों ने भी त्वरित कार्रवाई की मांग की है ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके । इससे बढ़ा हादसा हो सकता था।

### जगत सिंह नेगी आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी 03 अगस्त, 2025 को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं।

जगत सिंह नेगी 03 अगस्त, 2025 को दोपहर 12.00 बजे सोलन के परवाणू में हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) प्लांट का निरीक्षण करेंगे।

### सुनील बने श्री गुग्गा नवमी मेला कमेटी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, राजगढ़ ।** राजगढ़ के समीप पबियाना में हर वर्ष मनाए जाने वाले श्री गुग्गा नवमी मेला के आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया है ताकि इस वर्ष भी मेले का आयोजन बेहतरीन ढंग से हो सके।

नई गठित कमेटी में इंद्र सिंह नंबरदार को चेयरमैन, रमेश चैहान को मुख्य सलाहकार, सुनील ठाकुर को प्रधान, विवेक शर्मा को उप-प्रधान, शमशेर सिंह ठाकुर को महासचिव, शिवराम को कोषाध्यक्ष तथा राजेश कुमार को सचिव नियुक्त किया गया। यह कमेटी आगामी श्री गूगा महाराज मेले के सफल आयोजन की देखरेख की जिम्मेदारी निभाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे सम्मानित



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा और मौजूद अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने इस संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि मुख्यातिथि सर्वप्रथम कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेशवासियों एवं जिलावासियों की ओर से स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यातिथि द्वारा प्रातः 11.00 बजे ठोडो मैदान में ध्वजारोहण किया जाएगा। पुलिस, गृह रक्षक तथा विभिन्न स्कूलों की एनसीसी तथा एनएसएस स्काउटस एंड गाइड्स की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा।

इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित भी किया जाएगा। कर्मचारियों की सूची सभी विभागों को उपायुक्त कार्यालय सोलन को 09 अगस्त, 2025 तक उपलब्ध करवानी होगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यातिथि के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विविधता होनी चाहिए। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए निर्धारित उत्तरदायित्वों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण, जल शक्ति, पुलिस, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा नगर निगम सोलन को कार्यक्रम के विषय में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। सहायक आयुक्त नीरजा शर्मा ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।

## गाड़ी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनके पास एक क्वांटो गाड़ी जिसे इन्होंने अपने गांव तनसेटा में अपने घर के ऊपर बनी पार्किंग में खड़ी की थी जिसकी चाबी इनके पास ही थी। 1 अगस्त 2025 को प्रातः जब यह सोकर उठा तो इनकी गाड़ी पार्किंग में खड़ी नहीं थी जिस पर इन्होंने अपनी गाड़ी की तलाश आसपास के क्षेत्रों में भी की परंतु कहीं पर भी न मिली।

जिस पर इन्हें शक हुआ कि इनकी उपरोक्त गाड़ी को कोई शरारती तत्व 31 जुलाई की रात्रि को चोरी करके ले गया है। चोरी हुई उक्त गाड़ी की कीमत लगभग 5,00,000 है। जिस पर पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग के पंजीकृत होने के उपरान्त पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा गाड़ी व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी तथा तलाश के दौरान उक्त टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकि साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर अर्की की पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त मामले में संलिप्त आरोपी मनीष कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी गांव तनसेटा जिला सोलन 25 वर्ष को को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी हुई गाड़ी को भी बरामद कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## युवाओं ने डिग्री कॉलेज परिसर में रोपे 150 पौधे

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में आज राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 150 विभिन्न प्रजातियों के पौधे कॉलेज के परिसर में रोपित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं पृथ्वी के तापमान में दीर्घकालिक वृद्धि में पौधरोपण के महत्व हेतु प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज शर्मा ने हिमाचल प्रदेश वन विभाग राजगढ़ डिवीजन का धन्यवाद किया।

## धान की फसल में 'बौना विषाणु' रोग का खतरा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने धान कि फसल में काली धारीदार बौना विषाणु (वायरस) के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला के धान किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सलाह जारी की है। यह विषाणु विशेष रूप से निचले और मध्य-पहाड़ी क्षेत्रों में एक गंभीर खतरे के रूप में उभरा है। इस वर्ष सिरमौर जिले की पांवटा घाटी के टोका नंगला, केदारपुर, जमानी वाला, सूरजपुर, नवादा, मिश्र वाला, फतेह पुर, कोलार, धौलाकुंआ जैसे कई स्थानों सहित प्रमुख धान उत्पादक क्षेत्रों से इसके प्रकोप की सूचना मिली है। यह रोग पौधों की वृद्धि को रोकता है और यदि इसका उचित प्रबंधन नहीं किया गया, तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है।

संक्रमित पौधों की ऊंचाई सामान्य से एक-तिहाई या आधी हो जाती है तथा पत्तियां सीधी व संकरी, जड़ों हो जाती हैं और टहनियों का विकास रुक जाता है । वायरस का अत्यधिक होने पर पौधे समय से पहले मर सकते हैं। जिससे उपज में और गिरावट आ सकती है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपने खेतों की नियमित रूप से निगरानी करें। वे धान के पौधों के आधार को धीरे से झुका सकते हैं और थपथपा सकते हैं, यदि कीट के शिशु या वयस्क मौजूद हैं तो उन्हें पानी की सतह पर तैरते हुए आसानी से देखा जा सकता है। कीट का पता चलने पर, किसानों को को तुरंत कृषि विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग के दिशानिर्देशों अनुसार किसी भी अनुशंसित कीटनाशक का छिड़काव करना चाहिए।

किसानों को सतर्क रहने और कीटों की आबादी को नियंत्रित करने और धान की फसलों को नुकसान से बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई करने सलाह दी जाती है। तकनीकी सहायता के लिए, किसान कृषि विज्ञान केंद्र धौला कुआं से संपर्क कर सकते हैं।

## रछाकड़ा गांव में अवैध खनन से लोग परेशान, की शिकायत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

रछाकड़ा गांव में हो रहे रेत के अवैध खनन को लेकर विगत दिनों स्थानीय लोगों ने खनन विभाग को शिकायत की है।

स्थानीय लोगों में बाबूराम, देवीचंद, खेमराज, खेमराज, रमेश कंवर व अजय सहित अन्य ने कहा कि करीब एक सप्ताह पूर्व भारी वर्षा के कारण नरेश कुमार द्वारा अवैध रूप से किए जा रहे रेत खनन वाले स्थान पर भूस्खलन होने से साथ लगते करीब 5 घरों को नुकसान होने अंदेशा बना हुआ है। इसके अलावा साथ लगते गांव कोठी, चांगर व मंडोटी सहित अन्य गांव भी इससे प्रभावित हो रहे है। उधर, खनन अधिकारी सोलन हरविंद्र सिंह का कहना है कि उन्हें रछाकड़ा में खनन करने बारे शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर निरीक्षण करने के बाद खनन संचालक पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है । वहीं नए कार्य को लेकर सख्ती से मनाही की गई है।

## पर्यावरण रक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी : आर .मेहुल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पौधरोपण के दौरान आर. मेहुल शर्मा व अन्य।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सोलन आर. मेहुल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधरोपण आवश्यक है। आर. मेहुल शर्मा कंडाघाट उपमंडल के सैंज में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

आर. मेहुल शर्मा ने कहा कि वन हमारी राष्ट्रीय संपत्ति है। हमें इसके संरक्षण और संवर्धन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष वर्षा ऋतु के दौरान 10-10 पौधे रोपित करने के साथ-साथ उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

आर. मेहुल शर्मा ने इस अवसर पर आंवला का पौधा रोपित किया तथा अन्य उपस्थित लोगों ने बान, दाड़ू, आंवला, जामुन, देवदार के लगभग 50 पौधे रोपित किए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन कण्डाघाट के अध्यक्ष मनीष शर्मा, उपाध्यक्ष हेमन्त वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी कंडाघाट अतुल शर्मा, महिला मण्डल सैंज की प्रधान करुणा शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी, वन मित्र व महिला मंडल की सदस्य उपस्थित थे।

## नाहन चौगान में होगा स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम : प्रियंका वर्मा



**अनंत ज्ञान, नाहन ।** जिला सिरमौर के बाबा बनवारी दास पवेलियन नाहन चौगान में 15 अगस्त, 2025 को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पूर्ण गरिमा एवं उत्साह के साथ किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर उपायुक्त कार्यालय सभागार में आज हुई बैठक के दौरान दी। उपायुक्त ने बताया कि 15 अगस्त को मुख्य अतिथि द्वारा नाहन शहर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम व मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे तथा हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके उपरांत मुख्यातिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर, भव्य परेड का निरीक्षण व आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली जाएगी। समारोह में पुलिस, गृह रक्षा, एनसीसी व एनएसएस की टुकड़ियां परेड में हिस्सा लेंगी।

## सीबीएसई नॉर्थ जोन-द्वितीय टेनिस टूर्नामेंट संपन्न

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**




टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए खिलाड़ी।

द अकाल एकेडमी बड़ू साहिब में चल रहे सीबीएसई नॉर्थ जोन-द्वितीय अंडर-17 बालिका टेनिस टूर्नामेंट के साथ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम न्यू कैंपस स्थित आईबी स्कूल के एम्फीथिएटर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत एक भावपूर्ण शब्द गायन से हुई, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक वाद्ययंत्रों से सजे एक प्रभावशाली ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं अकाल यूनिवर्सिटी भटिंडा (पंजाब) तथा एटरनल यूनिवर्सिटी बरू साहिब (हिमाचल प्रदेश) के कुलपति डॉ. बाबा दविंद्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । ट्रस्ट की स्वास्थ्य एवं शिक्षा सलाहकार एवं अकाल एकेडमी की प्राचार्या डॉ. नीलम कौर ने भी अपने विचार साझा किए और करुणा, सेवा और समर्पण को समग्र विकास की आधारशिला बताया।

सीबीएसई नॉर्थ जोन-द्वितीय टेनिस टूर्नामेंट के अंतर्गत कुल छह मुकाबले खेले गए। अंडर-17 बालिका वर्ग में छह विद्यालयों की भागीदारी रही, जिनमें तीन मुकाबले खेले गए ।

### बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** सहायक अभियंता ई. नीरज कुमार ने बताया कि 11 केवीएचटी लाइन के रखरखाव के चलते 4 अगस्त को घनागु घाट, छिब्बर, ध्यानपुर, कलाहरन, मांडी 5 अगस्त को 6 अगस्त को बांवा ताल, बपडोंन, शेरपुर, बपडोंन , मोहल बनिया, देवी खैर घाटी, सरोन, डीसी मॉडल स्कूल चथड्याना 7 अगस्त को बखालग सेरी, सरोग, लवाह 8 अगस्त को कोटली, बांवा, दस्सल, चमयावल समोती 9 अगस्त को मधुबन कडयाह घुमारी जालपा घाटी व साथ लगते गांव में विद्युत बाधित रहेगी।

## सी वॉयेज सर्विसेज इंटरनेशनल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

बागा पुलिस ने सी वॉयेज सर्विसेज इंटरनेशनल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि कंपनी ने एक युवक से नौकरी और वीजा के नाम पर 1.10 लाख रुपए ठग लिए। शिकायतकर्ता विशाल कौंडल ने पुलिस को बताया कि उसने ऑनलाइन मर्चेंट नेवी वेकेंसी सर्च की और सी वॉयेज सर्विसेज इंटरनेशनल की वेबसाइट पर ऑनलाइन टेस्ट दिया। टेस्ट पास करने के बाद उसने अपने दस्तावेज कंपनी के नोएडा कार्यालय में जमा करवाए और पैसे ट्रांसफर किए। लेकिन बाद में वीजा रिजेक्शन का ईमेल आया और पैसे रिफंड नहीं हुए। कंपनी पर आरोप है कि उसने युवक से नौकरी और वीजा के नाम पर धोखाधड़ी की। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि बागा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

**सहायता** | गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों को मिल रहा 1.50 लाख अनुदान

# बेघरों को आशियाने दे रही मुख्यमंत्री आवास योजना

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** सरकार द्वारा प्रदेश वासियों के लिए अनेकों जनहितैषी तथा कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत कर रहे परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गृह निर्माण हेतु 1 लाख 50 हज़ार रुपए अनुदान राशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य गरीब, बेघर और कच्चे मकानों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पक्का और सुरक्षित मकान उपलब्ध करवाया जा सके।

### मलकीत कौर को तीन किस्तों में मिली राशि



78 वर्षीय लाभार्थी मलकीत कौर, पत्नी स्वर्गीय कर्मचंद जोकि जिला सिरमौर के पांवटा साहिब की भुंगरनी पंचायत की रहने वाली हैं, उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार एक जर्जर कच्चे मकान में रहता था, जिसकी दीवारें बारिश में गीली होकर टूटने लगती थीं और छत से पानी टपकता था, सर्दियों की ठंडी हवाएं मकान की दरारों से अंदर घुस आती थीं, कई बार तो बरसात में उन्हें रात के समय पड़ोसियों के घर में शरण तक लेनी पड़ती थी। उन्होंने बताया कि उनका बेटा तथा पति मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी एक बेटी भी है जिसका उन्होंने विवाह कर दिया है। उन्होंने बताया कि लगभग 12 साल पहले उनके बेटे की मृत्यु हो गई, जिस कारण पूरा परिवार अस्त व्यस्त हो गया। मलकीत कौर ने बताया कि बेटे की मृत्यु के उपरांत पति ही मेहनत-मजदूरी करते थे, जिसके द्वारा बड़ी मुश्किल से घर का खर्च चलता था। मलकीत कौर ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनके पति का भी स्वर्गवास हो गया है। मलकीत कौर ने मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि के लिए वांछित दस्तावेजों सहित आवेदन किया, कुछ ही समय में उनका नाम मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की सूची में शामिल कर दिया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें तीन किस्तों में 1 लाख 50 हज़ार रुपए की राशि प्रदान की गई।

### सिर छुपाने के लिए मिला आशियाना

**मलकीत** कौर ने कहा कि पारिवारिक परिस्थितियों के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति भी इतनी कमजोर थी कि वह जीवन भर अपना पक्का मकान नहीं बना सके, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से मिली आर्थिक सहायता से आज सिर छुपाने के लिए पक्का आशियाना बन सका। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा प्रदेश सरकार का तहेदिल से धन्यवाद किया है।

## राज्य पेंशनर्स संघ में रवि दत्त भारद्वाज बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिला से रवि दत्त भारद्वाज को राज्य पैंशनर्स कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन राजगढ़ इकाई ने राज्य अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा और महासचिव हुकम सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया है ।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन राजगढ़ इकाई की त्रैमासिक विशेष बैठक अध्यक्ष विजय भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रस्ताव पारित कर राज्य अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा और महासचिव हुकम सिंह ठाकुर और रवि दत्त भारद्वाज को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इसी प्रकार सिरमौर जिला से तीन संयुक्त सचिव के रूप में मोहम्मद इकबाल नरेश शर्मा, और इंद्र सिंह पुंडीर के अतिरिक्त हरिदत्त शर्मा, प्रमोद गौतम, विजय भारद्वाज, रणवीर ठाकुर, ओम प्रकाश और बाबूराम शर्मा को राज्य कार्यकारिणी में शामिल किया है।



## डॉक्टर के रिक्त पदों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सराहां**

**लोगों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना**

सराहां सिविल अस्पताल में डॉक्टर के 9 पद खाली होने को लेकर जिला परिषद सदस्य नीलम शर्मा की अध्यक्षता में एसडीएम पच्छाद से एक प्रतिनिधिमंडल मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि सराहां सिविल अस्पताल में पिछले कई सालों से डॉक्टर के 11 में से 9 पद खाली पड़े हुए हैं जिस कारण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा को लेकर भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम पच्छाद को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि इस सिविल अस्पताल में उपचार करने के लिए क्षेत्र की 34 पंचायत के मरीज अपना उपचार करने आते हैं परंतु डॉक्टरों की कमी के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य सरकार व विभाग से मांग की कि शीघ्र ही सराहां सिविल अस्पताल में डॉक्टर के खाली पड़े पदों को भरा जाए ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि इस सिविल अस्पताल में 50 बेड लगे हुए हैं परंतु डॉक्टरों की कमी के कारण लोगों को अपने उपचार करने के लिए नाहन व सोलन जाना पड़ रहा है। इस सिविल अस्पताल को चलाने के लिए डेपुटेशन पर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दूसरी सीएचसी से डॉक्टर को बुलाकर अस्पताल को चलाया जा रहा है जबकि जिन पीएचसी से डॉक्टर को बुलाया जाता है वह भी खाली हो जाती है और वहां की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो जाती है। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री व उच्च अधिकारी को भी ज्ञापन भेजा है।

प्रतिनिधि मंडल में जिला परिषद सदस्य नीलम शर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय शर्मा, सराहां पंचायत प्रधान सुरती चौहान, बनाहा धिनी पंचायत प्रधान अरुणा शर्मा, व्यापार मंडल प्रधान कुणाल गर्ग, गुरु मोहन सिंह, विनोद शर्मा, ऋषभ शर्मा समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### गोपालज पंचकूला ने रक्षाबंधन पर पेश की हैंडमेड राखियां



**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** भाई और बहन के पवित्र अटूट प्रेम समर्पण का त्योहार रक्षाबंधन में अब चंद दिन ही शेष रह गए हैं। जिसके चलते बाजार में भी रौनक देखने को मिल रही हैं। बाजारों में अपने भाई के लिए सुंदर राखी खरीदने के लिए बहनों की भीड़ देखने को मिल रही है। हर साल नए डिजाइन की राखी बाजार में देखने को मिलती है। इस बार रेडीमेड राखी की बजाए हैंडमेड राखी काफी पसंद की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वीट्स, बेकरी और रेस्टोरेंट में विख्यात नाम गोपालज ने भी अपने सेक्टर 8 पंचकूला आउटलेट पर आकर्षक हैंडमेड राखी की विशाल रेंज प्रस्तुत की है। गोपालज के मैनेजिंग डायरेक्टर उदयवीर सिंह सहित गगनदीप सिंह ने यह रेंज लांच की। गोपालज के मैनेजिंग डायरेक्टर उदयवीर सिंह ने बताया, 'रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र रिश्ते का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण पर्व है। रक्षाबंधन का पर्व बहन का भाई के प्रति स्नेह और भाई के बहन की सुरक्षा के प्रति एक वादे के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं, जिसे राखी कहते हैं।' इसी पावन त्योहार रक्षाबंधन के लिए हैंडमेड राखी की आकर्षक और विशाल रेंज को गोपालज में पेश किया गया है। गोपालज द्वारा इन हैंडमेड राखियों को विधवा महिलाओं के एक समूह से तैयार करवाया जाता है। उदयवीर सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन पर गोपालज के आउटलेट पर मिठाई की नई वैराइटी भी पेश की गई है। इसके लिए नए विशेषज्ञ कारीगर भी रखा गया है, जो पेड़े की एक अलग नई वैराइटी- खजूर बर्फी, तिरंगी बर्फी, काजू बादाम पिस्ता बर्फी और बादाम केसर कतली सहित कुछ और अन्य मिठाइयां पेश की गई है।

### पात्र लाभार्थियों के लिए 20वीं किस्त जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पात्र लाभार्थियों के लिए जारी की गई। इस अवसर पर भारत सरकार ने 2 अगस्त 2025 को 'पीएम-किसान उत्सव दिवस' के रूप में घोषित किया है। इस अवसर को स्मरणीय बनाने और योजना के तहत शामिल होने हेतु अनिवार्य पात्रता मानदंडों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से देशभर में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म, प्रिंट मीडिया तथा अन्य प्रचार माध्यमों के माध्यम से व्यापक सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस राष्ट्रव्यापी पहल के अंतर्गत, कृषि एवं पशुपालन तथा मत्स्य पालन विभाग, यूटी चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से 'पीएम-किसान उत्सव दिवस' का आयोजन यूटी चंडीगढ़ में किया गया। यह कार्यक्रम एक समर्पित वेबलिंक के माध्यम से वर्चुअली आयोजित किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन के कृषि एवं पशुपालन तथा मत्स्य पालन विभाग के प्रमुख अधिकारी प्रदीप कुमार, आईएएस सचिव, नवीन निवेदक, डॉ. अश्विनी कुमार, संयुक्त निदेशक, इसके अतिरिक्त राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री सतिंदर सिद्धू, तथा पूर्व सरपंच अजीत सिंह बेहलाना ने भाग लिया।

### महिला कर्मचारियों की भागीदारी को किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जीरो वेस्ट तीज के पावन अवसर पर आज नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा रानी लक्ष्मीबाई महिला भवन, सेक्टर 38 में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो कि महिला कर्मचारियों, विशेष रूप से सफाई मित्राओं (महिला सफाई कर्मचारी) को समर्पित था। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में शहर की महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने शिरकत की। महापौर ने नगर निगम की महिला स्टाफ, विशेषकर सफाई मित्राओं के साथ मिलकर पूरे उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ तीज का पर्व मनाया। उन्होंने शहर की सफाई बनाए रखने में उनके समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे चंडीगढ़ को स्वस्थ और सुंदर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। नगर निगम की कला और संस्कृति समिति की अध्यक्ष श्रीमती अंजू कत्याल सहित निगम पार्षदों ने भी इस आयोजन में महिला कर्मचारियों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

# हरियाणा को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में कर्मचारियों की भूमिका अहम : सीएम सैनी

## हरियाणा विकास और नवाचार की धरती, आज हर क्षेत्र में छू रहा नई ऊंचाइयां

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**





**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित नवनियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों के परिचयात्मक कार्यक्रम में कहा कि कर्मचारी राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ होते हैं और उनकी भावना केवल एक होनी चाहिए 'जनहित सर्वोपरि'। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे एक टीम की तरह मिलकर एक सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर हरियाणा के निर्माण में योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरी केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि मातृभूमि की सेवा का अवसर है। कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और कार्यकुशलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने हरियाणा को विकास और नवाचार की धरती बताते हुए कहा कि प्रदेश ने कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

सैनी ने बताया कि राज्य सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में 30,000 सरकारी नौकरियां दी हैं और ग्रुप-सी व डी के पदों पर पारदर्शी प्रक्रिया के तहत केवल लिखित परीक्षा के माध्यम से भर्ती की जा रही है। इसके अतिरिक्त, 2083 रोजगार मेलों के माध्यम से 1 लाख 6 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की 'यूनिफाइड पेंशन स्कीम' की तर्ज पर हरियाणा सरकार भी एक अगस्त 2025 से दो लाख कर्मचारियों को इसका लाभ देने जा रही है। उन्होंने 'कॉमन पात्रता परीक्षा' के सफल आयोजन की भी सराहना की।

राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि अब हरियाणा में नौकरियां सिफारिश से नहीं, मेहनत से मिल रही हैं। उन्होंने पारदर्शिता को सरकार की पहचान बताया और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने ईमानदारी व जवाबदेही की नई मिसाल कायम की है। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, और वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल थे।

# फोर्टिस मोहाली द्वारा 'स्टीम एंड स्टोन' कॉन्फ्रेंस का आयोजन





**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रोस्टेट संबंधी समस्याओं, विशेषकर बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया (बीपीएच), के उपचार हेतु अत्याधुनिक तकनीकों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से फोर्टिस अस्पताल मोहाली द्वारा 'स्टीम एंड स्टोन' नामक दो दिवसीय नेशनल ऑपरेटिव और ऑब्जर्वरशिप कॉन्फ्रेंस की शुरुआत चंडीगढ़ के होटल ताज में हुई। इस आयोजन का नेतृत्व डॉ. रोहित डडवाल (कंसल्टेंट-यूरोलॉजी, एंड्रोलॉजी व रोबोटिक सर्जरी) द्वारा किया गया, जिसमें देशभर से लगभग 100 यूरोलॉजिस्ट व विशेषज्ञ शामिल हुए।

**प्रोस्टेट रोगों की नवीनतम तकनीकों पर हुआ मंथन**

कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य वाटर वेपर थेरेपी (रीजम) की उपयोगिता को उजागर करना है, जो बीपीएच के लिए एक बिना चीरे वाली, दर्द रहित और एक दिन में पूरी होने वाली उपचार प्रक्रिया है। यह तकनीक खासकर उन मरीजों के लिए उपयुक्त है जो युवा हैं या पारंपरिक सर्जरी से बचना चाहते हैं।

डॉ. डडवाल ने बताया कि बढ़ती उम्र और अन्य जटिलताओं के चलते सर्जरी करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। ऐसे मामलों में रीजम थेरेपी एक सुरक्षित और प्रभावी विकल्प बनकर सामने आई है, जिससे मरीजों को ना तो रक्तस्राव का डर होता है और ना ही यौन जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

कॉन्फ्रेंस में रीजम की लाइव सर्जिकल डेमोंस्ट्रेशन, किडनी स्टोन की आरआईआरएस तकनीक और पैनल डिस्कशन के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक यूरोलॉजिकल उपचार विधियों से परिचित कराया गया। सम्मेलन 3 अगस्त को संपन्न होगा।

# पठानकोट में देह व्यापार का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**पठानकोट।** शाहपुरकंडी पुलिस ने सुजानपुर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए देह व्यापार में लिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मिन्नी गोवा रेस्टोरेंट एवं गेस्ट हाउस में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पकड़े गए आरोपियों में तीन महिलाएं व तीन युवक शामिल हैं। शाहपुरकंडी थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर व सुजानपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मोहित टॉक ने बताया कि यह रेस्टोरेंट लंबे समय से देह व्यापार का अड्डा बना हुआ था। छापेमारी के दौरान तीन कमरों में महिलाएं युवकों के साथ आपत्तिजनक हालत में मिलीं। पकड़ी गई महिलाएं तलाकशुदा हैं और रोपड़, पटियाला व अमृतसर की रहने वाली हैं। गिरफ्तार युवक साहिल आदम वाढव, शिव कुमार हल्ला और बलविंद्र हल्ला आपस में रिश्तेदार हैं और सिर्फ रंगरलियां मनाने के उद्देश्य से वहां पहुंचे थे। रेस्टोरेंट का संचालन बिक्की शर्मा, निवासी बिलावर (जम्मू-कश्मीर) द्वारा किराए पर लेकर किया जा रहा था। पुलिस ने इममोरल ट्रैफिकिंग एक्ट की धारा 3, 4 व 5 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। रेस्टोरेंट का मेनेजर व अन्य कर्मचारी पुलिस कार्रवाई के दौरान मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# यमुना व घग्गर को प्रदूषण मुक्त बनाएगी सरकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार यमुना और घग्गर नदियों में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने जा रही है। रोड मैप तैयार करने के लिए स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक ने प्रदेश की सात नगर निगमों के आयुक्तों की बैठक बुलाई है। यमुना नदी में प्रदूषण का मुद्दा दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान गरमाया रहा है। यमुना के अलावा घग्गर नदी का प्रदूषण भी हरियाणा के लिए बड़ी समस्या रहा है। इन दोनो नदियों के प्रदूषण को खत्म करने के लिए स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक ने छह अगस्त को पंचकूला में बैठक बुला ली है। इस बैठक में फरीदाबाद, गुरुग्राम, करनाल, पानीपत, यमुनानगर, सोनीपत तथा पंचकूला नगर निगमों के आयुक्तों को बुलाया गया है। इसके अलावा अंबाला के जिला निकाय आयुक्त तथा अंबाला सदर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को बुलाया गया है। बैठक में सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में सीवरेज उत्पादन, चल रहे निर्माणाधीन तथा बंद पड़े सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के बारे में रिपोर्ट देंगे। इस बैठक में मिली रिपोर्ट के आधार पर हरियाणा सरकार द्वारा यमुना तथा घग्गर नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए रोड मैप तैयार करते हुए अधिकारियों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।

# स्पायर हॉस्पिटैलिटी इंस्टीट्यूट, डेराबस्सी में फ्रेशर पार्टी 'ब्लॉसम्स' का आयोजन





**अनंत ज्ञान, डेराबस्सी**

स्पायर हॉस्पिटैलिटी इंस्टीट्यूट, डेराबस्सी, मोहाली की टीम ने 2025-27 सत्र के छात्रों के लिए एक फ्रेशर पार्टी 'ब्लॉसम्स' का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में गायन, नृत्य, कविता एवं शायरी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों का स्वागत करना और उनके साहस को बढ़ाना था।

नवोदित छात्रों को उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और सवालों के जवाब के आधार पर न्यायाधीशों द्वारा उनके प्रदर्शन के लिए अंक दिए गए। संस्थान के निदेशक सारांश शर्मा ने बताया कि कैसे सार्वजनिक मंच पर प्रस्तुति देकर छात्र नया आत्मविश्वास हासिल कर सकते हैं और उसका उपयोग अपने करियर में कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि होटल वेलवेट क्लार्क्स एक्सोटिका के महाप्रबंधक मनिंद्रजीत सिंह ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रथम वर्ष के छात्रों को उपहार वितरित किए।

## देश-विदेश

### जलवायु परिवर्तन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# ऊर्जा मंत्रालय को दिए कार्बन उत्सर्जन से निपटने के निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बिजली उत्पादन से होने वाले कार्बन उत्सर्जन की समस्या से निपटने के



लिए सभी संबंधित पक्षों को एक साझा मंच पर आना होगा। कोर्ट ने ऊर्जा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) और केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के साथ संयुक्त बैठक बुलाकर इस दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करे। कोर्ट का मानना है कि नीति निर्धारकों को जमीनी वास्तविकताओं से जोड़े बिना उत्सर्जन की चुनौती को दूर नहीं किया जा सकता।

कोर्ट की पीठ ने 22 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि बिजली उत्पादन से उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी स्टेकहोल्डर एक ही मंच पर आकर योजना बनाएं और उसे सुसंगत रूप से लागू करें। कोर्ट ने इस मुद्दे पर नीति बनाने वालों और क्रियान्वयन एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता भी जताई।

यह निर्देश उस याचिका पर सुनवाई के दौरान आया जो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के एक आदेश से संबंधित है। एनजीटी ने पर्यावरण मंजूरी देने से पहले जलवायु परिवर्तन संबंधी प्रभावों का मूल्यांकन करने की मांग को लेकर आदेश पारित किया था। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीईए और सीईआरसी को मामले में पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किया और ऊर्जा मंत्रालय को चार सप्ताह में योजना पर आधारित एक संयुक्त हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। (अनंत ज्ञान)

**जलवायु परिवर्तन को बताया वैश्विक संकट**

**सुप्रीम** कोर्ट ने अपने 21 फरवरी 2025 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन अब एक वैश्विक संकट बन चुका है, जो केवल पर्यावरणीय क्षरण तक सीमित नहीं है। इसका असर तापमान वृद्धि, अनियमित मौसम, बाढ़, सूखा और लू जैसे चरम मौसमी घटनाओं के रूप में सामने आ रहा है। कोर्ट ने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं।

# अमेरिका ने 7 महीने में 1700 भारतीय निकाले

## विदेश राज्य मंत्री बोले-यूएस ने बीते पांच साल में 5541 भारतीय डिपोर्ट किए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिका ने साल 2025 में शुरुआती 7 महीने में अब तक 1703 भारतीय नागरिकों को भारत डिपार्ट किया है। इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में यह जानकारी दी। उनका जवाब डीएमके की सांसद कनिमोझी ने विदेश मंत्रालय के सवाल पर आया, जिसमें पूछा गया था कि क्या सरकार जनवरी 2025 से अमेरिका से डिपोर्ट किए भारतीय नागरिकों का डेटा रखती है? सिंह ने कहा कि बीत 5 साल के बीच अमेरिका से कुल 5541 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। इसी अवधि में ब्रिटेन से 311 भारतीयों को वापस भेजा गया है। यहां से 2025 में अबतक 131 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है।

उन्होंने कहा कि डिपोर्ट की वास्तविक संख्या में अंतर आ सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में भारतीय नागरिकों के पास वैध यात्रा दस्तावेज होते हैं, फिर भी ब्रिटेन सरकार उन्हें सीधे डिपोर्ट कर देती है। इसके अलावा अवैध भारतीय प्रवासियों को जारी किए गए आपातकालीन यात्रा दस्तावेज का पूरा उपयोग नहीं हो पाता, क्योंकि वे कोर्ट में अपील करके अपने डिपोर्टेशन को टाल सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका ने बेड़ियों में जकड़े भारतीयों को किया था डिपोर्ट



फाइल फोटो

**इस** साल 5 फरवरी को अमेरिका से डिपोर्ट किए गए 104 भारतीयों को लेकर यूएस मिलिट्री का सी-17 प्लेन पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था। इन लोगों के पैर में चेन बांधी गई थी, जबकि हाथ भी बेड़ियों में जकड़े हुए थे। अमेरिकी बॉर्डर पेट्रोल चीफ माइकल बैंक ने अपने एक्स हैंडल पर इसका वीडियो शेयर किया था। टेक्सास के सेंट एंटोनियो एयरपोर्ट पर अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने इन्हें ऐसी हालत में ही मिलिट्री प्लेन में चढ़ाया था। वहां से भारत आने के बीच 40 घंटे का सफर इन लोगों ने बेड़ियों में जकड़े हुए ही तय किया। कुछ लोगों ने मीडिया को बताया कि उन्हें प्लेन में एक जगह बैठे रहने को कहा गया था। उन्हें वॉशरूम तक नहीं जाने दिया गया। जब लोगों ने बहुत जोर दिया तो प्लेन का क्रू अपने साथ वॉशरूम तक लेकर गया और दरवाजा खोलकर अंदर धकेल दिया। लोगों ने बताया कि उन्हें बहुत थोड़ा सा खाना दिया गया, जिसे हाथ बांधकर ही खाना पड़ा। डिपोर्ट किए गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी थे। अमेरिका से भारत के बीच प्लेन ने चार जगह रीफ्यूलिंग के लिए स्टॉप लिया, लेकिन अंदर बैठे लोगों को प्लेन से निकलने की इजाजत नहीं थी।

**भारत ने जताई थी कड़ी आपत्ति**

**विदेश** राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है। 5 फरवरी 2025 के बाद अब तक किसी डिपोर्ट फ्लाइट में यात्रियों के साथ अमानवीय व्यवहार की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा- अमेरिका में हथकड़ी पहनाए जाने, साथ ही महिलाओं-बच्चों के साथ व्यवहार को लेकर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इसके अलावा धार्मिक-सांस्कृतिक संवेदनाओं जैसे पगड़ी पहनने और खानपान की प्राथमिकताओं को लेकर भी औपचारिक तौर पर अमेरिकी प्रशासन से बात की गई है।

# कोलंबिया में दो पूर्व पोर्न स्टार बनाए उपमंत्री

**एजेंसी, बोगाता।** कोलंबिया में पूर्व पोर्न फिल्मों में काम कर चुके दो लोगों को उपमंत्री बनाया गया है। राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने अलेजांद्रा उमाना और जुआन कार्लोस फ्लोरियन को समानता मंत्रालय में जिम्मेदारी दी है। उमाना और फ्लोरियन अब उस विभाग को संभालेंगे जो समाज के कमजोर वर्गों को सरकारी मदद और योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करता है। हालांकि इसे लेकर उपराष्ट्रपति फ्रांसिया मार्केज ने नाराजगी जताई है। उपराष्ट्रपति मार्केज ने कहा कि इससे सरकार की छवि खराब हो रही है। इसके अलावा ये नियुक्तियां मंत्रालय की छवि और मकसद को नुकसान पहुंचा सकती हैं। हालांकि राष्ट्रपति ने पूर्व पोर्न स्टार्स को नियुक्त करने के फैसले का बचाव किया है। (अनंत ज्ञान)

# रूस के पास 2 एटमी पनडुब्बियां तैनात करेगा यूएस

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच शुक्रवार को रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियां तैनात करने का आदेश दिए। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पनडुब्बियां कहां तैनात की जाएंगी। ट्रंप ने अपने इस कदम के पीछे रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी को जिम्मेदार बताया। साथ ही ट्रम्प ने मेदवेदेव के परमाणु हमले की धमकी पर कहा कि कि अमेरिका रूस के परमाणु खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल, मेदवेदेव ने एक्स पर कहा था कि हम इसराइल या ईरान नहीं हैं। ट्रंप की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा। रूस के पास सोवियत संघ के समय से परमाणु हमले डेड हैंड की क्षमता है। (अनंत ज्ञान)

# कमला हैरिस का राजनीति छोड़ने का ऐलान

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट में इंटरव्यू में कहा कि वह अब किसी भी राजनीतिक पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी, जिसमें कैलिफोर्निया के गवर्नर का पद भी शामिल है। हैरिस ने कहा कि अमेरिका का पॉलिटिकल सिस्टम 'टूट चुका है' और मैं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने लिए मजबूत नहीं हूं। कैलिफोर्निया की गवर्नर रह चुकी हैरिस ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में जनता की सेवा की है। उन्होंने कहा कि मैंने गवर्नर बनने के बारे में बहुत सोचा। मुझे अपने राज्य कैलिफोर्निया से प्यार है, लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरी सिस्टम में बदलाव लाने की क्षमता घट गई है। टीवी होस्ट ने हैरिस से कहा कि आप जैसी इतनी काबिल शख्सियत का यह कहना कि सिस्टम टूट गया है, ये चिंताजनक है। हैरिस ने यह भी बताया कि वह अब देशभर में घूमकर लोगों से बात करना चाहती हैं, लेकिन वोट मांगने के लिए नहीं, बल्कि उनकी बात सुनने के लिए। (अनंत ज्ञान)



# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बोले–सुना है रूस से तेल खरीदना बंद करेगा भारत

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी बात होगी। आगे देखते हैं कि क्या होता है। इससे पहले रॉयटर्स की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है। इसके बाद शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है। (अनंत ज्ञान)



**दावा–एक सप्ताह से रूस से नहीं खरीदा कच्चा तेल**

रॉयटर्स ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन ऑयल कारपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की खरीदी को रोक दी है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इसमें यह भी कहा गया था कि, पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की मांग नहीं की गई है। भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चा तेल कम खरीद रही हैं, क्योंकि वहां से मिलने वाली छूट 2022 के बाद से सबसे कम हो गई है। अब रिफाइनरियों को डर है कि रूस पर लगे नए प्रतिबंधों से विदेशी व्यापार में मुश्किलें आ सकती है। यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे। जिसमें रूसी तेल और ऊर्जा उद्योग को और अधिक नुकसान पहुंचाने के उपाय भी शामिल हैं।

# भारत ट्रंप से ट्रेड डील करने में फेल : यूनुस

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने में भारत फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि समझौता न होने की वजह से भारत को अब 25 प्रतिशत टैरिफ देना पड़ेगा, जो बांग्लादेश के मुकाबले ज्यादा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। यानी कि बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया। उन्होंने इसे कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि इससे बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री को मजबूती मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## अंतरिक्ष

### कैनेडी से लॉन्च हुआ ड्रैगन कैप्सूल, 15 घंटे में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा

# 4 यात्रियों को लेकर आईएसएस पहुंचा स्पेसएक्स

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल शनिवार को चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा। नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होने के बाद से लेकर स्टेशन तक पहुंचने में कैप्सूल ने 15 घंटे का समय लिया। अंतरिक्ष स्टेशन पर गए चार अमेरिकी, रूसी और जापानी अंतरिक्ष यात्री स्टेशन पर छह महीने बिताएंगे और परिक्रमा करेंगे। इसके अलावा स्पेसएक्स आईएसएस में पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर बुधवार तक वापस आएगा। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर नासा के जेना कार्डमैन और माइक फिन्के, जापान के किमिया युई और रूस के ओलेग प्लाटोनोव गए हैं। जैसे ही कैप्सूल ने दक्षिण प्रशांत महासागर के ऊपर डॉक किया तो फिन्के ने रेडियो पर कहा कि हैलो, अंतरिक्ष स्टेशन। अब अंतरिक्ष स्टेशन पर यात्रियों की कुल संख्या अस्थायी रूप से 11 हो गई। उनका स्वागत करने वाले अंतरिक्ष यात्रियों ने उनके लिए ठंडे पेय और गर्म भोजन की व्यवस्था की थी। (अनंत ज्ञान)





**क्या है ड्रैगन कैप्सूल?**

**स्पेसएक्स** का कैप्सूल को बनने के बाद से 46 बार लॉन्च किया जा चुका है। ड्रैगन क्रू कैप्सूल 42 बार अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा कर चुका है। इसके अलावा दो दर्जन से अधिक बार रीफ्लाइट हुई है। इसमें एक बार में सात अंतरिक्ष यात्री बैठ सकते हैं। दुनिया का यह पहला निजी अंतरिक्ष यान है, जो लगातार अंतरिक्ष स्टेशन पर एस्ट्रोनॉट्स और कार्गो लेकर आता-जाता है। आमतौर पर इसमें दो से चार अंतरिक्ष यात्री बैठते हैं। आपात स्थिति में सात यात्री बैठ सकते हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर टेलर फ्रिट्ज तीसरे दौर में



**एजेंसी, टोरंटो।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गैब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा, जिन्होंने फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6-7, 6-2, 7-6 से मात दी। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। अब वह आस्ट्रेलिया के ही एलेक्स डि मिनौर से खेलेंगे। (अनंत ज्ञान)

### फुटबॉलर मेस्सी आएंगे भारत

**एजेंसी, कोलकाता।** अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉलप्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दीदार का मौका मिलेगा, जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।



जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं, लेकिन मेस्सी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है । सूत्र ने कहा,''सब कुछ तय हो गया है और हमें मेस्सी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी।'' उन्होंने कहा,''अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आएगी।'' (अनंत ज्ञान)

### पूर्व ब्राजीली डिफेंडर डेविड लुइज ने फोर्टालेजा क्लब छोड़ा

**एजेंसी, रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर डेविड लुइज ने ब्राजीलियन सेरी-ए क्लब फोर्टालेजा से नाता तोड़ लिया है। क्लब के साथ उनका अनुबंध केवल सात महीने ही चला और दोनों पक्षों की आपसी सहमति से अनुबंध समाप्त कर दिया गया। 38 वर्षीय डेविड लुइज ने अपने साथियों और क्लब स्टाफ से विदाई ले ली। ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, वह अब साइप्रस के शीर्ष क्लब पाफोस एफसी के साथ तीन साल के अनुबंध के लिए सिद्धांततः सहमत हो गए हैं। लुइज ने जनवरी में फोर्टालेजा में फ्री ट्रांसफर के जरिए शामिल होने के बाद से सभी प्रतियोगिताओं में केवल 16 मैच खेले थे। उनका अनुबंध दिसंबर 2026 तक था, जिसमें 12 महीने के विस्तार का विकल्प भी शामिल था। लुइज को ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए 57 मैच खेला है। उनके करियर में बेनफिका, चेल्सी, पेरिस सेंट-जर्मेन, आर्सेनल और फ्लेमेंगो जैसे दिग्गज क्लबों के साथ खेलने का अनुभव रहा है। (अनंत ज्ञान)

### सामिया आरजू खूबसूरत अंदाज में

**पाकिस्तान।** हसन अली की पत्नी सामिया आरजू हरियाणा के नूंह जिले के मेवात की रहने वाली हैं। आरजू ने मानव रचना यूनिवर्सिटी से एरोनॉटिकल में बीटेक की है। सामिया के इंस्टाग्राम पर 3 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।



**5वां टेस्ट तीसरा दिन** जायसवाल ने 118, आकाशदीप ने जड़े 66 रन

# टीम इंडिया ने इंग्लैंड पर बनाई बढ़त

**एजेंसी, लंदन**

भारत ने ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 281 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को टी-ब्रेक तक भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 304 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा 26 रन पर और ध्रुव जुरेल 25 रन पर खेल रहे थे। ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश टंग ने जिमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। कप्तान शुभमन गिल (11 रन) को गस एटकिंसन और नाइट वॉचमैन आकाश दीप (66 रन) को गस एटकिंसन के हाथों कैच कराया। भारत ने आज 75/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। यशस्वी जायसवाल की शानदार पारी की बदौलत भारत इंग्लैंड के खिलाफ लीड लेने में कामयाब रहा। वहीं, आकाश दीप ने भी अपनी दमदार पारी का लोहा मनवाया और इंग्लैंड के गेंदबाजों को काफी देर तक परेशान करके रखा। एक दिन पहले इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम को भारत की पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)




शतक लगाने के बाद खुशी व्यक्त करता यशस्वी जायसवाल।

## विश्वास व टीम भावना से की भारत ने वापसी : प्रसिद्ध



**एजेंसी, लंदन**

भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में वापसी का श्रेय आपसी विश्वास, जिम्मेदारी और तेज गेंदबाजी इकाई के तालमेल को दिया है। पहले सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों ने पांचवें और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन बाकी दोनों सत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 247 रन पर आउट करके सिर्फ 23 रन की बढत लेने दी ।

प्रसिद्ध ने बीसीसीआई की वेबसाइट पर डाले वीडियो में कहा,''हम तीनों ने ब्रेक में बात की थी। हमने कहा कि जो हुआ, वह हो चुका है। हमें यह देखना है कि आगे क्या करना है।'' उन्होंने कहा,''हमने यह सुनिश्चित किया कि गेंदबाजी के समय एक-दूसरे के साथ खड़े होंगे। अगर कुछ बदलाव करना होगा तो करेंगे। एक दूसरे के पास जाकर एक दूसरे को बताते रहेंगे कि क्या करना है। हम बहुत खुश है कि एक दूसरे को बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रेरित करते रहे।''

मोहम्मद सिराज ने 16.2 ओवर में 86 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध ने 16 ओवर में 62 रन देकर चार विकेट चटकाए। प्रसिद्ध ने गेंदबाजों के तालमेल के बारे में कहा,''हम काफी समय से साथ खेल रहे हैं और आईपीएल में भी मैं उसके साथ खेला हूं। हम काफी समय साथ बिताते हैं। आकाश दीप के साथ भी ऐसा ही है। तेज गेंदबाजों का तालमेल अच्छा है। एक-दूसरे की कामयाबी का मजा लेना जरूरी है। आपस में विश्वास होने से टीम बेहतर प्रदर्शन कर पाती है।'' (अनंत ज्ञान)

प्रसिद्ध कृष्णा ने किया खुलासा, बोले-

## रूट को चिढ़ाना था भारत की रणनीति का हिस्सा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने खुलासा किया कि इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट को उकसाना उनकी टीम की रणनीति का हिस्सा था। पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन दोनों के बीच हुई तीखी नोंकझोंक ने मैदान पर तनाव पैदा कर दिया, जिसके कारण अंपायरों को हस्तक्षेप करना पड़ा। आमतौर पर शांत रहने वाले रूट 22वें ओवर में प्रसिद्ध की टिप्पणी से नाराज हो गए।

प्रसिद्ध ने कहा कि यह बस एक छोटी-सी बात थी। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में ऐसा हो जाता है। मैदान के बाहर हम अच्छे दोस्त हैं। यह हल्की-फुल्की छींटाकशी थी और हम दोनों ने इसका आनंद लिया। उन्होंने यह भी बताया कि रूट को चिढ़ाना उनकी सोची-समझी रणनीति थी। प्रसिद्ध ने कहा कि यह हमारा प्लान था, लेकिन मुझे नहीं लगा था कि मेरे कुछ शब्दों पर रूट इतनी तीखी प्रतिक्रिया देंगे। मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं, वह क्रिकेट के महान खिलाड़ी हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह अच्छा है कि हम दोनों अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहे थे। बल्लेबाज के साथ हल्की-फुल्की बातचीत से गेंदबाजी में मजा आता है। जब बल्लेबाज भी गुस्से में जवाब देता है, तो इससे और मदद मिलती है।

## अजय सिंह का इस्तीफा, डब्ल्यूबी अध्यक्ष पर्यवेक्षक के तौर पर चुनाव में लेंगे भाग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय मुक्केबाजी की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने महासंघ के आगामी चुनावों में भाग लेने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है जिसमें विश्व मुक्केबाजी (डब्ल्यूबी) के अध्यक्ष बोरिस वान डर वोर्स्ट पर्यवेक्षक के रूप में हिस्सा लेंगे।

अंतरिम समिति द्वारा चुनाव की तारीख 21 अगस्त की औपचारिक घोषणा के एक दिन बाद सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सिंह ने एक अगस्त को वान डर वोर्स्ट को लिखे एक पत्र में लिखा, ''मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि




भारतीय मुक्केबाजी संघ के चुनावों की औपचारिक घोषणा हो गई है और ये 21 अगस्त 2025 को होने वाले हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं इस आगामी चुनाव में लड़ना चाहता हूं इसलिए निष्पक्षता और पारदर्शिता के हित में उचित यही होगा कि मैं तत्काल प्रभाव से अंतरिम समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दूं।''

विश्व मुक्केबाजी ने अंदरूनी कलह के चलते भारतीय मुक्केबाजी के दैनिक मामलों की देख-रेख के लिए अप्रैल में अंतरिम समिति का गठन किया था। अंतरिम समिति ने शनिवार को सिंह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह अंतरराष्ट्रीय संस्था ने सिंगापुर मुक्केबाजी के अध्यक्ष फैरुज मोहम्मद को अंतरिम समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया जो पैनल में विश्व मुक्केबाजी के पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत थे। वहीं, पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर चुनाव में सिंह के मुख्य प्रतिद्वंद्वी होंगे। (अनंत ज्ञान)

### नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट

## दो बार की चैंपियन जेसिका पेगुला को सेवास्तोवा ने हराया



**एजेंसी, मांट्रियल**

दो बार की गत चैंपियन जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया सेवास्तोवा से 6-3, 4-6, 1-6 से हार गई। लाटविया की 35 वर्ष की सेवास्तोवा 2018 में 11वीं रैंक पर थी, लेकिन अब 386वें स्थान पर खिसक गई। अब उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया।

अन्य मैचों में विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा, जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-0 से मात दी।

पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने इंग्लैंड का एम्मा राडूकानू को 6-2, 6-1 से हराया। अब वह यूक्रेन की दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से खेलेंगी जिन्होंने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6-1, 6-1 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की मेडिसन कीस ने हमवतन कैटी मैकनैली को 2-6, 6-3, 6-3 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## लक्ष्य-मन्नेपल्ली मकाऊ ओपन सेमीफाइनल में हारे

**एजेंसी, मकाऊ**



भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया, जब लक्ष्य सेन और तरुण मन्नेपल्ली पुरुष एकल सेमीफाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21-16, 21-9 से हराया। वहीं, तरुण मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी। विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरुआत की, लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिए यह सत्र कठिन रहा है जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने के लिये यह टूर्नामेंट खेला था। 2003 विश्व जूनियर चैम्पियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0-3 से शुरुआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया। बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13-19 किया लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। फरहान ने 5-4 की बढ़त बना ली और 38 शॉट की रेली उनके बेहतरीन क्रॉस स्मैश पर खत्म हुई। ब्रेक तक फरहान के पास 11-5 की बढ़त थी। इसे उन्होंने 14-6 कर लिया। लक्ष्य का शॉट वाइड जाने और फिर शटल नेट में फंसने के कारण फरहान को 12 मैच प्वाइंट मिले जिस पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

## नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैंपियन मैकडोनाल्ड से हारे



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैंपियन और गैर वरीय नील्स मैकडोनाल्ड से जर्मनी में चल रहे प्लात्जमैन ओपन एटीपी 75 चैलेंजर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए। विश्व रैंकिंग में 307वें स्थान पर काबिज नागल को दस साल छोटे प्रतिद्वंद्वी ने दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। वाइल्ड कार्ड के जरिये खेल रहे 17 वर्ष के मैकडोनाल्ड ने नौ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाए और पांच बार नागल की सर्विस तोड़ी। नागल को प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के लिये 1535 यूरो और एछह रैंकिंग अंक मिले। इस बीच अमेरिका में लेक्सिंग्टन ओपन में भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश को स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी एलियोट स्पिजिरी ने 7-6, 6-4 से मात दी। कजाखस्तान में प्रेसिडेंट्स कप में करण सिंह क्वार्टर फाइनल में इटली के अलेक्जेंडर बिंदा से 4-6, 4-6 से हार गए। (अनंत ज्ञान)

**दलीप ट्रॉफी-2025** अभिमन्यु ईश्वरन को बनाया उप-कप्तान, सुदीप चटर्जी की अनदेखी

# ईशान किशन बने ईस्ट जोन की टीम के कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम की कमान भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को उपकप्तान बनाया गया है।

टीम में कई खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए आकाश दीप, और युवा प्रतिभाशाली रियान पराग शामिल हैं। इसके अलावा, बिहार के 14 वर्षीय अंडर-19 खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में जगह दी गई है।



भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन ने हाल ही में नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन-1 में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दो अर्द्धशतक बनाए, जिसके चलते उन्हें ईस्ट जोन का नेतृत्व करने का मौका मिला है। किशन की कप्तानी और विकेटकीपिंग के साथ-साथ उनकी आक्रामक बल्लेबाजी टीम के लिए अहम होगी।

अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। उनकी तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजी और अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा।

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल-2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला था, जहां नौ मैचों में छह विकेट लिए थे। उनका आखिरी प्रथम श्रेणी (फर्स्ट-क्लास) मैच नवंबर 2024 में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए था और आखिरी टेस्ट जून 2023 में खेला था। शमी की अनुभवी गेंदबाजी ईस्ट जोन के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकती है। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज आकाश दीप का हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है।

युवा ऑलराउंडर रियान पराग अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी टीम का हिस्सा हैं। इसके अलावा विराट सिंह और शरनदीप सिंह, बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी को भी टीम में शामिल किया गया है। कुमार कुशाग युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अपनी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं और ईशान किशन के साथ मिलकर विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

बिहार के 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 क्रिकेट में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में उनकी मौजूदगी भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है। (अनंत ज्ञान)

### सदीप चटर्जी का नाम नहीं होने पर सवाल

**पिछले** रणजी ट्रॉफी सीजन में बंगाल के लिए शीर्ष रन-स्कोरर रहे सुदीप चटर्जी को टीम में जगह नहीं मिली है, जो एक आश्चर्यजनक निर्णय है। उनकी लगातार अच्छी बल्लेबाजी के बावजूद चयनकर्ताओं ने उन्हें बाहर रखा।

## महाराष्ट्र के सीएम ने विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या को तीन करोड़ रुपए का दिया पुरस्कार

**एजेंसी, नागपुर**




महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया। 19 साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं।

दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है।'' उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपए का चेक सौंपा और उनके भविष्य के प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)